दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :174
प्रतापगढ़ | शनिवार , 27 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

न वीवीपैट से सभी वोटों का मिलान होगा और न हि बैलेट पेपर से चुनाव कराये जायेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने उक्त प्रकरण से जुड़ी सभी याचिकाओं को निरस्त किया

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने दो अलग-अलग फैसले लिखे हैं लेकिन दोनों में सहमति है।सुप्रीम कोर्ट ने दो दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पहला ये कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया खत्म होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाए। सिंबल लोडिंग यूनिट को 45 दिनों तक संरक्षित कर रखा जाए। दूसरा ये कि चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद दूसरे और तीसरे नंबर के उम्मीदवार के आग्रह पर इंजीनियर्स की टीम माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच करेगी।

दूसरे और तीसरे नंबर के उम्मीदवार चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सात दिनों के अंदर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच के लिए आग्रह कर सकेंगे। माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच का खर्च जांच का आग्रह करने वाले उम्मीदवार वहन करेंगे। अगर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच में ये पाया जाता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो जांच का खर्च लौटा दिया जाएगा।कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिये पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव का परीक्षण करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को हर पार्टी के सिंबल के लिए बार कोड का इस्तेमाल करने के सुझाव का भी परीक्षण करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को निर्वाचन आयोग ईवीएम की कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण मांगे थे जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

नोटा को उम्मीदवार मानने की मांग वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस



नई दिल्ली,(हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सूरत में निर्विरोध चुनाव जीतने जैसी स्थिति से बचने के लिए नोटा (नन ऑफ द एबव) को उम्मीदवार मानने की मांग करने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। इसके बाद कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है।यह याचिका शिव खेड़ा ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि नोटा को एक उम्मीदवार माना जाए और अगर जीतने वाले उम्मीदवार से नोटा को अधिक वोट मिलता है तो वहां दुबारा चुनाव कराए जाएं। सुनवाई के दौरान सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध जीत का जिक्र हुआ। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अगर नोटा को एक उम्मीदवार बनाने की व्यवस्था होती तो वहां निर्विरोध चुनाव जीतने की नौबत नहीं आती। अभी तक नोटा को मिले वोट का कोई महत्व नहीं होता।

महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले की फिर से नहीं होगी जांच

बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज

आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया।दरअसल, 18 अप्रैल को कोर्ट बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुनाने वाला था लेकिन 18 अप्रैल को ही बृजभूषण शरण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर, 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं थे। बृजभूषण ने इस तथ्य की जांच करने के लिए दिल्ली पुलिस को आदेश देने की मांग की थी। उसके बाद आज कोर्ट का ये फैसला आया है।कोर्ट ने 4 अप्रैल को आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 27 फरवरी को दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया था कि अगर हम चाहते तो आरोपितों के खिलाफ छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर सकते थे लेकिन इससे ट्रायल में देरी होती। इसका विरोध करते हुए बृजभूषण भूषण शरण सिंह के वकील ने कहा था कि अगर आरोपों में निरंतरता नहीं है तो अलग-अलग आरोपों में एक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती।

इस पर बृजभूषण शरण सिंह की ओर से इस मामले में आरोप मुक्त करने की मांग की गई थी। बृजभूषण की तरफ से कहा गया था कि अपराध की सूचना देने में काफी देरी की गई। उन्होंने कहा था कि शिकायतकर्ता के बयानों में काफी विरोधाभास है। बृजभूषण शरण सिंह की ओर से कहा गया कि विदेश में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। उन्होंने कहा था कि टोक्यो, मंगोलिया, बुल्गारिया, जकार्ता, कजाकिस्तान, तुर्की आदि में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। ऐसे में मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी से इजाजत लेना होता है।कोर्ट ने 20 जुलाई, 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दी थी। इससे पहले 15 जून, 2023 को दिल्ली पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। 7 जुलाई, 2023 को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी- नरेन्द्र मोदी

फारबिसगंज/अररिया (बिहार),(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है।प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है।

कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है।मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।

आपका वोट तय करेगा अगली सरकार, बने संविधान के सिपाही - राहुल

नई दिल्ली,(हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दूसरे चरण के लिए मतदाताओं से घर से निकलकर मतदान करने की अपील की है।शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी ने कहा, 'देश की तकदीर का फैसला करने जा रहे इस ऐतिहासिक चुनाव का आज दूसरा चरण है। आपका वोट तय करेगा कि अगली सरकार 'चंद अरबपतियों' की होगी या '140 करोड़ हिंदुस्तानियों' की।उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह आज घर से बाहर निकले और 'संविधान का सिपाही' बन कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट करे।

ईरान के साथ व्यापार करने पर बौखलाया अमेरिका

लगा दिया उ भारतीय कंपनियों पर बैन

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को ईरानी सेना की ओर से अवैध व्यापार और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) हस्तांतरण की सुविधा के लिए दुनिया भर की कुछ अन्य कंपनियों सहित तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए। पिछले कुछ हफ्तों में वाशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़े तनाव के बीच ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के लिए ईरानी यूएवी की गुप्त बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में केंद्रीय भूमिका निभाई है।अमेरिका ने %सहारा थंडर% का समर्थन करने के लिए तीन भारतीय कंपनियों - ज़ेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया है। कंपनी बिक्री में शामिल विशाल शिपिंग नेटवर्क पर

निर्भर है। ईरान के रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बल लॉजिस्टिक्स (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस और वेनेजुएला सहित कई न्यायालयों में ईरानी वस्तुओं की शिपमेंट की है। सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज ष्टाश्वरू (ढ्ढस्ह्र 9240914) के लिए भारत स्थित ज़ेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर अनुबंध में प्रवेश किया है, जिसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट स्र्ंश्व द्वारा किया जाता है। अमेरिकी विभाग के अनुसार, ईरान स्थित एशिया मरीन क्राउन एजेंसी ने कई सहारा थंडर शिपमेंट का समर्थन करते हुए, ईरान के बंदर अब्बास में बंदरगाह एजेंट के रूप में काम किया है। भारत स्थित सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और यूएई स्थित कंपनी ट्रांस गल्फ एजेंसी एलएलसी ने सहारा थंडर के समर्थन में जहाज प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए मिलकर काम किया है।

आईसीआईसीआई बैंक के 17 हजार यूजरों का क्रेडिट कार्ड डेटा लीक

नई दिल्ली (आरएनएस) । आईसीआईसीआई बैंक के कम से कम 17 हजार नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड डेटा लीक होने और गलत यूजरों तक पहुंचने के बाद बैंक ने कहा कि उसने इन कार्डों को ब्लॉक कर दिया है और ग्राहकों को नए कार्ड जारी कर रहा है।यह मुद्दा तब सामने आया जब आईसीआईसीआई बैंक के कुछ ग्राहकों ने सोशल मीडिया पर बैंक के आईमोबाइल पे ऐप द्वारा उनके पूरे नंबर और कार्ड सत्यापन मूल्य (सीवीवी) सहित क्रेडिट कार्ड विवरण लीक होने के बारे में चिंता व्यक्त की।वित्त-संबंधित फोरम टेक्नोफिनो पर, कई यूजरों ने अचानक अपने आईमोबाइल पे ऐप पर कुछ अज्ञात ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड के पूरे कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट और सीवीवी जैसे संवेदनशील डेटा मिलने की सूचना दी।

मुर्शिदाबाद रामनवमी हिंसा की भी एनआईए जांच के संकेत, हाईकोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी से मांगी रिपोर्ट

कोलकाता(हि.स.)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी के दौरान हुए पथराव और आगजनी की घटनाओं की भी एनआईए जांच हो सकती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में झड़पों के संबंध में एक रिपोर्ट सौंपने और यह बताने का शुक्रवार को निर्देश दिया कि क्या इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए।अदालत ने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने एक रिपोर्ट में 13 और 17 अप्रैल को बेलडांगा और शक्तिपुर में झड़पों के दौरान बम तथा अन्य हथियारों के कथित प्रयोग का उल्लेख किया था जिसके कारण लोगों को चोटें आयीं। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को झड़पों और दो जनहित याचिकाओं में लगाए अन्य आरोपों और बम के कथित इस्तेमाल पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।



दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न कुल 64 प्रतिशत हुआ मतदान

त्रिपुरा में सबसे ज्यादा तो उत्तर प्रदेश में सबसे कम हुई वोटिंग

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक औसतन 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। दूसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान हुआ, उनमें त्रिपुरा में सबसे अधिक मतदान हुआ, उसके बाद आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल का स्थान रहा। शाम 5 बजे तक असम में 70.66त्न, बिहार में 53.03त्न, छत्तीसगढ़ में 72.13त्न, जम्मू और कश्मीर में 67.22त्न, कर्नाटक में 63.90त्न, केरल में 63.97त्न, मध्य प्रदेश में 54.42त्न, महाराष्ट्र में 53.51त्न, मणिपुर में 76.06त्न, राजस्थान में 59.19त्न, त्रिपुरा में 77.53त्न, उत्तर प्रदेश में 52.64त्न और पश्चिम बंगाल में 71.84त्न मतदान हुआ है। बिहार में मतदान प्रतिशत में पहले चरण से वृद्धि देखी गई, यह 53.03त्न के साथ उत्तर प्रदेश से थोड़ा ऊपर था। अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे तक किशनगंज में 56.12त्न, कटिहार में 55.54त्न,

पूर्णिया में 55.14त्न, भागलपुर में 47.26त्न और बांका में 49.50त्न मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74त्न मतदान हुआ। चुनाव आयोग (ईसी) के मुताबिक, शाम 5 बजे तक अमरोहा में 61.89त्न मतदान हुआ, इसके बाद मेरठ में 55.49त्न, बागपत में 52.74त्न, गाजियाबाद में 48.21त्न, गौतम बौद्ध नगर में 51.66त्न, बुलन्दशहर में 54.34त्न, अलीगढ में 54.36त्न और मथुरा में 46.96त्न मतदान हुआ। राजस्थान में दूसरे चरण के मतदान वाली 13 सीटों पर शाम 5 बजे तक औसत मतदान 59.19 प्रतिशत था। कुछ घटनाओं के बावजूद मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें सबसे ज्यादा मतदान बाड़मेर-जैसलमेर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर में हुआ।

मध्य प्रदेश में दूसरे चरण में छह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ, जिसमें कम से कम 54.83त्न मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक, होशंगाबाद में 63.44त्न मतदान हुआ, इसके बाद टीकमगढ़ में 57.19त्न, सतना में 57.18त्न, दमोह में 53.66त्न, खजुराहो में 52.91त्न और रीवा में 45.02त्न मतदान हुआ। कर्नाटक की चौदह लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण में मतदान हो रहा है, जिसमें शाम 5 बजे तक 63.9त्न मतदान हुआ। मांड्या में सबसे अधिक 74.87त्न मतदान हुआ और सबसे कम 48.16त्न के साथ बेंगलुरु सेंट्रल में मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। दार्जिलिंग में 71.41त्न, रायगंज में 71.87त्न और बालुरघाट में 72.30त्न मतदान हुआ है। केरल में सभी 20 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया, जिसमें राज्य में 67.27 प्रतिशत से अधिक अनंतिम मतदान दर्ज किया गया। हालाँकि मतदान का आधिकारिक समय शाम 6 बजे समाप्त हो गया, लेकिन राज्य भर में मतदान केंद्रों के बाहर भारी कतारें देखी गईं और इसलिए, अंतिम मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है।

दिग्विजय की राजनीति से हो परमानेंट विदाई, आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले - अमित शाह

भोपाल,(हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि अब दिग्विजय सिंह की राजनीति से परमानेंट विदाई देने का समय आ गया है। दिग्विजय सिंह की विदाई आपको करनी है। आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले।केन्द्रीय गृह मंत्री शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान दिग्विजय सिंह के गढ़ राजगढ़ के खिलचीपुर में भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। राजगढ़ सीट से दिग्विजय सिंह कांग्रेस उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार रोडमल नागर से है। यहां पर मंच से शाह ने दिग्विजय सिंह पर कई आरोप लगाए।उन्होंने कहा कि दिग्गी राजा की सलाह से राहुल बाबा ने अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है कि कांग्रेस सरकार आएगी तो मुस्लिम पर्सलन लॉ लाएगी। सरकार तो आनी नहीं है। फिर भी क्या ट्रिपल तलाक फिर से लाना चाहिए क्या? शरिया कानून से देश चलना चाहिए क्या? कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ लाकर पिछले दरवाजे से शरिया कानून लाना चाहती है। ये दिग्गी राजा इनसे भी दो कदम आगे हैं..भगवा आतंकवाद। शर्म करो दिग्गी राजा।शाह ने कहा कि आतंकवाद को देखने के आपके चश्मे अब बेकार हो गए हैं। ये

पाकिस्तान के आतंकवादी हाफिज सईद को साहब कहते हैं। ये हाफिज आपका साहब होगा। ये तो आतंकवादी है, जिसने भारत का नुकसान किया। ये जाकिर नाईक को गले लगाते हैं। संसद पर हमला करने वाले अफजल गुरु की फांसी का विरोध करते हैं। सीएए के समर्थक पर लाठी चलाने का ये काम करते हैं। बंटाधार को बता देना कि हम मप्र को फिर से बंटाधार नहीं होने देंगे।उन्होंने कहा कि दिग्गी राजा के समय में मध्य प्रदेश नक्सलवाद से पीड़ित राज्य माना जाता था। आज भाजपा ने यहां से नक्सलवाद समाप्त कर दिया। कांग्रेस सालों से गरीबी हटाने की बात करती थी। चार-चार पीढ़ियों तक इन्होंने यही बात कही मगर कुछ नहीं हुआ। 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल में पूरे देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त कर दिया।

संदेशखाली में सीबीआई का छापा, भारी मात्रा में बंदूकें, गोली-बारूद बरामद

कोलकाता,(हि.स.)। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये।अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी।अधिकारियों के मुताबिक जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि संदेशखाली में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं। इसके बाद शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया और उस दौरान विदेश निर्मित पिस्तौल सहित हथियार बरामद हुए।कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय एजेंसी ने पांच जनवरी की घटनाओं पर तीन प्राथमिकी दर्ज की थीं। इसके बाद तृणमूल नेता शेख शाहजहां को फरवरी में पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लगभग हजार लोगों की भीड़ के हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायलों हो गए थे। इसके बाद एजेंसी के एक उप निदेशक ने बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी।



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र पुलिस ने किया तलब

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने करोड़ों रुपये के महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की चल रही जांच में पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने कहा कि तमन्ना भाटिया ने कथित तौर पर महादेव के ग्रुप ऐप में से एक, फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल देखने के लिए प्रचार किया था।एक्ट्रेस को अपना बयान दर्ज करने के लिए सोमवार, 29 अप्रैल को साइबर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

चुनावी चकल्लस

अन्दर अन्दर फुसुर फुसुर है
बाहर बाहर गर्जन है
लोकतंत्र की नटनी नाचे
अजब गजब का नर्तन है
रणभूमि में नेता सारे
तपन थपेड़े झेल रहे हैं
दूसरा चरण व्यतीत हुआ
अभी शेष चरण की धड़कन है ।

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

मैंने तो मना किया था लेकिन अब्बा नहीं माने

उमेश पाल हत्याकांड में माफिया के बेटे अली ने खोले कई राज

प्रयागराज। मैंने तो जाने से रोका था, लेकिन अब्बा और चच्चा के कहने पर असद ने हत्याकांड को अंजाम दिया था। अब्बा ने कहा था बेटे असद को जाने दो, अब एक नहीं बल्कि पांच अतीक होंगे। नैनी सेंट्रल जेल में बंद माफिया अतीक के बेटे अली ने उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की हत्याकांड को लेकर चौंकाने वाला राजफाश किया है।

अली ने पुलिस के सामने बयान दिया है कि उसने हत्या की योजना में असद को शामिल करने से मना किया था। फोन पर अब्बा और चच्चा से कहा था कि उमेश पाल को तो कोई भी मार देगा, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद असद को शूटरों को साथ भेजने को कहा। फख्र भी किया कि उसके पांच बेटे हैं और अब एक नहीं बल्कि पांच अतीक होंगे। इसके अलावा अली ने कई और राज भी खोले हैं।

धूमनगंज के जयंतीपुर मोहल्ले में 24 फरवरी की शाम उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की गोली, बम मारकर हत्या की गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पूरे प्रदेश में खलबली मच गई थी। बाद में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में असद व शूटर गुलाम भी ढेर हो गए थे। उमेश पाल हत्याकांड के मुकदमे में अतीक के बेटे जेल में बंद अली अहमद व उमर को भी साजिशकर्ता के रूप में अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड की विवेचना कर रहे एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार ने अदालत से अनुमति लेकर नैनी जेल में अली का बयान अंकित किया। इस दौरान उसने हत्याकांड को लेकर

अशरफ के कहने पर बनाई थी भतीजों ने फर्जी आईडी

कई खुलासे किए हैं। इसमें कई तथ्य विवेचना के दौरान संकलित किए गए साक्ष्य और दूसरे के बयानों से भी मेल खाते हैं।

फिलहाल, इस मामले में अली के बयान के आधार पर अब विवेचना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि अली ने अपने बयान में यह भी बताया कि चाचा अशरफ के कहने पर ही उसके नाबालिग छोटे भाइयों ने फेसटाइम पर अलग-अलग नाम से आइडी बनाई थी। अतीक के परिवार के सदस्यों से लेकर अधिवक्ता और शूटरों को आइफोन दिया गया था। घटना के वक्त नाबालिग रहे भाइयों ने आइडी तैयार की थी। असद की आईडी ठाकुर के नाम से बनाई गई थी।

उमेश पाल हत्याकांड के लिए कोल्ड पिस्टल सहित दूसरे सेमी आटोमेटिक असलहों का इंतजाम अतीक और अशरफ ने किया था। यह बात भी अली ने बताई है, लेकिन हथियार किसने लाकर दिए थे, इसके बारे में वह कुछ नहीं बता पाया है। हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक के ढहाए गए कार्यालय से कई पिस्टल, कारतूस और नकदी बरामद किया था।

वारदात को अंजाम देने से पहले शूटर गुलाम, बमबाज गुड्डू मुस्लिम और साजिशकर्ता सदाकत 13 फरवरी 2023 को नैनी जेल में अली से मिलने के लिए गए थे। पुलिस के सामने अली ने हत्या की साजिश में शामिल होने का इकबालिया बयान भी दिया है। पुलिस के पास शूटरों का जेल जाने और वहां से आने का वैज्ञानिक साक्ष्य भी मौजूद है। पुलिस का कहना है कि शूटरों ने उमेश पाल को मारने के लिए दो बार प्रयास किया था। एक बार सिविल लाइंस के धोबीघाट चौराहे के पास घेरेबंदी कर हत्या करने की कोशिश की थी। दूसरी बार कचहरी के चौरासी खंभे के पास हत्या का प्रयास किया था, लेकिन दोनों बार असफल रहने पर अली नाराज हो गया था। उसने गुलाम, गुड्डू समेत अन्य से कहा था कि इस बार उमेश को फाइनली टपका देना है।प्रापर्टी डीलर मोहित का अपहरण करने और देवरिया जेल ले जाकर पिटाई करने के मुकदमे में अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है। उसे भी उमेश पाल हत्याकांड में अभियुक्त बनाया गया है। कहा गया है कि इस मामले में अली के बाद अब उमर का बयान अंकित किया जाएगा। उससे अली द्वारा दी गई जानकारी के बारे में भी सवाल किए जाने की बात कही जा रही है।

पानी की एक-एक बूंद सहेजने के लिए नगर निगम प्रयागराज की पहल

बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए नगर निगम 100 पार्कों में लगाएगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से 10 एमएलडी पानी की होगी बचत

ग्रामीण क्षेत्रों अमृत सरोवरों में हो रहा जल संरक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण से जल संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ना स्वाभाविक है। भविष्य में प्रयागराज में आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए अभी से स्थाई जल प्रबंधन और जल संरक्षण की आवश्यकता है। नगर निगम प्रयागराज इसके लिए पहल करते हुए शहर के पार्कों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा रहा है।

प्रयागराज में भावी पीढ़ी को जल संकट से बचाने के लिए के लिए नगर निगम की तरफ से अभी से प्रयास शुरू हो गए हैं। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग बताते हैं प्रयागराज शहर में भूजल स्तर तेजी से नीचे खिसक रहा है। इसे देखते हुए शहर के 100 पार्कों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। शुरू में दस पार्कों में यह व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए इनमे वर्षा का पानी संचय किया जाएगा।

इस संरक्षित जल का प्रयोग पार्कों की सिंचाई और आसपास के घरों में उपयोग के लिए किया जाएगा। नगर निगम का है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग की इस पहल से 10 एमएलडी पानी की बचत होगी। जनसंख्या के बढ़ते दबाव को देखते हुए वैकल्पिक प्रयास की भी आवश्यकता है।

प्रयागराज शहर में सैकड़ों बहुमंजिला बिल्डिंग्स के निर्माण से भूगर्भ जल स्तर नीचे जाना स्वाभाविक है। शासन ने 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में होने वाले आवासीय, गैर आवासीय अथवा व्यावसायिक निर्माणों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया है। जिसे सख्ती से लागू करने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयास कर रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी अरविंद कुमार चौहान बताते हैं कि पीडीए द्वारा नक्शा पास करते समय ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए निर्माणकर्ताओं से पांच लाख रुपये की एफडी जमा कराई जाती है। निर्माण पूरा होने पर भूगर्भ जल विभाग द्वारा सत्यापन करके अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवरों में हो रहा है जल संरक्षण

प्रयागराज। प्रयागराज के शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी जल संरक्षण और जल संचय पर सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। जल संरक्षण और जल संचयन के उद्देश्य से अमृत सरोवरों के निर्माण में देश में सबसे उत्तर प्रदेश सरकार सबसे आगे चल रही है। प्रयागराज में भी सरकार का यह संकल्प ग्रामीण इलाकों में गिरते भूगर्भ जल स्तर को रोकने में भी सहायक बन रहा है। इसे लेकर उत्साहित करने वाले परिणाम सामने आये हैं। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार बताते हैं कि जनपद में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 400 से अधिक अमृत सरोवर बनकर तैयार हैं। जनपद के 6000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इन सरोवरों का निर्माण किया गया है। इन सरोवरों में अब पौने दो अरब लीटर वर्षा का जल संचय किया जा रहा है।अमृत सरोवरों के निर्माण पर जिले में लगभग 82 करोड़ खर्च हुए हैं। जलसंकट से प्रभावित जिले के यमुनापार के इलाकों में सबसे अधिक अमृत सरोवर बनाए गए हैं जिसमे शंकरगढ़, कोरांव, मांडा, मेजा और उरवा क्षेत्र शामिल हैं।

भीषण गर्मी और पेयजल संकट

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। फूलपुर विकास खंड के ढ़कपूरा गांव में षष्टम निर्माण शाखा उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा स्थापित ओवरहेड वॉटर टैंक से दर्जनों गांवों को पेयजल सप्लाई होता है। परंतु इस समय पुरानी पाइप लाइनें स्विच वाल्व आदि जर्जर स्थिति में है। जिससे जल निगम परिसर में ही जल भराव की स्थिति है। वही गंदा पानी पाइप लाइन में जाता है और उपभोक्ताओं के घर तक पहुंच रहा है। पिछले अधिकारियों से लेकर जे ई तक ने उक्त टंकी की दुर्दशा कर डाली है। लोगों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं करा पाये। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल का मजाक उडाया गया है। क्षेत्रीय जनता ने संबंधित अधिकारियों से जल निगम कैंपस और तमाम लीकेज का निरीक्षण करते हुए पेय जल संकट से निजात दिलाने की मांग की है।

जीत उसी की होती है जो कठिनाइयों से आगे बढ़ता है-प्राची जी

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़(प्रयागराज)। होलागढ़ के रामनगर,देवापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य आचार्या प्राची जी ने कहा कि जीवन में जीत उसी की होती है जो कठिनाइयों का सामना करता है।भगवान श्री कृष्ण कारागार में जन्म से लेकर कंस बध और सैकड़ों असुरों ही नहीं सुरो अर्थात इंद्र और ब्रम्हा जैसे देवताओं का भी सामना किया किंतु कभी हार नहीं मानी परिणामतः जीत मिली।कमोवेश ऐसे ही श्रीमद्भागवत कथा सात दिन में पूरी नहीं की जा सकती।केवल सात मिनट अथवा सात सेकेंड ही कथा के मर्म को कोई पहचान जाय तो उसका

जीवन सफल हो सकता है।इस दौरान रणछोर भगवान,पारिजात वृक्ष,जरा संघ बद्ध ,आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए मुख्य यजमान भाजपा नेता,पूर्व प्रधानाचार्य अमरनाथ द्विवेदी के शालीन व्यक्तित्व और भक्तों के व्यवहार का भी गुणगान किया।मुख्य यजमान श्रीमती आराधना द्विवेदी एवं अमरनाथ द्विवेदी सपत्नीक ने सभी भक्तो,कुलगुरू,कथा वक्ता,वादक मंडली और कार्यकर्ताओं का सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।कथा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी,राजीव कुमार,आलोक पति,संदीप द्विवेदी,कुलदीप द्विवेदी,गोपाल द्विवेदी,अमरजीत मौर्य,प्रधानाचार्य दीना नाथ शुक्ल आदि मौजूद रहे।

हज यात्रियों का टीकाकरण 29 अप्रैल को

प्रयागराज। हज यात्रा वर्ष 2024 हेतु, हज यात्रियों के टीकाकरण कराये जाने के लिए 29 अप्रैल समय 09:00 बजे से समाप्ति तक निर्धारित है। जनपद प्रयागराज में कुल हाजियों की संख्या 513 है। हज यात्रियों के लिए आरनेलाज हायर सेकेण्ड्री स्कूल, 134/बी-1 नूरउल्लाह रोड पालकी गेस्ट हाउस, प्रयागराज, मदरसा इमामिया अनवारुल उलूम 39 मिर्जा गालिब रोड, प्रयागराज और मदरसा खदीजतुल कुबरा लिलबनात हण्डिया, प्रयागराज को टीकाकरण स्थल बनाया गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि टीकाकरण स्थल पर निर्धारित तिथि व समय से पहुंचकर टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी, हज, प्रयागराज मो0 अमजद के मो0 9935140107 पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

किडनी के कार्य को सरल भाषा में समझाया

उमरे मुख्यालय में कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विषय पर स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय अरावली कॉन्फ्रेंस हॉल प्रयागराज में केंद्रीय चिकिसालय, उत्तर मध्य रेलवे और इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली के तत्वावधान में कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विषय पर एक स्वास्थ्य वार्ता का महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रविंद्र गोयल के मुख्य अतिथ्य में आयोजन किया गया।

वैज्ञानिक सत्र की शुरुआत प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. जेपी रावत द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। मेडिकल डायरेक्टर सेंट्रल हॉस्पिटल डॉ. एसके हांडू ने प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. जेपी रावत का स्वागत किया।

आईपी अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी डॉ. के के सक्सेना ने ÷जीवन शैली प्रबंधन और हृदय रोग की रोकथाम÷ विषय पर बात की। उन्होंने कोरोनरी धमनी रोगों के प्रबंधन में रक्तचाप, शर्करा और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण के महत्व पर जोर दिया।

आईपी अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार नेफ्रोलॉजी डॉ. डी.के. अग्रवाल ने ÷अपनी किडनी को जानें÷ विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने किडनी के जटिल कार्यों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने किडनी रोगों में आहार प्रतिबंध, हेमोडायलिसिस और किडनी प्रत्यारोपण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

अतिथि वक्ताओं को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। यह एक इंटरैक्टिव सत्र था, जिन्होंने हृदय और गुर्दे की बीमारियों पर अपने शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ. कल्पना मिश्रा ने किया। समापन सत्र में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यायाम और दैनिक जीवन में तनाव के प्रबंधन का संदेश दिया।

गोवंशो की मौत मामले में दो गिरफ्तार

कोरांव(प्रयागराज)। 25 अप्रैल को नथउपुर सीकरो नहर पर लदे आठ गोवंशो समेत वाहन पलटने और गोवंशों की मौत के मामले में दर्ज किए गए पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 94 / 2024 धारा 3/5 क/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 ग पशु क्रूरता अधिनियम व 429 भादवि बनाम अज्ञात में प्रकाश में आए आरोपी अखिलेश तिवारी पुत्र चंद्रमा तिवारी निवासी लखापुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली व अभियुक्त आफाक पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी सेमरिहा थाना कोराव प्रयागराज को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त आफाक के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर मय दो जिंदा कारतूस 12 बोर साथ गिरफ्तार किया गया है जिसके संम्बन्ध में थाना स्थानीय् पर मुकदमा अपराध संख्या 95 /24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

मार्ग दुर्घटना में मेडिकल छात्रा की मौत

प्रयागराज। नैनी थाना अंतर्गत चाका ब्लॉक के पास ऑटो और कार की टक्कर में एक मेडिकल छात्रा की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज एसआरएन में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतरसुया थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा निवासी बाबूराम अग्रहरि मुंबई में जनरल स्टोर चलाते हैं। उनकी पत्नी अनीता एसआरएन में स्वास्थ्य कर्मी है। उनकी बेटी सौम्या उर्फ कामेशी अग्रहरि आर के मेडिकल कॉलेज गौहनिया में सेकंड ईयर की छात्रा थी। आज सुबह सौम्या ऑटो से कॉलेज जा रही थी तभी चाका ब्लाक के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सौम्या सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से सौम्या, रजिया, सुरेंद्र, इंद्रजीत को एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। एसआरएन में सौम्या की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि रजिया, सुरेंद्र और इंद्रजीत का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सौम्या घर मे एकलौती थी। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

भाजपा के पंच परमेश्वर होगें बूथ विजय के सोल्जर

बूथ पर प्रचंड विजय अभियान को लेकर भाजपा ने बनाए पंच परमेश्वर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा के चुनाव में हर बूथो पर कमल खिलाने की मजबूत इरादों के साथ काम की तैयारी की है भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा को फतह दिलाने की जिम्मेदारी इस बार पंच परमेश्वर पर रहेगी।

जो बूथ विजय के सोल्जर की भूमिका निभाएंगे जो बस्ता लगाने से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का जिम्मा इन्हीं पांच सदस्यों की टोली पर होगा। हर बूथ पर भाजपा ने इनकी तैनाती कर दी है। उन्होंने कहा कि

भाजपा का जोर हमेशा बूथ जीतने पर रहता है। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अक्सर नारा भी लगाते हैं कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। और 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बूथ प्रबंधन के लिए 'त्रिदेव' बनाए थे।

लेकिन अब लोकसभा चुनाव में 400 पर सीटों पर जीत का इतिहास रचने के लिए लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने बूथ स्तर पर पंच परमेश्वर की तैनाती कर दी है।

इसमें बूथ सचिव, बीएलए, लाभार्थी प्रमुख सामाजिक संपर्क प्रमुख, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप प्रमुख शामिल हैं।

इन सभी का काम बूथ प्रबंधन का होगा। इसके अलावा

और कौन-क्या जिम्मेदारी निभाएगा इसको निर्धारित किया जाएगा

श्री केसरवानी ने कहा कि बूथ सचिव पर वोटिंग के दिन वोटर लिस्ट लाने और बस्ता लगाने की जिम्मेदारी होगी। बीएलए-2 बूथ सचिव के सहायक के रूप में काम करेगा। अगर मतदान केंद्र पर किसी का नाम नहीं मिल रहा है तो सूची देखकर बताएगा।

सोशल मीडिया प्रमुख का काम प्रचार-प्रसार का होगा। वह बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भाजपा की योजनाओं का प्रचार करेगा। और युवा मोर्चा की टीम के द्वारा बनाए गए मोटरसाइकिल प्रमुख वाहन से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाएगा।

इन सबकी निगरानी का काम बूथ प्रभारी के कंधों पर रहेगा।

बूथ प्रबंधन के लिए इलाहाबाद एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र के संगठन के द्वारा हर बूथ पर पंच परमेश्वर बना दिए गए हैं।

प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा

डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप,अस्पताल संचालक सहित दो हिरासत में

प्रयागराज। निजी अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव कराने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। इसके बाद निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे निजी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। यहां पर डॉक्टर ने उसके मृत होने की पुष्टि की। इसके बाद परिजनों ने निजी अस्पताल के परिसर में पहुंचकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के मोदी नगर वार्ड नं सात निवासी छोटू ने अपनी पत्नी रूबी को प्रसव पीड़ा होने पर शंकरगढ़ में स्थित शान्ती प्रतिभा अस्पताल में भर्ती कराया था। छोटू ने बताया कि यहां पर बड़े ऑपरेशन से प्रसव होने की बात बताई गई।

बदले में खून लाने के लिए बोला गया। खून लेकर आये उससे पहले ही डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर दिया।ऑपरेशन से बेटी का जन्म हुआ। परिजनों का आरोप है आपरेशन के दौरान डॉक्टर ने लापरवाही की। इसके चलते रूबी की हालत बिगड़ गई और डॉक्टर ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उसके बाद परिजन अस्पताल के परिसर में जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉक्टर प्रतिभा सिंह और डॉक्टर एस के सिंह को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मृतक के पति ने अस्पताल संचालक और डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चांटी में मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाया गया

होलागढ़(प्रयागराज)। ग्राम पंचायत सराय मदन सिंह उर्फ चांटी में शुक्रवार को मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई।इसमें ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हर्ष मणि शुक्ल, प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार, दिव्या सिंह, किरण पटेल, पूजा पटेल, रोहित, सुष्मिता, विनय शुक्ला,अजय पटेल, कमल नारायण तिवारी, मुनील, सनत कुमार, आगनवाड़ी कार्यकत्री और बी एल ओ,अतुल तिवारी,पिंटू मिश्र आदि मौजूद रहे।

मेरी जीत इण्डिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं की जीत- अमरनाथ मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। लोकसभा फूलपुर से इण्डिया गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज रहिमापुर मे आयोजित कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरी जीत इण्डिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं की जीत होगी।कार्यकर्ताओं के भारी संख्या मे जमावड़े से उत्साहित सपा प्रत्याशी श्री मौर्य ने कहा कि आज देश का किसान, नौजवान, कारोबारी परेशान है, एनडीए सरकार से ऊबी जनता इण्डिया गठबंधन को विकल्प के रूप मे स्वीकार कर चुकी है। हर कार्यकर्त्ता से घर घर, जाकर जन जन तक समर्थन जुटाने की अपील भी किया।सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि दूसरे चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि आने वाले समय मे इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों की भारी संख्या मे जीत होने जा रही है। भाजपा के नेता हताश और निराश हैं। विधायक श्रीमती विजमा यादव, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव आदि ने सपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मोदी योगी सरकार मे रसोई चलाना मुश्किल हो गया है।

इस सरकार को उखाड़ फेंकने मे ही देश की भलाई है। पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी ने भाजपा पर धार्मिक भावना भड़काने, आपसी भाईचारा बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा विकास के नाम पर नहीं बल्कि धर्म के नाम पर अलगाववादी बयान देकर वोट मांगती है।

फूलपुर विधानसभा क्षेत्र का चुनावी कार्यालय भी आज सहसों बाईपास के बगल मे स्थित एक भवन मे खोला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य, विधायक गण विजमा यादव, डॉ मानसिंह यादव, मुजतबा सिद्दीकी, सुरेश यादव, राजू पासी, कमला यादव, सुमन शर्मा, राम प्रताप यादव, राकेश पटेल, राम सुमेर पाल, राम अवध पाल, डॉ राजेश यादव, प्रतिमा रावत, मंसूर आलम, रविन्द्र यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।

नफरत की राजनीति करती हैं भाजपा- उज्जवल रमण सिंह

फूलपुर विधानसभा क्षेत्र मे चुनाव कार्यालय के उद्घाटन एवं कार्यकर्त्ता सम्मेलन मे भारी संख्या मे आये कार्यकर्ता

प्रयागराज। यह लोकसभा चुनाव यह तय करेगा कि जनता नफरत की राजनीति करने वालों के साथ हैं या मोहब्बत का पैगाम देने वाले के साथ उक्त बातें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने मेजा के बंधवा, बिरतिया, बरसैता, भसुन्दर, सिंहपुर, कोना, भटौती, मदरहा, गड़ेवरा, ममोली, मुड़पेला, बेरी, कोहड़ार आदि गावों का चुनावी दौरा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के मोहब्बत का पैगाम और अखिलेश यादव के पीडीए से भाजपा घबरा गई हैं। जिसकी झलक प्रधानमंत्री के भाषण में दिखने लगा है। यह उनकी हताशा की निशानी है।

सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताऐ नहीं तो समाजिक समरसता छिन्नभिन्न हो देश तानाशाही में जकड़ जायेगा।

इस दौरान साथ में जयशंकर भारतीय, ई.जगदीश यादव, विजय राज यादव, रामदेव निडर, पंचूराम निषाद, देशराज सिंह, राजेश यादव, नीरज यादव, योगेंद्र सिंह, पप्पू यादव, हार्षित पाण्डेय,रेहान अहमद, राजूसिंह, सिरवाई आदिवासी आदि रहे।

धन्वन्तरि सेवा न्यास के राष्ट्रीय संयोजक सड़क दुर्घटना में घायल

प्रयागराज। धन्वन्तरि सेवा न्यास के राष्ट्रीय संयोजक सन्तोष पटेल संगठनात्मक कार्य हेतु लखनऊ के अर्जुनगंज क्षेत्र जाते हुए कैन्ट क्षेत्र में उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने आलमबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती

कराया, जहां डाक्टरों ने शरीर के कई जगहों पर मामूली चोट बताई और प्राथमिक उपचार कर भेज दिया। प्रकरण के संज्ञान में आने पर उनके कई शुभचिंतकों ने स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अब संतोष पटेल के स्वास्थ्य में काफी सुधार है।

मेजा परानीपुर से लक्षागृह तक गंगा सेतु पक्का पुल का निर्माण कराएंगे- नीरज त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भाजपा इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने मेजा एवं कोरांव विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क एवं जन संवाद कार्यकर्ताओं एवं मतदाता से सीधे किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेजा वासियों को परानीपुर से लक्षागृह तक गंगा सेतु पर पक्का पुल का निर्माण कराएंगे। जमुना पार के सभी जनता को इस पुल से लाभ मिलेगा।

प्रत्याशी ने कोराव क्षेत्र के साजी वेलवनिया, दोहथा, कट्टर ऊंचडीह, दसवार, बनवारी, हाटा, धनावल, मझिगंवा , नेवढ़िया42, गजाधरपुर, रामगढ़, बरहुला आदित्य क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

इस अवसर पर यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, राजेश केसरवानी, शिवदत्त पटेल, मनोज जायसवाल, पुष्पराज सिंह, विभवनाथ भारती, दिलीप चतुर्वेदी, आनंद वैश्य सुदर्शन एवं मेजा एवं कोरांव क्षेत्र के कार्यकर्ता रहे।

पंचायत से पार्लियामेंट तक राम के अस्तित्व को नकारने वालो को देश की जनता देगी जवाब- विनोद सोनकर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा कौशांबी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा चायल के चक ताजपुर हर्रायपुर चौराहा ,देवरा चौराहा, गांव काजू ,अरई सलेमपुर,पट्टी परवेजा व दरवेशपुर में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने नुक्कड़ सभा में बोलते हुए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को कहा कि यह घमंडी या गठबंधन कुर्सी के लिए छटपटा रहे कांग्रेस पार्टी धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बनाने में जुटी देश विरोधी ताकतों को रोकने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार पुनः लानी है तभी देश सुरक्षित हाथों में रह पाएगा अब विपक्ष की राजनीतिक दुकान जनता ने अपने मतों के द्वारा बंद कर दी है और विपक्ष इसी से तिलमिला रहा है पंचायत से पार्लियामेंट तक राम के अस्तित्व को नकारने वालों को देश की जनता ने जवाब देना शुरू कर दिया अब समय आ गया है भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने बूथों में कमल खिलाने का काम करेगा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कौशांबी प्रत्येक बूथ में भूत के हर वर्गो से संपर्क करके भारी मतों में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है और आगामी 20 में को कौशांबी की जनता पूरा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा देवी पूर्व प्रचारक राजन जी ,जिला महामंत्री दीपचंद दिवाकर, पुष्पेंद्र जी, शिव पूजन, मानसिंह ,शिव मूरत पासी ,सुभाष पटेल, अवधेश कुशवाहा, अभिषेक कुमार मानसिंह कुशवाहा ,कमलेश साहू, मनीष प्रताप सिंह, धर्मेंद्र पासी, धर्मवीर गौतम ,कैलाश निषाद ,हर्ष केसरवानी, भय्यन पासी ,विनोद कुमार यादव, धर्मेंद्र पासी, निरंजन लाल, उमेश कुमार, पन्नालाल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

म्योहर बाजार में खुले में होती है माँस की बिक्री

बेनीराम कटरा, कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के म्योहर बाजार मे बिना ढके व खुले रूप मे माँस की बिक्री बेखौफ ढँग से की जा रही है। बताया जाता है कि जनपद के सम्बधित विभाग की लचर व्यवस्था एवं उदासीनता के चलते जनपद के अधिकाधिक माँसाहार की बाजारों मे बिना ढके खुले रूप से मछली व मुर्गा के माँसो की बिक्री बेखौफढँग से किया करते हैं। जिससे आने जाने वाली सडको पर महिलाओं व छात्राओं को मुंह व नाक ढक कर गुजरने पर बिवशता बनी रहती सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि कहीं कहीं माँस बाजार के आस पास कालेज व स्कूल होने के बावजूद जिम्मेदार लोगों का ध्यान इस ओर नही जा रहा है। प्रमुख रूप से म्योहर अवाने बारा बिजिया तथा आदि बाजारों मे विना ढके व खुले रूप मे माँसो की विकरी का धँधा फल फूल रहा है।

कोखराज थाना के सामने कंप्यूटर सेंटर में सेंध मारकर इनवर्टर, बैट्रा नगदी किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है, चोरों ने पुलिस थाना के पास के कंप्यूटर सेंटर में सेंध मारकर इनवर्टर, बैट्रा और नगदी पार कर दिया,सुबह दुकानदार ने दुकान खोला तो उसके होश उड़ गए,घटना की सूचना पुलिस को दी गई,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

कोखराज थाना के सामने भरवारी रोड पर प्रवीण कुमार यादव ने कंप्यूटर सेंटर और शादी कार्ड प्रिंटिंग की दुकान खोल रखी है,बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे सेंध मारकर इनवर्टर,बैट्री और 3000 नगद पार कर दिया,सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुआ,चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कुछ दिन पहले थाने के सामने नाश्ते की दुकान गोमती में आग लगा दी गई थी जिससे दुकान जल कर खाक हो गयी थी इस मामले का भी खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की ली सलामी, किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गई, लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वीआईपी की सुरक्षा के दृष्टिकोण से रिंग राउंड टीम का गठन किया गया तथा टीम का विशेष प्रशिक्षण लिया गया। परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बारिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पोषण रक्षक का दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सरसवां ब्लॉक के गांवो में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड कौशाम्बी जागृति परियोजना द्वारा पोषण रक्षक का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ममता संस्थान जागृति परियोजना द्वारा पोषण वाटिका शुरू करने का मुख्य उद्देश्य समुदाय के सदस्यों को अपने घर के हिस्से में स्थानीय खाद्य फसलों को उगाने के लिये प्रोत्साहित करना। साथ ही, उन्हें ताजे फल तथा सब्जियों की एक सस्ती, नियमित और आसान आपूर्ति की सुरक्षा प्रदान करना है।पोषण वाटिका , जो आंगन में ऐसी खुली जगह पर होती है जहां पारिवारिक श्रम से परिवार के इस्तेमाल के लिए विभिन्न मौसमों में मौसमी फल तथा विभिन्न सब्जियां उगाई जाती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होती हैं ममता संस्था से रिजनल मैनेजर आदित्य भारद्वाज व प्रणव जी द्वारा समुदाय के लोगो को जैविक खाद व पोषण वाटिका के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया एंव पोषण वाटिका को लगाने हेतु प्रोतसहित किया गया।

बिदनपुर आमद करारी में स्थित तालाबों में भराया गया पानी

कौशाम्बी। खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भावेश शुक्ला ने अवगत कराया है कि गर्मी के दृष्टिगत विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-राघवपुर, राला, नगियामई, कुण्ड्रावी, गोविन्दपुर गोरियों, रूपनारायणपुर गोरियां, जलालपुर टेंगाई, रामपुर सुहेला, जमालमऊ एवं बिदनपुर आमद करारी में स्थित तालाबों में पानी भराया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा स्वाति मिश्रा ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25, दिनांक 05 नवम्बर 2023 को प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया गया था। इस परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया है, जिसमें कौशांबी जनपद से 105 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। चायल विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा स्वाति मिश्रा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका जय देवी मिश्रा,शिखा सेठ,प्रियंका सिंह,सपना तिवारी सहित समस्त स्टाफ मे अत्यंत प्रसन्नता है ।.राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 12 वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रूपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

दबंग ने साथियों संग गाली-गलौच का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के बरगदी मजरा मौली गांव में गुरुवार की शाम दरवाजे पर गाली-गलौच का विरोध करने पर दबंग ने साथियों संग पिता-पुत्र को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

मौली के बरगदी गांव निवासी तोतेलाल पुत्र झल्लर प्रसाद मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसके अनुसार गुरुवार की शाम वह परिवार के साथ घर के बाहर बैठा था।इसी दौरान पड़ोसी अपने पुत्र और साथियों के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचा और उसके पुत्र हीरालाल के साथ अनायास गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर दबंग ने साथियों के साथ मिलकर उसकी डंडे से पिटाई करने लगे।

बीच बचाव करने पहुंचे पिता तोतेलाल को भी पीट दिया।पिटाई से उन दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल पिता-पुत्र ने थाने जाकर चार लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

नगर पंचायत चायल में बूंद बूंद पानी को तरस रहे कस्बेवासी

लोकमित्र ब्यूरो

पुरखास, कौशाम्बी। जनपद कौशाम्बी के नगर पंचायत चायल में इन दिनों सप्ताह भर पहले से मोटर खराब होने से आज तक नगर पंचायत के चायल में पानी सप्लाई न के बराबर हो रही है वही संबंधित अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक कस्बावासियों की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे है जो उमस भरी गर्मी में राजस्थान जैसे राज्य में जीने जैसा प्रतीत होता दिख रहा है बूंद बूंद नल से पानी कम चलाऊ सप्लाई टाइम कू टाइम सप्लाई दी जा रही जिससे कस्बावासियों में भारी अक्रोस दिख रहा है वहीं सभी जिम्मेदार हाथ में हांथ रख कर बैठे हुए है कस्बावासियों कहना है पीने के लिए पानी मिल रहा है लेकिन कब यह समस्या का समाधान होगा भगवान जाने।

दलित किशोरी के साथ छेड़छाड़, उलाहना देने गई मां पर रॉड से किया हमला

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कोतवाली क्षेत्र के शुक्लनपुरवा गांव में एक युवक ने दलित किशोरी के साथ छेड़छाड़ किया। उलाहना देने गई किशोरी की मां के सिर पर रॉड से हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया। आरोपी युवक मनोरोगी बताया जा रहा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शुक्लनपुरवा गांव की एक महिला रविवार को मड़ाई के बाद गेंहू ढो रही थी। खेत में गेंहू की रखवाली उसकी 13 साल की बेटी कर रही थी। खेत के बगल में अंबरीश का महुआ का पेड़ है। वह भी वहां मौजूद था। आरोप है कि अंबरीश ने किशोरी से समोसा जलेबी खाने को पूंछा। इस पर किशोरी ने उसे डांट कर भगा दिया। इसके बाद रात 11 बजे किशोरी घर के बाहर सो रही थी। आरोप है कि अंबरीश किशोरी को जगाने लगा। किशोरी ने शोरगुल किया तो वह भाग निकला। इस पर किशोरी की मां उलाहना देने उसके घर गई। दूसरे दिन सोमवार को अंबरीश ने किशोरी के मां के सिर पर रॉड से हमला कर दिया।

इससे उसका सिर फट गया। शुक्रवार को पुलिस ने अंबरीश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। ग्रामीणो ने बताया कि अंबरीश की मानसिक हालत कई साल से ठीक नहीं चल रही। वह कई लोगों पर हमला कर चुका है। अंबरीश की पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई।

क्षेत्राधिकारी चायल ने गाड़ी में लगी काली फिल्म व हूटर को हटवाया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 नामांकन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा निरंतर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों क सघन चेकिंग की जा रही है। क्षेत्राधिकारी चायल मनोज रघुवंशी के द्वारा नामांकन स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर चेकिंग के समय एक वाहन (स्कॉर्पियो) में अवैध तरीके से काली फिल्म एवं हूटर लगा हुआ पाए जाने पर यातायात नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए 10000 रुपये का चालान किया गया तथा मौके पर वाहन से काली फिल्म एवं हूटर को निकलवाया गया।

भीषण गर्मी के चलते बीएसए ने परिषदीय विद्यालय के समय में किया परिवर्तन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भीषण गर्मी का असर तेजी से बढ़ा है। दोपहर की तल्ख धूप के कारण सड़कों पर निकलना मुश्किल है। ऐसे में नौनिहालों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर शासन की ओर से परिषदीय स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। परिषदीय विद्यालयों के समय में शुक्रवार की देर शाम परिवर्तन किया गया। इसमें विद्यालयों की छुट्टी अब दोपहर 1 बजे होगी। कुल मिलाकर समय को महज आधे घंटे ही कम किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह बदलाव सोमवार से लागू होंगे। बदले गये समय के अनुसार अब विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए पहले दिन लिए गए 14 पर्चे

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। इनमें मनोज कुमार द्वारा शैलेंद्र कुमार के नाम से पर्चा लिया गया। साथ ही निर्दलीय बांकेलाल, मुन्नालाल, मानवतावादी समाज पार्टी से राम आसरे, अशर्फीलाल विनोद सोनकर के नाम से पर्चा लिए, निर्दल आदिल कुमार, भारतीय सत्य चेतना पार्टी के रामेश्वर प्रसाद, प्रदीप कुमार द्वारा पुष्पेन्द्र सरोज के नाम से पर्चा लिया गया। परवेज अख्तर द्वारा इंद्रजीत सरोज के नाम से पर्चा लिया गया। बहुजन मुक्ति पार्टी से प्रमोद कुमार, काशीराम समता मूलक समिति से श्याम जी, निर्दल राधेश्याम, मनोज कुमार द्वारा मितेश चंद सोनकर के नाम से पर्चा लिया गया। वीरेंद्र कुमार भारतीय किसान सेवा लोकतांत्रिक पार्टी से पर्चा लिया गया।

सकिपा उतारेगी लोकसभा प्रत्याशी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी कौशांबी लोकसभा सीट से जल्द ही अपने उम्मीदवार का ऐलान करेगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी कौशांबी सीट से मजबूत उम्मीदवार उतारेगी और जीत हासिल करेगी। अजय सोनी ने समूचे लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि जनहित और किसानहित में आवाज बुलंद करने के लिए समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार को चुनें ताकि कौशांबी लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो सके और लोगों की समस्यायों का समाधान हो। अजय सोनी ने कौशांबी लोकसभा क्षेत्र की जनता पर भरोसा जताते हुए कहा कि कि यहां के मतदाता जागरूक है और बदलाव लाना चाहते हैं। आगे कहा कि मुझे आशा है कि समर्थ किसान पार्टी के पक्ष में मतदान कर यहां के पूज्य मतदाता परिवर्तन लायेंगे।

सड़क दुर्घटना में एक की गई जान तीन घायल, परिवार में मचा कोहराम

दानपुर गांव के पास दो बाईकों में हुई जोरदार भिड़ंत

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावा व दानपुर गांव के बीच स्थित एक क्लीनिक के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हुई है जबकि हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए है जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जहां उनकी भी हालत चिंताजनक बनी हुई है उधर युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर पश्चिम शरीरा क्षेत्र के जाफरपुर महावा गांव निवासी दीपक रैदास अपने दो पारिवारिक भाइयों राकेश कुमार व अजय कुमार के साथ अपनी बाइक से करारी की तरफकिसी काम से जा रहा था जैसे ही दानपुर गांव के पहले स्थित एक क्लीनिक के पास पहुंचा था कि तभी सामने से दानपुर गांव निवासी वहाज पुत्र जुम्मन जो कि वह भी अपनी बाइक से आ रहा था की तभी दोनों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें जाफरपुर महावा गांव निवासी दीपक रैदास पुत्र बड़कू उम्र 18 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक में पीछे बैठे राकेश व अजय गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरा बाइक सवार वहाज निवासी दानपुर भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा सड़क में गिरने से उसका सर फट गया हादसे को देख पास में मौजूद ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए एंबुलेंस के माध्यम से घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां तीनो युवकों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है वहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देने वाले युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है सूचना पर पहुंची स्थानी पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही मृतक युवक के परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है

सपा प्रत्याशी ने क्षेत्र का भ्रमण कर मांगा समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। कौशाम्बी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने शुक्रवार को चायल विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर टप्पा, दरियाव का पूरा, बिरनेर, खानपुर, सराय युसूफ, बंथरी, पनारा, गुहौली, टिकरा, धनाजी का समर्थको संग भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए अपार जनसमर्थन दिया। भ्रमण के दौरान पुष्पेंद्र सरोज ने सपा की नीतियों को बताते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए लोकसभा चुनाव में समर्थन की अपील किया। इस मौके पर उनके साथ सपा विधानसभा अध्यक्ष चायल सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

प्रथमेश मिश्र प्रतापगढ़ से बसपा प्रत्याशी घोषित

पिता शिव प्रकाश बोले, मैं भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता, प्रथमेश स्वतंत्र

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के पुत्र प्रथमेश मिश्र को बहुजन समाज पार्टी ने प्रतापगढ़ से लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनन्द ने कौशाम्बी में की। इस घोषणा पर पिता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि वह और उनकी पत्नी श्रीमती सिन्धुजा मिश्रा सेनानी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। भाजपा को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे।

बता दें कि भाजपा और इंडी गठबंधन का प्रत्याशी घोषित हो जाने के बाद यह कयास लगने शुरू हो गए थे कि इस सीट से बसपा कोई ब्राह्मण चेहरा उतारकर चुनाव को रोचक बनाने की कोशिश में हैं। कई ब्राह्मण चेहरे लाइन में लगे भी थे, कुछ ने तो खुद को घोषित प्रत्याशी बता प्रचार भी शुरू कर दिया था। मगर शुक्रवार को बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनन्द ने नया नाम घोषित कर सबको चौंका दिया। प्रथमेश के माता पिता भी इस घोषणा से चौंक गए। हालांकि यहां यह बताना जरूरी है कि प्रथमेश मिश्र के पिता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी और माता श्रीमती सिन्धुजा मिश्रा सेनानी लंबे समय तक बसपा में रहे हैं और कई बार विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। मगर बाद में यह लोग भाजपा में शामिल हो गए। इस समय शिव प्रकाश मिश्र सेनानी भाजपा के चायल विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी हैं और भाजपा का झण्डा बुलंद किये हैं जबकि सिन्धुजा मिश्रा कुंडा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रचार अभियान चला रही हैं।

प्रथमेश के नाम की घोषणा होने पर जब उनके पिता और भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी से बात की गई तो उन्होंने कहा प्रथमेश बालिग हैं और अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने इस बारे में न तो उनसे कोई राय ली और न ही कभी यह बताया कि वह बसपा से टिकट मांग रहे हैं। उनको इसकी जानकारी आज घोषणा होने के बाद हुई। वह और उनकी पत्नी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और दोनों लोग भाजपा के लिए ही प्रचार करेंगे। बहरहाल बसपा की इस घोषणा ने चुनाव को रोचक बना दिया है।

प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आज शामिल होंगे प्रमोद व मोना

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को प्रतापगढ़ संसदीय चुनाव के तीन दिवसीय दौरे के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह दिन में दो बजे नगर के तुलसी सदन (हॉदी हाल) में इण्डिया गठबंधन की ओर से आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना भी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगी। विधायक मोना इसके बाद सायं साढ़े चार बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

अलग अलग थाना क्षेत्रों से चार गिरफतार, भेजे गए जेल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। क्षेत्र के तीन थाना क्षेत्रों से चार अभियुक्त गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजे गए हैं। मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा निवासी वांछित अभियुक्त राजू तिवारी पुत्र शिवप्रसाद तिवारी धारा 307, 325, 323, 504, 506 आईपीसी का वांछित अपराधी है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस में गिरफ्तार किया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के किशुन दासपुर निवासी प्रेम यादव पुत्र रामदुलारे यादव को धारा 323, 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मानिकपुर थाना क्षेत्र सहिजनी गांव निवासी धुन्नीलाल पटेल पुत्र बाबूलाल पटेल पत्नी उर्मिला देवी तथा बेटा सुनील कुमार पटेल नवाबगंज पुलिस के वांछित अभियुक्त हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पति पत्नी व बेटा को धारा 498 ए आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के साड़ा हर्ष पुर निवासी सुभाष पाल वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार करके धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत किया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद शुक्रवार को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

देवाधिदेव महादेव व बजरंगबली मंदिर स्थापना को लेकर हुआ महोत्सव, भजन व संकीर्तन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के सांगीपुर वार्ड मे शुक्रवार को मां चर्तुभुजी देवी मंदिर परिसर में देवाधिदेव महादेव के मंदिर का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भूमिपूजन हुआ। वहीं रेहुआ लालगंज पूरे जियन तिवारी में भी शुक्रवार को श्री बालाजी मंदिर स्थापना को लेकर भूमिपूजन में श्रद्धालुओं का जमघट दिखा। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने वार्ड के लोगों के साथ भगवान शंकर के मंदिर स्थापना का भूमिपूजन किया। संस्कृत विद्वान क्षितेन्द्र कुमार पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भूमिपूजन को लेकर भजन संकीर्तन में भी शिव आराधना में श्रद्धालु रमे दिखे। चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि लोक मंगल की कामना से भगवान शंकर के मंदिर की स्थापना से सुख व समृद्धि का वातावरण मजबूत हो सकेगा। इस मौके पर पं. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, शिवकुमार द्विवेदी, दिलीप पाण्डेय, विकास पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, राकेश तिवारी गुड्डू, दिनेश सिंह आदि रहे। वहीं रेहुआ लालगंज के पूरे जियन तिवारी में श्री मेंहदीपुर बाला जी धाम मंदिर का भी भूमिपूजन विधिविधान से हुआ। मां चण्डिका धाम के आचार्य पं. बलभद्र शुक्ला ने मंत्रोच्चारण कर हनुमान जी महराज के महत्म्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक संदीप त्रिपाठी व प्रिया त्रिपाठी ने भूमिपूजन किया। सह संयोजक अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी ने महाप्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, आशीष तिवारी आदि रहे।

सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ राजा भैया के एफसीआई गोदाम का उद्घाटन

151 ब्राह्मणों सहित हजारों लोगों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। कौशांबी जनपद के मंझनपुर क्षेत्र में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा के विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया द्वारा निर्मित कराई गई एफसीआई गोदाम का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ ।

इस अवसर पर रामचरितमानस के सुंदरकांड का संगीत मय पाठ व महा भंडारा का आयोजन हुआ ।

जिसमें 151 ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। राजा भैया के मौजूदगी में राजा भैया के दोनों सुपुत्र बड़े राजा,छोटे राजा,ने ब्राह्मणों को तिलक लगाकर दक्षिणा व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।

क्षेत्र के 151 ब्राह्मणों के साथ ही हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कथावाचक संत श्री अतुल जी महाराज, एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी , पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार, डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली ,प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू,प्रमुख बिहार रामचंद्र सरोज, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष विहार प्रदीप शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पांडेय, एडवोकेट वैभव पांडेय, एडवोकेट पुष्पेश पांडेय,जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख बिहार अनुभव यादव, संजय सिंह बछरौली, कुंडा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, नगर पंचायत डेरवा अध्यक्ष कुंवर बहादुर पटेल, आजाद सिंह परसीपुर पुर, सुमित तिवारी फूलमती मती,राजा पांडेय करेटी, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद ,सक्रिय सदस्य डीह बलई सूरज दुबे, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

सत्ता खोने के भय से परेशान पीएम मोदी रोज बोल रहे हैं राष्ट्रीय झूठ- प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने घोटालों तथा किसानों व युवाओं के साथ छलावे को लेकर बीजेपी की जमकर की घेराबंदी

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को सत्ता खोने का भय इस कदर सताने लगा है कि वह अब झूठ पर झूठ बोलने का रोज अनैतिक व अराजनैतिक आचरण पर उतर आयी है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान और दूसरे चरण के मतदान के रूझान को देखकर बीजेपी की बेचैनी इसलिए बढ़ रही है कि उसे यह लगने लगा है कि देश की जनता उसके चुनावी चंदे जैसे करोडो के बड़े घोटाले और पूंजीपतियों के सोलह लाख करोड़ के कर्जमाफी की नाराजगी के चलते उसे सत्ता से बेदखल करने का मन बना चुकी है। शुक्रवार को प्रतापगढ़ लोक सभा क्षेत्र में तीन दिवसीय अपने चुनाव प्रचार अभियान के पहले दिन रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भाजपा तथा पीएम मोदी पर राष्ट्रीय झूठ बोलने को लेकर जमकर हमलावर नजर आये। सांगीपुर क्षेत्र के पेडरिया तथा भंवरी में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभाओं मे कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक व सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में स्थानीय मुददो पर भी भाजपा की घेराबंदी की। उन्होने कहा कि भाजपा ने फिर जिले में विकास तथा लोगों के सम्मान से खिलवाड करने वाले निवर्तमान सांसद को चुनावी मैदान में लाकर प्रतापगढ़ के लोगों की भावना

का अनादर किया है। उन्होनें कहा कि भाजपा के मौजूदा सांसद का पूरा कार्यकाल रामपुर खास में विकास को रोकने के साथ यहां के शांतिपूर्ण माहौल पर भी कडवाहट के प्रदर्शन में निराशाजनक दिखा। उन्होनें कहा कि बीजेपी सांसद ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कई बड़े विकास कार्यो में सिर्फ रोड़ा बनने का असफल प्रयास ही यहां जारी रखा। उन्होनें कहा कि रामपुर खास अब भाजपा की विकास विरोधी सोच को सबक सिखाने के लिए मजबूती से सिर उठाकर खड़ा है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की बेरूखी तथा अडियलपन के चलते किसान आज आमदनी तो दूर रोजमर्रा के गुजर बसर के लिए भी पाई पाई के लिए तरस रहा है। उन्होनें कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के चलते आकस्मिक आगजनी में खेतो में खड़ी फसल आग की राख में तब्दील हो रही हैं। सरकार को दुख की इस घडी में किसानो की मदद की सुध तक नही है। उन्होने कहा कि भाजपा और उसके पीएम व सीएम जनता के दुख दर्द से बेपरवाह होकर सत्ता हासिल करने के लिए सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र से घबराकर झूठ का माहौल बनाने में व्यर्थ का पसीना बहा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के आम चुनाव में मंहगाई तथा बेरोजगारी और राष्ट्रीय हितों से जुडे मुददो पर जरा सा भी चर्चा करने का नैतिक साहस नही दिखला पा रहे है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मे कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर डर समा गया है। उन्होने कहा कि यदि पीएम को अपनी झूठी गारण्टी पर स्वयं अब भरोसा नही रह गया है तो उन्हें संविधान को कमजोर करने के अलोकतांत्रिक हथकण्डे से नैतिकता के आधार पर परहेज शुरू करना चाहिए। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस और उसके मजबूत इण्डिया गठबंधन के चुनावी संकल्प से इस कदर परेशान है कि सच्चाई से मुंह फेरने के लिए ही वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आमने सामने बातचीत के लिए उनके पत्र पर भी मौन साधे हुए हैं। उन्होनें जनसभाओं में भारी तादात में जुटे लोगों से कहा कि वह चुनाव में भाजपा के किसानो तथा नौजवानों के साथ हर वर्ग से झूठ और उसे परेशान करने के लिए सबक सिखाने के लिए जनता को इस सरकार की नाकामियों की सच्चाई रोज बताएं। जनसभाओं में राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का गर्मजोशी से स्वागत भी हुआ दिखा। पेडरिया में हुई जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने किया। संचालन लाल सुनील प्रताप सिंह व रामकृपाल पासी ने संयुक्त रूप से किया। सभा को यशवंत यादव, विनोद शुक्ल, शिव कुमार साहू, त्रियुगी नारायण शुक्ल, पूर्व प्रधान हरीलाल, हरिप्रकाश यादव, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने भी संबोधित कर पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी लालगंज के अझारा में प्रवीण कुमार मिश्र तथा हरनाहर में अश्विनी उपाध्याय के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के धार्मिक आयोजन में भी शामिल हुए। ननौती तथा सांगीपुर बाजार में भी विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का क्षेत्रीय लोगों द्वारा स्वागत हुआ दिखा। इस मौके पर प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, छोटेलाल सरोज आदि रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शिक्षकों,कर्मचारियों,विद्यार्थियों,अभिभावकों के बीच परिचर्चा वाद एवम् अन्य गतिविधियां तथा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के

निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आज़ाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्यो के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सम्मान से नवाजे गये मेधावी, खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला स्थित शोभा शिवदर्शन इण्टर कालेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य तेज प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट मेधावियों को माल्यार्पण व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। छात्रा प्रियांशु केसरवानी, कृष्णा केसरवानी, शिवा केसरवानी, श्वेता सरोज, सुहानी मौर्या, अंशिका सिंह एवं सचिन कोरी, प्रवीण सरोज, शिवराज सरोज, बृजेन्द्र सरोज, रणविजय सिंह को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस मौके पर कुलदीप, रामस्वरूप वर्मा, गया प्रसाद श्रीवास्तव, मनीष सिंह, प्रदीप शुक्ल, भूपेन्द्र सिंह आदि रहे।

मानिकपुर में लग रहा भीषण जाम, राहगीर परेशान

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। एनएच-24 बी राष्ट्रीय राजमार्ग का रायबरेली से प्रयागराज तक फोरलेन चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। रायबरेली से प्रयागराज तक बड़ी बाजारों व कस्बों में बाईपास रोड़ बनाई जा रही है। जबकि मानिकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बाईपास रोड़ न बनाकर पुरानी सड़क को ही चौड़ीकरण किया जा रहा है। नगर के मिरगड़वा चौराहा से अलीगंज चौराहा होते हुए सभागंज चौराहा तक जल निकासी के लिए नाला की खुदाई कर मिट्टी सड़क की तरफ फैला दी गई है। जिससे दुकानदारों को अपनी दुकान से सड़क पर आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मिट्टी के बगल पटरी दुकानदारों ने पूरा कब्जा कर रखा है। उसके बाद जो जगह

बचती है उसको ई-रिक्शा वालों ने अपना रिक्शा खड़ा कर सड़क की जगह पर कब्जा कर लिया है। जिसके कारण कारण सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा आए दिन जाम लगा रहता है। स्थानीय नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने अपनी अपनी आंखें बंद कर रखी है। सांयकाल जाम की समस्या और बढ़ जाती है। अक्सर लोग जाम के झाम में जूझते रहते हैं। फिर भी स्थानीय प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

इस संबंध में थाना मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक जयचंद भारती ने वार्ता के क्रम में बताया कि नगर में सड़क के दोनों किनारे कार्य चल रहा है। जिसके कारण जाम की समस्या पैदा हो रही है। हालांकि पुलिस सक्रियता से जाम की समस्या को निपटने में लगी रहती है। जिससे कि आवागमन में लोगों को कम से कम दिक्कतों का सामना करना पड़े। एनएच 24 बी के अवर अभियंता आयुष्मान श्रीवास्तव से जानकारी पर कहां की मीटिंग में हू।

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पीडित पर प्राणघातक हमले को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी स्व0 रामलखन के पुत्र कृष्ण कुमार सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अप्रैल को सुबह साढे दस बजे रंजिश को लेकर गांव के रामदास के पुत्र संजय पाल तथा अवधेश व इनकी मां तथा पत्नी ने लाठी डण्डे से पीडित की मां पर हमला कर दिया। बीचबचाव को पीडित का पुत्र अभय आया तो उसे आरोपी गाली देते हुए मारने लगे। लाठी डण्डे से आरोपियो के हमले में संजय को गंभीर चोटें आ गयी और वह बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

डा. अलका की पुण्यतिथि पर होंगे विविध कार्यक्रम

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर तथा चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अलका तिवारी की बारहवीं पुण्यतिथि आज शनिवार को यहां समारोहपूर्वक मनायी जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रातः सीएचसी में मरीजों को फल वितरण तथा दोपहर बारह बजे से तहसील के लाइब्रेरी हाल में पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

तीन ब्लाकों के 90 विद्यालयों में बीएसए का चला सघन निरीक्षण

अनुपस्थित शिक्षकों का रुका एक दिन का वेतन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। परिषदीय स्कूलों में शिक्षा के सुधार और अध्यापकों की ससमय नियमित उपस्थित को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी और जिला समन्वयक टीम के साथ सिराथू, कड़ा व मूरतगंज ब्लाक के 90 विद्यालयों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। जिसमें कुल 28 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए जिनका एक दिन का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया। बीएसए कमलेंद्र कुशवाहा ने सुबह आठ बजकर तीन मिनट पर सिराथू के प्राथमिक विद्यालय भैंसहापर निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर उस समय केवल रसोइया और 11 बच्चे विद्यालय में उपस्थित पाए गए। स्कूल में कार्यरत प्रधानाध्यापक ममता सिंह, सहायक अध्यापक वीरेंद्र कुमार, श्रीलाल, शिक्षामित्र भानु प्रताप सिंह व सुषमा देवी अनुपस्थित पाई गई। निरीक्षण के समय समस्त स्टाफ के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी का एक दिन वेतन अवरुद्ध किया गया। आठ बजकर चौदह मिनट पर उच्च प्राथमिक विद्यालय धमावां के निरीक्षण में शिक्षिका मंजू देवी अनुपस्थित पाई गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जीनत बेगम द्वारा स्कूल के कायाकल्प संबंधित जानकारी न देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया व अनुपस्थित शिक्षिका का उक्त तिथि का वेतन अवरुद्ध किया गया। प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में किए गए निरीक्षण समय प्रधाध्यापिका शशि साहू, शकुंतला देवी, शालिनी सिंह, शिक्षा मित्र राजेश सिंह उपस्थित मिले। शिक्षक मनोज कुमार उपाध्याय बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। शिक्षा मित्र संगीता देवी का आनलाइन अवकाश पर थी।

विद्यालय में नामंकित 80 बच्चों के सापेक्ष मात्र 10 बच्चे उपस्थित पाए गए। अनुपथित शिक्षक का वेतन अवरुद्ध करते हुए समस्त स्टाफ को उपस्थित बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद नौ बजे कड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय विजईपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समस्त स्टाफ प्रधानाध्यापक आनंद कुमार, शिक्षक मनीष कुमार मिश्र, प्रतिभा कुशवाहा, प्रिया श्रीवास्तव व शिक्षा मित्र शंकर उपस्थित मिले। नामंकित 103 बच्चों के सापेक्ष 67 बच्चे उपस्थित मिले। बच्चों को निपुण बनाए जाने का समस्त स्टाफको निर्देशित किया गया।

नौ बजकर चौबीस मिनट पर कंपोजिट विद्यालय नरसिंहपुर कछुआ का निरीक्षण में समस्त स्टाफकुशलावती, रेनू सोनकर, प्रतिमा पांडेय, मनीषा पाल, संगीता देवी,रजनी देवी, रोहित कुमार व शिक्षा मित्र राजीव कुमार यादव, केतकी देवी, फरजाना उपस्थित मिली। यहां पर बच्चों का नामांकन बढ़ाए जाने को निर्देशित किया गया। दस बजकर पांच मिनट पर कंपोजिट विद्यालय म्योहरा के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक राखी देवी, शिक्षक अरविंद कुमार पांडेय, प्रतिमा यादव, सुरेंद्र कुमार पाल, ऊषा कुशवाहा उपस्थित मिली। विद्यालय में नामांकित 134 बच्चों के सापेक्ष मात्र 21 बच्चे उपस्थित पाए गए। जिस पर प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

शादी समारोह से वापस घर लौट रही महिला से छिनौती

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के नजदीक पेट्रोलपंप के पास से शादी समारोह से घर वापस लौट रही महिला से बाइक सवार उचक्कों ने बैग छीनकर फरार हो गए , महिला ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के मलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत अल्लीपुर गांव निवासी शांति देवी पत्नि शिवनारायण कड़ा धाम में राजा पांडा के यहां शादी समारोह में गई थी। शुक्रवार की दोपहर शांति देवी कड़ा से वापस घर लौट रही थी जैसे ही वह सैनी चौराहे के नजदीक पेट्रोलपंप के पास पहुंची तभी बाइक सवार उचक्कों ने महिला के पास मौजूद बैग छीनकर फरार हो गए महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगो की भीड़ जमा हो गई। शांति देवी ने बताया की बैग में मोबाइल व एक हजार रुपए थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

अटसराय में अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के अटसराय गांव में गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से गेहूं के बोझ में आग लग गई जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे , डायल 112 व दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में नेशनल हाइवे किनारे रामदास अग्रहरी पुत्र स्व राजाराम अग्रहरी का खेत है जिसमे गेहूं की फसल बोई थी , किसान ने फसल काटकर बोझ बांध कर कटाई के लिए रखा था, गेंहू की कटी फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण फसल जलकर खाक हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने तत्काल दमकल कर्मियो को सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान किसान की लगभग आठ बोझ के करीब गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी लेखपाल को दी जिसके बाद लेखपाल ने आकलन के बाद नुकसान की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।

सैनी क्षेत्र में कई जगह लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कई गांव में शुक्रवार को आग लग गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सैनी कोतवाली के पास शुक्रवार की दोपहर अचानक खर पतवार में आग लग गई आग की लपटे देख ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया। वही कड़ा धाम थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर में अमरसिंह पुत्र राजाराम व रमेश सोनकर पुत्र राम खेलावन की बाग में स्थित खर पतवार में अचानक आग लग गई , आग की लपटे देख ग्रामीणों ने फायर स्टेशन सिराथू को दी जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । इसी कड़ी में डोरमा गांव स्थित प्रबल प्रताप सिंह पुत्र स्व कृष्ण बहादुर सिंह के मकान में बिजली की शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई , आग की विभीषिका में पाइप , चारपाई , ईंट भट्ठे के कागजात वगैरह जलकर खाक हो गए , सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

अनियंत्रित होकर डायल 112 की गाड़ी में भिड़े बाइक सवार, तीन जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के करनपुर चौराहे के पास बीती रात डायल 112 की चार पहिया वाहन में दावत खाकर जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सामने से भिड़ गए हादसे में डायल 112 की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई एवं बाइक सवार तीन लोग जख्मी हो गए, पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार कड़ा धाम थाना में तैनात डायल 112 में तैनात हेड कांस्टेबल श्रीकेश यादव व चालक सहद हुसैन गुरुवार की रात सूचना पर सैनी कोतवाली क्षेत्र के करनपुर चौराहे जा रहे थे , जीप जैसे ही करनपुर मोड़ के नजदीक पहुंची तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के कोर्रो निवासी दीपू , मोहित व यश पुत्र रविपाल बाइक से निमंत्रण खाकर वापस घर लौट रहे थे , जीप जैसे ही करनपुर चौराहे के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर डायल 112 की जीप में सामने से भिड़ गया हादसे में जीप का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बाइक सवार तीनो लोग जख्मी हो गए । हादसे के बाद स्थानीय लोगो की भीड़ जमा हो गई और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे तेज रफ्तार ऑटो पलटी पिता पुत्र घायल

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना अंतर्गत चक एलई रोशन उर्फ दुल्हनियापुर गांव के समीप रात्रि लगभग 11 बजे तेज रफ्तार ऑटो बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे मे ऑटो पर सवार पिता पुत्र घायल हो गए जब कि इसी ऑटो बैठा मे तीसरा व्यक्ति बाल -बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड

कौशाम्बी के कोरॉव खास गॉव के रहने वाला लालता प्रसाद पुत्र छेदी लाल (45 वर्ष) अपने पुत्र जीतेन्द्र कुमार (18 वर्ष) के साथ ऑटो मे बैठकर किसी वैवाहिक कार्यक्रम मे सम्मिलित होने जा रहे थे। अचानक चक एलई रोशन उर्फ दुल्हनियापुर गांव के समीप एक तेज रसार अनियंत्रित दोपहिया वाहन को बचाने के चक्कर मे इनका ऑटो पलट गया जिससे पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। उसी ऑटो मे बैठा तीसरा व्यक्ति जो साफ साफ बच गया, समझदारी दिखाते हुए तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी कनैली मे भर्ती करवाया गया। जहाँ से लालता प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया।

तेज रफ्तार कर ने युवक को मारी टक्कर युवक घायल

लोकमित्र ब्यूरो

अवाना आलमपुर, कौशाम्ब। मंझनपुर थाना क्षेत्र के दीवर कोतारी चौकी के समीप तेज रफ्तार आ रही कार ने बाराती से भरी बस से उतर रहे युवक को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गई युवक गंभीर हालत में स्थानीय चिकित्सक से इलाज करवाया आप को बतादें कि पिपरी थाना क्षेत्र के उमरवल ग्राम सभा से बारात प्रतापगढ़ के लिए गई थी और बारात वापस आते समय बस का डीजल खत्म जाने के कारण कोतवाली मंझनपुर क्षेत्र के कोतारी ग्राम सभा के पास खड़ी थी तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने एक बाराती सुरेंद्र सिंह को टक्कर मार कर फुर्र हो गई वही रोड पर गिरकर तड़पने लगे बारात की गाड़ी से उतरे कर लोगों ने दौड़ कर देखा तो सुरेंद्र सिंह लहूलुहान था और सिर पर चोट आ जाने के कारण सुरेंद्र सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है सुरेंद्र सिंह मध्यप्रदेश के हलर गांव निवासी हैं उधर कोतारी चौकी इंचार्ज को लिखित तहरीर पीड़िता ने दिया वहीं सुरेंद्र सिंह की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

उत्थान शंभूनाथ इंस्टीट्यूशंस में चार छात्रों का प्लेसमेंट ड्राइव में चयन

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। उत्थान शंभूनाथ इंस्टीट्यूशंस में बीफार्म फाइनल ईयर की छात्रा शैव्या राय का चयन सिप्ला कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी पद के लिए हुआ। इसी क्रम में सुविधा ग्रुप ऑफ कंपनी में बीबीए फाइनल ईयर की छात्रा साक्षी मिश्रा और हर्षिता गुप्ता का चयन सेल्स एसोशिएट पद के लिए हुआ और बीसीए फाइनल ईयर की छात्रा हर्षिता केसरवानी का चयन आईजीटी सॉल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड में ट्रेनी एसोशिएट पद पर हुआ। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार एवं सचिव डॉ. कौशल कुमार तिवारी ने चयनित छात्रों को बधाई दी। डॉ. मलय तिवारी (निदेशक एसआईएम व समन्वयक), प्रो. जेपी मिश्रा (डीन ट्रेनिंग ऐंड प्लेसमेंट), प्रो0 पंकज तिवारी (हेड सीआरसी) ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ. नितिन द्विवेदी ,प्रतीक कुमार सिंह, कुमकुम शुक्ला,सूचि श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

खंड विकास अधिकारी सिराथू ने आधा दर्जन गांव के तालाबों में भरवाया पानी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। भीषण गर्मी में आने वाले पेयजल संकट के इंतजामों की चुनौती खड़ी हो गई है। लगातार घट रहे जलस्तर और जलस्त्रोतों में कम हो रहे पानी से समस्या गहराती जा रही है। इससे आने वाले समय में जहां एक ओर तालाबों को भरने और हैंडपंपों को दुरुस्त करने की चुनौती होगी वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति से होने वाली सप्लाई को संभालना एक मजबूरी से कम नहीं साबित होगा। अप्रैल माह के अंत में गर्मी से लोगों का जूझना आरंभ हो गया है। एक पखवारे से पड़ रही भीषण गर्मी से जलस्तर कम हो रहा है। हैंडपंप व नलकूपों की अब तक सुध नहीं ली गई है इससे आबादी क्षेत्रों के साथ ही जंगली इलाकों में पानी का संकट खड़ा होने लगा है।

तालाब जहां 80 प्रतिशत सूख गए हैं वहीं नहरों और रजवहों के अलावा माइनरों में भी पानी खत्म हो गया है। जगह-जगह लगे हैंडपंप भी दगा देने लगे हैं, कुछ हैंडपंपों में बालू आ रही है तो कुछ पानी छोड़ रहे हैं। ब्लाक स्तर व स्वयं सेवी संगठन द्वारा अब तक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। लोगों को पानी के पाउच के लिए दो रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। वही गर्मी में पशु पक्षियों का हाल बेहाल है । इसी कड़ी में खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ल ने सराहनीय कदम उठाते हुए विकास खंड सिराथू के राघवपुर , राला, नगियामई, कुंड्रावी , गोविंदपुर गोरियों , जलालपुर , टेंगाई , रामपुर सुहेला , जमालमऊ , बिदनपुर आमद करारी आदि गांव में स्थित तालाबों में पानी भरवाया जिससे पशु पक्षी सहित अन्य लोगो को राहत मिल सके।

न्यायालय के आदेश पर पांच माह बाद मारपीट छिनैती की रिपोर्ट दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चायल में पांच महीना पहले सुनार ने एक अधेड़ से मारपीट कर छिनैती किया था।इस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सगे भाईयों समेत पिता के खिलाफमुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश में जुट गई है।

कस्बा चायल के हजरतगंज मोहल्ला निवासी कृष्ण देव प्रसाद पुत्र महादेव प्रसाद के अनुसार उसने 25 जून 2021 को बेटी शशि कुशवाहा की शादी में जेवरात बनाने के लिए कस्बे के लालचंद्र सोनी पुत्र हुबलाल सोनी को एक लाख 50 हजार रुपया दिया था। उसकी बेटी की शादी में जेवरात न दे पाने पर उसने बेटे सोम कुशवाहा की शादी में जेवरात दे देगा। कृष्णदेव बेटे सोम कुशवाहा की शादी तय होने पर तीन दिसंबर 2023 को लालचंद्र सोनी की दुकान पहुंचा और बताया कि 18 दिसंबर 2023 को उसके बेटे की शादी है। बकाया डेढ़ लाख रुपये के जेवरात समय से बना कर दे दीजिएगा। इस उसने गाली गलौज कर जेवरात देने से इंकार कर दिया। कृष्णदेव के विरोध करने पर वह अपने बेटों के साथ मारपीट कर जेब रखे 1600 रुपये छीन भगा दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच आरोपित पिता पुत्रो के खिलाफ तहरीर दी। प्रकरण में कार्रवाई न होने पर वह एसपी से शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। बृहस्पतिवार को पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर लालचंद्र सोनी, बेटे विजय सोनी, राजन सोनी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।

बाइको की टक्कर में युवक की मौत,दूसरा जख्मी, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे ओवर ब्रिज पर गुरुवार की रात आमने-सामने से आ रही दो बाईकों की भिडंत हो गई। जिस मे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। और घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। हादसे की खबर पर घर में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार पंइसा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर अनेठा का मजरा हकीमपुर निवासी ब्रजकिशोर पुत्र अमर सिंह 28 वर्ष गुरुवार की रात मोटरसाइकिल से अपने भाई राजकिशन को सिराथू रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था , ब्रजकिशोर भाई को स्टेशन में छोड़ने के बाद वापस बाइक से घर के लिए लौट रहा था इस दौरान जैसे ही वह सिराथू कस्बे के रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी सामने से मोटरसाइकिल से आ रहे मोगला गांव निवासी दुर्गेश दुबे पुत्र रघुराज दुबे की बाइक से जोरदार आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में बृज किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घायल को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने ब्रज किशोर को मृत घोषित कर दिया । जबकि दूसरा बाइक सवार सर्वेश दुबे भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने मृतक की पहचान कर शव पोस्टमार्ट के लिए भेजा है ।वहीं घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया जहां गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए भेजा गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के घर परिवार में कोहराम मच गया । मृतक के भाई राजकिशन की तहरीर पर सैनी पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध गैर इरादतान हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।

अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के धूमाई मोड़ के पास पुल के करीब बाइक सवार को अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया मौके पर रहे ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से सिराथू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है घायल युवक दिलीप उम्र 25 वर्ष पुत्र रामराज निवासी परई खागल थाना पैंसा अझुवा बाजार से वापस घर जा रहा था ग्रामीणों के मुताबिक घुमाई पुल के पास अज्ञात बुलेरो चालक ने पीछे से टक्कर मार कर फरार हुआ है।

दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक लाल साहब यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित रवि केशरवानी निवासी शाहपुर पेरवा थाना पिपरी को मखऊपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक मो0 जमीर मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुरेन्द्र कुमार तिवारी, सुभाष केशरवानी निवासीगण चौराडीह, राज कुमार, धरमपाल निवासी फरीदपुर थाना चरवा जनपद कौशाम्बीको सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक बलराम सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा छोले लाल निवासी कादिरपुर नेवादा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अवधेश कुमार मिश्र निवासी बक्सी तालाब थाना व जनपद जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 131 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना चरवा से 03, थाना कोखराज से 02, थाना सैनी से 02, थाना मो0पुर पइन्सा 01) कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

27 अप्रैल को चतुर्थ शनिवार एवं 28 अप्रैल को रविवार होने के कारण नामांकन-पत्र नहीं होगा दाखिल

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 50-कौशाम्बी, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले राजनैतिक दलों उम्मीदवारों को सूचित किया है कि दिनांक 27 अप्रैल 2024 को चतुर्थ शनिवार एवं दिनांक 28 अप्रैल 2024 को दिन रविवार होने के कारण नामांकन-पत्र दाखिल नहीं होंगा।

दबंगों ने टेंट का सामान लेने जा रहे युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी चंदन बहेलिया पुत्र राम दुलारे बहेलिया मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने बताया कि उसकी बेटी की शादी थी। वह बुधवार को टेंट का सामान लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के सूरज कुमार द्विवेदी पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी अपने साथी फूलचंद्र यादव पुत्र राम पियारे यादव और रंजीत कुमार पुत्र झूमक लाल पटेल के साथ उसे मिला।वह उसके साथ अनायास गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने लाठी डंडे से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में उसे काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर तीनों आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

छात्राओं/अध्यापिकाओं ने रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निर्देशानुसार एवं प्रभारी अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में आज प्राथमिक विद्यालय भड़ेसर की छात्राओं अध्यापिकाओं ने रंगोली के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक का जनपद में हुआ आगमन

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकसभा क्षेत्र-50 कौशाम्बी (सुरक्षित) में व्यय अनुवीक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी आईआरएस का जनपद में आगमन 26 अप्रैल 2024 को हो गया है, अवस्थान स्थल काशीराम गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या-02 (यमुना) ओसा मंझनपुर कौशाम्बी में है।

ससुराल से लौटी नवविवाहिता नगदी-जेवरात लेकर फरार

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ससुराल से घर लौटी एक युवती गुरुवार की रात घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।घर में उसे न देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने तमाम जगह उसकी तलाश की मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। निराश होकर पिता ने शुक्रवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस महिला के सुराग में जुट गई है।पिपरी क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है।उसके अनुसार 20 मई 2024 को उसने अपनी पुत्री का विवाह किया था।वह बुधवार को घर लौटी थी।रात के समय वह पत्नी के साथ शादी समारोह में चला गया था।इसी दौरान वह घर में रखा दस हजार रुपए नगद और सोने-चांदी के जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। निमंत्रण से लौटने के बाद घर में पुत्री को न देख उसके होश उड़ गए।उसने तमाम संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की। मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

सम्पादकीय

प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना।यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।' राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए' हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे' हैं, का पहला हक होने' की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं।पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरु द्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है।दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने' की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए' नहीं हैं।वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ने पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरु द्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा' मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

मेष राशि: आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आज आपको व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा। लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी। किसी भी मामले पर बहस करने से बचें।

वृष राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू का रिजल्ट आज आपके पक्ष में आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आप परिवार की इच्छाएं पूरी करने में सफल होंगे। आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे। आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। बड़े-बुजुर्ग की सेहत का ख्याल रखना, आपको उनका प्रिय बना देगा। माता-पिता का आशीर्वाद लें, आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होंगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आयेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नया प्लान बनायेंगे। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें, आपको फायदा हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आज आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार के साथ समय बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। मैनेजर पोस्ट के लोगों के लिए दिन शानदार रहेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं। बिजनेस शुरू करने से पहले बड़े भाई से सलाह अवश्य लें। फ़िजूल खर्चों पर आज आप रोक लगाकर बचत करने के बारे में सोचेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

तुला राशि: आज का दिन बेहद खास होने वाला है। ऑफिशियल मामलों में आपका कॉन्फिडेंस कुछ डगमगा सकता है, इसलिए अपने काम पर एकदम फोकस बनायें रखें। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। कुछ मामलों में आज आप एक्टिव रहेंगे। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी पार्क में घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह न उलझें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा। बिजनेस में आपको कठिन मेहनत से अच्छा लाभ होगा। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरा कर लेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं।रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। मित्रों से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। आज आप किसी सामाजिक काम का हिस्सा बनेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। साथ ही आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन.. जोश से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी। बाहर के ऑयली खान पान से परहेज करें।

तीसरा चरण:ब्रज से रूहेलखंड तक 10 सीटों पर मुकाबला

अजय कुमार, लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अब 07 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के लिए रस्साकशी तेज हो गई है। तीसरे चरण में ब्रज और रुहेलखंड की 10 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें संभल, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद,बदायूं, बरेली, हाथरस, आगरा,मैनपुरी,एटा एवं आंवला की सीटें शमिल हैं। इस चरण में मुलायम और कल्याण के गढ़ में मुख्य मुकाबला होगा। डिंपल यादव, अक्षय यादव और आदित्य यादव की सियासी किस्मत इसी चरण में तय होगी। डिंपल जीत जारी रखने और अक्षय यादव और आदित्य यादव सपा की खोई सीट वापस पाने की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह के सामने भी हैट्रिक लगाने की चुनौती होगी। वह, एटा से उम्मीदवार हैं। इस चरण की 10 में 8 सीटों पर इस समय भाजपा काबिज है। संभल और मैनपुरी सपा के खाते में हैं, बाकी 8 सीटों पर 2019 में भाजपा जीती थी। मुस्लिम बहुल संभल सीट से सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन होने के चलते सपा ने उनके पोते और कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क को उम्मीदवार बनाया है। 2014 में यह सीट भाजपा जीती थी, लेकिन पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने उसकी राह रोक दी थी। संभल में 2019 में हार का सामना करने वाले परशमेवर लाल सैनी इस बार भी भाजपा के उम्मीदवार हैं, जबकि बसपा ने शौलत अली को टिकट दिया है। हाथरस, फतेहपुर सीकरी और बरेली में भाजपा हैट्रिक और आगरा एवं आंवला में लगातार चौथी जीत दर्ज करने की उम्मीद लिए मैदान में है। वहीं, सपा एवं कांग्रेस इस बार साथ हैं, जबकि बसपा अलग चुनाव लड़ रही है। इसलिए, अधिकतर सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की ही उम्मीद है। सिलसिलेवार इन सीटों की समीक्षा की जाये।आगरा लोकसभा सीट पर किसके सिर ताज सजेगा, यह भी बड़ा दिलचस्प होगा। अगर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों पर नजर डालें तो केंद्रीय राज्य मंत्री और मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर बतौर भाजपा प्रत्याशी हैं। बसपा ने कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रहीं सत्या बहन की पुत्री पूजा अमरोही को टिकट थमाया है। सपा ने पुराने बसपाई रहे जूता कारोबारी सुरेश चंद कर्दम पर भरोसा जताया है। बघेल पर अपना दबदबा बराकरार रखने तो सुरेश चंद कर्दम पर सपा के लिए पिछले तीन लोकसभा चुनावों में इस सीट पर पड़ा सूखा खत्म करने की चुनौती है। पूजा अमरोही के समक्ष पर बसपा का खाता खोलने की चुनौती होगी। मोहब्बत की नगरी आगरा चुनाव में किस पर प्रेम वर्षा करेगी, इस पर निगाहें लगी हैं। बरेली लोकसभा सीट पर भाजपा ने आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट काटकर भाजपा ने पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार को उम्मीदवार बनाया । इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रुहेलखंड में हुई अपनी जनसभाओं के मंच पर संतोष गंगवार को स्थान देकर इस नाराजगी को दूर कर दिया है। 2009 में भाजपा के इस मजबूत किले को मामूली जीत के अंतर से ढहाने में कामयाब हुए पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को सपा ने फिर इसी उम्मीद से मैदान में उतारा है। यहां भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई है। संभल लोकसभा सीट के सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद इस सीट पर उनकी राजनीतिक विरासत संभालने के लिए कुंदरकी के सपा विधायक जियाउर्रहमान यहां समाजवादी उम्मीदवार हैं। पहले सपा ने शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट थमाया था, लेकिन उनका निधन होने पर उनके पोते को मैदान में उतारा है। मुस्लिम बहुल इस सीट पर जियाउर्रहमान के कंधों पर अपने परिवार का वर्चस्व बरकरार रखने का दारोमदार होगा। बतौर भाजपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी के सामने इस सीट पर भाजपा को 2014 में मिली एकमात्र सफलता को दोहराने के साथ पिछले चुनाव में खुद को मिली हार का हिसाब चुकता करने की चुनौती है। बसपा के लिए पिछले दो चुनावों में यह सीट बंजर साबित हुई है। ऐसे में बसपा प्रत्याशी सौलत अली के लिए हाथी कितना प्रभावी होगा, यह देखना होगा।मैनपुरी लोकसभा सीट सपा ने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ने के लिए पार्टी की मौजूदा सांसद डिंपल यादव को चुनाव मैदान में उतारा हैं। मुलायम सिंह के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी सीट पर दिसंबर 2022 में हुए उपचुनाव में साइकिल की रफ्तार से प्रतिद्वंद्वियों को हतप्रभ कर उन्होंने यादव परिवार की राजनीतिक विरासत को संभाला था। अब उन पर इस विरासत को सहेजने और संजोये रखने की जिम्मेदारी है। सपा इस सीट पर 1996 से काबिज है। वहीं अब तक अजेय साबित हुई मैनपुरी सीट पर भगवा परचम लहराने के लिए भाजपा ने स्थानीय विधायक और योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। यादव और शाक्य बिरादरियों की बड़ी आबादी वाली इस सीट पर बसपा ने पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है। बदायूं लोकसभा सीट पर भी यादव परिवार की साख का परीक्षा होगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहले यहां चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया था। धर्मेन्द्र 2009 व 2014 में बदायूं से बतौर सपा प्रत्याशी सांसद चुने गए थे, लेकिन 2019 में चुनाव हार गए थे।

अखिलेश ने इस बार फिर उन्हें यहां से टिकट थमाया, लेकिन बाद में उन्हें आजमगढ़ से प्रत्याशी बनाकर चाचा शिवपाल सिंह यादव को बदायूं के चुनाव मैदान में उतार दिया। बाद में स्थानीय इकाई की मांग पर अखिलेश ने चाचा शिवपाल की जगह उनके पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। भाजपा ने यहां वर्तमान सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को उम्मीवार बनाया है तो बसपा ने मुस्लिम खां पर भरोसा जताया है। भाजपा यहां अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए जोर लगाएगी।आंवला लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद और प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप जीत की तिकड़ी लगाने के इरादे से फिर मैदान में हैं। उनकी राह रोकने के लिए समाजवादी पार्टी ने नीरज मौर्य को मैदान में उतारा है जो शाहजहांपुर के जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र से 2007 व 2012 में बसपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। बसपा ने इस सीट पर सपा छोड़कर आए आंवला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सैयद आबिद अली को प्रत्याशी बनाया है। यहां पर भी सभी दल जातियों के जरिये अपने समीकरण बैठाने में लगे हैं। वैसे आंवला सीट पर ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हाथरस लोकसभा सीट बाहरी प्रत्याशियों को सुहाती रही है।

भाजपा ने यहां अपने सांसद राजवीर सिंह दिलेर का टिकट काटकर अलीगढ़ की खैर सीट के विधायक और योगी सरकार में राजस्व राज्य मंत्री अनूप वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। उन पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार रखने की जिम्मेदारी होगी। वहीं बसपा ने साफ्टवेयर इंजीनियर हेमबाबू धनगर और सपा ने जसवीर वाल्मीकि को प्रत्याशी घोषित किया है। सपा और बसपा प्रत्याशी सहारनपुर के निवासी हैं। भाजपा को अपनी केंद्रीय योजनाओं और मोदी-योगी पर भरोसा है तो विपक्ष को अपने समीकरणों का। देखना होगा कि इस सीट पर फिर कमल खिलता है या सपा-बसपा अपना खाता खोल पाने में कामयाब होती हैं। एटा लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र और वर्तमान भाजपा सांसद राजवीर सिंह यहां बीजेपी की तरफ से हैट्रिक लगाने के इरादे से फिर चुनाव मैदान में हैं। राजवीर लोध बिरादरी से हैं तो सपा ने शाक्य बिरादरी के देवेश शाक्य पर भरोसा जताया है। देवेश शाक्य औरैया से दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। बसपा ने कांग्रेस छोड़कर आए पेशे से वकील मोहम्मद इरफान को उम्मीदवार बनाकर चुनाव का तीसरा कोण उभारने की कोशिश की है। बसपा अभी तक एटा सीट नहीं जीत सकी है। यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है जिसे बरकरार रखने में राजवीर सिंह भी सफल रहे हैं। लोध मतदाता इसकी धुरी हैं। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी शाक्य बिरादरी को साथ लेते हुए मुस्लिमों के साथ अपना समीकरण इस चुनाव में देख रही है।फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर फिलहाल दिलचस्प मुकाबले के आसार हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में 4.95 लाख वोटों से जीतने वाले जाट बिरादरी के भाजपा सांसद राजकुमार चाहर इस बार फिर यहां कमल खिलाने के इरादे से मैदान में हैं। बसपा ने चुनावी गणित को ध्यान में रखते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी राम निवास शर्मा पर भरोसा जताया है तो कांग्रेस ने ठाकुर बिरादरी के रामनाथ सिकरवार को उतारा है। फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के पुत्र रामेश्वर चौधरी ने निर्दल उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरकर यहां होने वाली लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। रामेश्वर चौधरी भी जाट बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं।

वन प्रबंधन के लिए सही योजनाएं नहीं बनाई गई तो हमें भविष्य में भयंकर परिणाम झेलने होंगे

अशोक भाटिया

गर्मियां शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं. एक नवंबर, 2023 से 22 अप्रैल 2024 तक वनाग्नि की 431 घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं और इनसे 516.92 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। खास बात यह है कि 31 मार्च तक जंगलों में आग लगने की सिर्फ 34 घटनाएं हुई थीं और इनसे 35.25 हेक्टेयर वन क्षेत्र ही प्रभावित हुआ था। लेकिन अप्रैल के 22 दिन में वनाग्नि और उससे होने वाला नुकसान करीब 13 गुना बढ़ गया।दरअसल जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर इस साल की शुरुआत में ही दिखने लगा है। देश के बड़े हिस्से में तापमान औसत से अधिक दर्ज किया गया है और इस बार तीन मार्च से ही लू या हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा 19 अप्रैल, को जारी अखिल भारतीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 18 अप्रैल, को भारत के 60 प्रतिशत से अधिक या 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। 2023 की तुलना में इस बार हीटवेव ने देश में 10 दिन पहले दस्तक दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 तक, तीन राज्यों में लू या हीटवेव का सितम रहा। तीन मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक अब यह संख्या बढ़ कर 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच गई, जिन्हें गर्म हवाओं ने अपने आगोश में ले लिया था।भारत में लू या हीटवेव इस सप्ताह सुर्खियां बना रहा है, 16 अप्रैल को कथित तौर पर हीटस्ट्रोक से 13 लोगों की मौत हो गई। 20 अप्रैल को प्रकाशित, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने बताया कि देश के 90 प्रतिशत लोगों को गर्मी के कारण आजीविका क्षमता, खाद्यान्त्र उपज, वेक्टर जनित रोग फैलने और शहरी स्थिरता में नुकसान होने का खतरा है।यहां बताते चले कि, जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेव घोषित किया जाता है।कर्नाटक में साल का पहला लू का प्रकोप तीन मार्च को दर्ज किया गया था। नौ मार्च तक राज्य में चार दिन लू का कहर दर्ज किया गया था। गोवा में लू के चार दिन और गुजरात में दो दिन रहे। महीने की आखिरी लू 12 मार्च को दर्ज किया गया था।देश में 12 अप्रैल, को पश्चिम बंगाल में गंगा के अलग-अलग इलाकों में लू ने दस्तक दी। आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब और पश्चिम बंगाल में 12 से 18 अप्रैल तक लू का प्रकोप दर्ज किया गया।वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयारी बहुत जरूरी है, विशेष रूप से क्योंकि लू के सितम के जारी रहने के आसार हैं और यह लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है।मौसम विभाग द्वारा 2 7 अप्रैल, 2024 तक लू या लू जैसी चरम स्थितियों पर कम से कम आठ राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश में 30 अप्रैल, 2024 तक इन चरम स्थितियों के जारी रहने की आशंका जताई गई है।लोगों के स्वास्थ्य पर लू के प्रभाव को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली ऐसी चरम घटनाएं घातक भी हैं और इनसे निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी की जरूरत है।देश के कई राज्यों में जंगल में आग लगने से हजारों हैक्टेयर का जंगल तबाह हो गया वहीं वन्य संपदा और वन्य जीवों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है। जंगलों से उठी आग की लपटों ने जम्मू, उत्तराखंड, हिमाचल, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड को आग की तपती भट्ठी बना दिया है। उत्तराखंड और हिमाचल की स्थिति चीड़ की पत्तियों के कारण काफी विकराल है। 70 के दशक में ही पर्वतीय राज्यों में चीड़ उगाने के अभियान ने एक तरह का जंगल राज पैदा कर दिया। चीड़ उगाने की मुहिम में पर्वतीय राज्यों में न केवल चारागाहें छीन ली बल्कि मनुष्य को भी वनों से दूर कर दिया। वनाग्नि से हिमालीय राज्यों में कहर बरप रहा है, जहां तापमान सामान्य से दो से लेकर चार डिग्री तक बढ़ गया है। आप कल्पना कर सकते हैं कि बर्फ का सागर और एशिया की जलवायु के नियंत्रक हिमालय की क्या दशा होगी?

तापमान बढ़ने से जंगलों में सूखे पत्ते और टहनियां ईंधन का काम करती हैं। एक छोटी सी चिंगारी हीट का काम करती है। ऐसे में अगर तेज हवायें चल रही हों तो यह आग पूरे जंगल को तबाह कर देती है। इंसानों की लापरवाही के चलते भी आगजनी की घटनायें बढ़ रही हैं। जम्मू के रियासी जिले के जंगल, हिमाचल के पार्वती घाटी में, राजस्थान के अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में बमराडी से लेकर सीमार के जंगलों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के जंगलों में आग से प्रकृति तबाह हो चुकी है। गर्मियों में तापमान के कहर ढाने के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग तो है ही लेकिन भारत में बढ़ते तापमान का कारण वनों का क्षरण भी है। यही कारण है कि देहरादून, मंसूरी, पंतनगर, रुड़की का अधिकतम तापमान 2 से लेकर 4 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया। पिछले दिनों मुक्तेश्वर और मसूरी जैसे ठंडे स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वनाग्नि की आंच उत्तराखंड हिमालय के लगभग 14 ग्लेशियरों तक पहुंच रही है।वन्य जीवन अपने आप में एक दुनिया होता है। वनों में जीवधारियों को पर्याप्त भोजन के साथ-साथ सुरक्षित आश्रय भी मिल जाता है इसलिए वन सभी तरह के जीवधारियों का प्राकृतिक आवास होते हैं। तमाम वनस्पतियां और वन्य जीव एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं।

अब हालात यह है कि जंगलों की आग वनस्पति और वन्य जीवों का अस्तित्व राख में बदल रही है। बाघ और हिरन जैसे वन्य जीवन तो जान बचाकर सुरक्षित क्षेत्र की ओर भाग सकते हैं। तभी तो बाघों और मनुष्य के लिए खतरनाक जीवों को शहरों की सड़कों पर घूमते देखा जाता है। मगर उन निरीह जीवों और कीट-पतंगों का क्या हाल होगा जो आग की गति से भाग भी नहीं सकते। जंगलों की आग मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन चुकी है। इस आग के धुएं में अलग-अलग तरह के कण होते हैं जिनमें कार्बन मोनोआक्साइड भी शामिल है। स्थिति बहुत चिन्ताजनक है। ब्लैक कार्बन ग्लेशियरों को लगातार नुक्सान पहुंचा रहे हैं। ग्लेशियर जब पिघलेंगे तो इस पर जमा ब्लैक कार्बन भी बहेगा इससे जल प्रदूषित हो जाएगा। यह विडम्बना ही है कि किसी पेड़ के कटने से वन विभाग आम आदमी का जीना हराम कर देता है।कौन नहीं जानता कि राज्यों में अवैध खनन माफिया की तरह वन माफिया भी सक्रिय हैं। हर बार जंगल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य योजना बनाकर जंगल को बचाने का ढिंढोरा पीटा जाता है लेकिन आग से बचाने के लिए जंगल की प्रवृत्ति को बदलने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

मानव और व्यवस्था सब तमाशबीन बनकर देख रहे हैं। मौसम परिवर्तन के चक्र ने अपने पंजे भयंकर रूप से फैला दिए हैं। जंगल अपनी ही हवाओं को सुरक्षित नहीं रख पा रहा। पंजाब और हरियाणा जंगलों की आग से बचे हुए हैं क्योंकि पंजाब में 3.65 प्रतिशत और हरियाणा में 3.53 प्रतिशत जमीन पर ही जंगल है। अगर मनुष्य को भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से अपना बचाव करना है तो उसे प्रकृति से खिलवाड़ करना बंद करना होगा और जंगलों को आग से बचाने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी। वन प्रबंधन के लिए सही योजनाएं नहीं बनाई गई तो हमें भयंकर परिणाम झेलने होंगे।**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार**

हर फिक्र को धुएं में उड़ाता

रजनीश कपूर

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म 'हम दोनों' का गाना 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता' सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा।

फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी।

आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है।

दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क 'नर्व सेल' से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को 'एनिमल पार्ट' कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के 'एनिमल पार्ट' को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं।

इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी

स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रु ख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे। इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को 'स्टेटस सिंबल' या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं।

इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक 'सुकून' बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उड़ने की बजाय और बढ़ रहे हों?

डीएम एवं एसपी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत थाना रानीगंज का किया निरीक्षण

निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों विरूद्ध की जाये कार्रवाई-जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने थाना रानीगंज का निरीक्षण किया। थाना रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज, सीओ रानीगंज से अति संवेदनशील बूथों पर होनी वाली घटनाओं व निर्वाचन के दृष्टिगत अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान गुण्डा एक्ट रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, लोकसभा चुनाव रजिस्टर आदि का अवलोकन किया एवं की गयी कार्यवाहियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया

कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर समय से प्लान बनाकार तैयारी करा ली जाये जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की समस्यायें न उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि मतदेय स्थलों पर ईवीएम मशीन, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माइक्रो आर्ब्जबर आदि की व्यवस्था आवश्यकतानुसार पूर्ण कर ली जाये तथा मतदेय स्थलो पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय आदि की व्यवस्था देख लें यदि कहीं पर कोई कमी पाये जाये तो उसे पूर्ण करायें। उपजिलाधिकारी रानीगंज एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे, क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये, यदि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा निर्वाचन कार्य में बाधा डाले तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। क्षेत्रों में जाकर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तालाबों व ग्रामसभा की जमीनों पर किये गये अवैध कब्जों को हटवाया जाये, यदि अवैध कब्जा नही हटाया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखे, यदि किसी के द्वारा कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना रानीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत शस्त्र लाइसेंस के जमा कराये जाने व अब तक निरस्त किये गये शस्त्र लाइसेंस के सम्बन्ध में जानकारी ली।

तमंचा, कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफतार

संग्रामगढ,प्रतापगढ़। पुलिस ने 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्द कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 श्री अमित सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री दिनेश चन्द्र तिवारी, हे0का0 सुरेन्द्र प्रसाद, का0 धनन्जय श्रीवास्तव द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त सुभाष पाल पुत्र देवनाथ पाल निवासी साडाहर्षपुर थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के गोदाही चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामगढ़ पर मु0अ0सं0 90,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

क्षत्रियों के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी असहनीय - ज्वाला सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मीराभवन वार्ड में बाबू अमरनाथ सिंह के निवास पर एक बुद्धजीवियो की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अमरनाथ सिंह ने किया, संचालन सभाजीत सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व ए0डी0जी0सी0 ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वस्ति नेता एंव पूर्व जिला महामंत्री तथा यू0पी0 के खादी बोर्ड के सदस्य ज्वाला सिंह एडवोकेट ने कहा कि हम सब एक मॉ भारती के सपूत है, और सभी परमपिता परमेश्वर की संतान है। आपस में भाई-चारा का सौहर्द बना रहें। गुजरात की राजकोट लोक सभा सीट से किसी राजनेता द्वारा राजपूतो के विरोध में कुछ टिप्पणी की गयी जो असहानीय थी। ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जिससे आपसी सोहर्द बिगडे और समाज का वातावरण प्रदूषित हो। जहाँ तक क्षत्रियो के ऊपर कीचड़ उछाला जा रहा है, यह अच्छी सोच नहीं है। जब भी परमात्मा भू-भाग पर अवतार लिया है, तो क्षत्रियो के ही परिवार में उनका जन्म हुआ है। क्षत्रियो का इतिहास सर्वोपरि रहा है। चाहे राणाप्रताप का हो, पृथ्वीराज चौहान को हो, राणाबेनी माधव का रहा हो, यह कालाकंकर के नरेश लाल प्रताप का रहा हो। यही कालाकंकर के नरेश अपनी छोटी सी सेना की टूकडी को लेकर चॉदा में अग्रेजो की विशाल फौज का मुकबला करते हुए 09 दिन तक संघर्ष किया और 10 दिन वीरगति को प्राप्त हुए, आज भी लोग बड़े सम्मान के साथ उनका नाम लेते हुए कहते है कि ष्नौ दिन लोह चला चॉदे में जहाँ जुझि गये विसेना राय। बैठक में दिनेश सिंह एडवोकेट, इन्द्रसेन सिंह एडेवोकेट, अजीत सिंह, ज्वाला सिंह, राजन सिंह, यादुवेन्द्र सिंह, पंकज सोमवंश, तेज प्रताप, रवि, किशन आदि लोग मौजूद रहे।

रामकथा से पूर्व निकली भव्य शोभा यात्रा

सगरा सुन्दरपुर,प्रतापगढ़। मानव कल्याण सेवा संस्थान परिवार द्वारा 26 अप्रैल से चार मई तक आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा से पूर्व भव्य शोभा यात्रा कथा व्यास संजय कृष्ण जी महाराज के सानिध्य मे निकाली गई। शोभा यात्रा कथा स्थल से सगरा सुंदर पुर बाजार बाबा बूढेश्वर नाथ धाम धधुआगाजन तिना गिरधर सहाय होते हुऐ कथा स्थल दिव्य धाम रामपुर भेडियानी मे संपन्न हुई। शोभा यात्रा मे मुख्य अतिथि के रूप मे अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रशान्त त्रिपाठी जी रहे। राम भक्तो का भारी हुजूम शोभा यात्रा मे मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवनारायण पांडेय संजय शुक्ल समाज सेवी शिवमूरत तिवारी रविशंकर पांडेय मनोज दुबे अवनीश दुबे उमेश पांडेय रोशन मिश्रा नन्हे पांडेय बृजेश मिश्रा श्री कांत पांडेय शैलेष पांडेय डा गिरीश पांडेय राम जी शुक्ला सभी का आभार संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय ने किया।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में अनुराग व अभिज्ञान का हुआ चयन

लोकमित्र संवाद

अजगरा, प्रतापगढ़। क्षेत्र के पूरे नेवजी स्थित बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति में हो गया है। बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल के होनहार छात्र अनुराग पाल वा अभिज्ञान पाल ने लिस्ट में अपना अपना नाम देखते ही अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल पूरे नेवाजी अजगरा पहुंचे और दोनो छात्र अपने उत्थान हेतु अपने गुरुजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय में मौजूद प्रबंधक मृत्युंजय शुक्ला द्वारा दोनो बच्चों को सम्मानित किया गया उसके बाद प्रबंधक मृत्युंजय शुक्ला ने दोनो होनहार बच्चो के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया। वही प्रधानाध्यापक विपिन कुमार तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया की पिछले वर्ष भी विद्यालय के तीन छात्र इस परीक्षा में चयनित हुए थे। इस मौके पर मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, सूर्यमणि शुक्ला, शिवशंकर द्विवेदी, दिवाकर पाण्डेय, विजय कुमार सिंह, शिवाकांत यादव, कमलेश यादव सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं भी मौजूद भी रहे।

पर्यावरण सेना द्वारा ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत हरित मतदान का दिलाया गया संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

मानधाता,प्रतापगढ़। पर्यावरण सेना द्वारा ब्लॉक मान्धाता मे ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान और उसके बाद पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए हरित मतदान का संकल्प दिलाया गया। गोष्ठी में बोलते हुए ग्रीन वोटिंग अभियान के संयोजक यूथ ब्रांड एम्बेसडर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार भी है और राष्ट्रीय कर्तव्य भी।हमें मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शतप्रतिशत मतदान के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक-एक पेड़ भी लगाएं जिससे धरती का पर्यावरण संतुलित बना रहे।खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण सेना का ग्रीन वोटिंग अभियान एक अनोखा प्रयास है।इससे एक ओर जहां वोट देने से लोकतंत्र मजबूत होगा वहीं पेड़ लगाने से हमारी पृथ्वी से प्रदूषण समाप्त होगा।

उन्होंने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को सभी गांवों में हरित मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया और कहा कि जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के निर्देशानुसार सभी बूथों पर मतदान के साथ ही पेड़ लगाने की व्यवस्था रहेगी।ग्रीन वोटिंग अभियान से लोकतंत्र की मजबूती और जलवायु संरक्षण में मदद मिलेगी।इस मौके हरिश्चंद्र पांडेय,ओम प्रकाश सरोज,संजय यादव, विक्रम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

देवसरा,प्रतापगढ़। पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 26.04.2024 को थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 श्री अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 181,23 धारा 363, 366, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त लल्लू चौहान पुत्र मोटे लाल निवासी ग्राम बेलावा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को खटखटाहवा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया ।

महिला समेत चार वारण्टी गिरफतार

कुण्डा,प्रतापगढ़। पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्त व 01 वारण्टी अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। जनपद के थाना नवाबगंज के उ0नि0 श्री रमेश सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री गुलाब सिंह, यूटी उ0नि0 श्री आदित्य पाण्डेय, म0का0 शिवानी शाहू द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वाछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 12,2015 धारा 498ए भादवि व 3,4 डीपी एक्ट से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्त व 01 वारण्टी अभियुक्ता, 01. अभियुक्त धुन्नीलाल पटेल पुत्र स्व0 बाबूलाल पटेल 02. अभियुक्त सुनील कुमार पटेल पुत्र धुन्नीलाल 03. अभियुक्ता उर्मला उर्फ ग्यासा पत्नी धुन्नीलाल निवासीगण ग्राम गिरवर का पुरवा सहजनी थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उनकें घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना नवाबगंज के उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह मय हमराह का0 तेजप्रकाश द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वाछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 684,2008, मु0अ0सं0 88ध्07 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त प्रेम यादव पुत्र रामदुलारे यादव निवासी किशुनदासपुर थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ को

शिक्षा चौपाल में लोगो को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

लोकमित्र संवाद

अजगरा, प्रतापगढ़। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दुबे का पुरवा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल का प्रारम्भ मां सरस्वती की वन्दना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। चौपाल मे बोलते हुए एआरपी डॉ संजीत शुक्ल ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे गरीबी को दूर भगाया जा सकता है। एआरपी विजय विश्वकर्मा ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता का वर्णन किया। बी डी सी सदस्य ने विद्यालय स्टॉफ की बहुत प्रशंसा किए। अन्य उपस्थित अभिभावक भी विद्यालय की गुणवता की सराहना करते रहे। यह विद्यालय विकास खंड का पहला निपुण विद्यालय है जहा बच्चों की उपस्थिति 90 से 100प्रतिशत रहती है इसी उपस्थित में बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक कुरमेंद्र सिंह वर्मा द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। एआरपी टीम द्वारा निपुण विद्यालय के समस्त स्टॉफ को छोटा सा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बालकृष्ण, कौशलेश यादव, पल्लवी सिंह, तैय्यबा खातून, सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी रविन्द्र कुमार पटवा ने किया।

कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार ऐतिहासिक मतों से कमल खिलना तय - संजय भाटिया

प्रदेश सह प्रभारी एवं सांसद ने किया चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

कुण्डा प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव 2024 में बाबागंज विधानसभा का चुनाव कार्यालय नगर पंचायत हीरागंज बाजार एवं कुण्डा विधानसभा का चुनाव कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर में बुधवार को शुभारंभ किया गया। कार्यालय का फीता काटते हुए करते हुए प्रदेश सह प्रभारी एवं करनाल से सांसद संजय भाटिया ने उपस्थित जन समूह के बीच कहा कि आज जिस तरह से पूरे देश में मोदी जी को जनता का अपार जन समर्थन मिल रहा है। उससे यह निश्चित हो गया है कि अबकी बार 400 पार है। जब 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी तो कौशाम्बी लोकसभा से मेरा भाई विनोद सोनकर तीसरी बार विजयी होकर लोकसभा पहुंचेगा। मैं पिछले तीन घण्टे से इस भीषण गर्मी के बीच आप लोगों के बीच बैठा हूँ। मैंने देखा बाबागंज एवं कुण्डा के कार्यकर्ताओं में असीम ऊर्जा है। आप बैठकर मंच के लोगों का सम्बोधन सुन रहे है। आपकी ऊर्जा बता रही है कि इस बार आप लोग इतिहास लिखने जा रहे है। अब यह निश्चित हो गया है कि बाबागंज एवं कुण्डा विधानसभा में भी कमल खिलने जा रहा है। कौशाम्बी के सिराथू,मंझनपुर व चायल में 2014 से कलम खिल रहा है। इस बार जब कुण्डा व बाबागंज में कमल खिलेगा।

तो जीत का अंतर बड़ा होगा। आज मोदी जी ने इतिहास रचने का कार्य किया है। आज कार्यालय का शुभारंभ हो गया है। अब आप सभी को एक ही मिशन में लगना है। अपना बूथ सबसे मजबूत । बूथ जीतो चुनाव जीतो। कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार ऐतिहासिक मतों से कमल खिलने जा रहा है। सांसद कौशाम्बी एवं एनडीए प्रत्याशी लोकसभा कौशाम्बी विनोद सोनकर ने आयी हुई जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं 2014 में चुनाव लड़ने आया तो कुण्डा व बाबागंज की परिस्थितियां कुछ और थी। यहाँ पर पांच कार्यकर्ता नही मिलते थे। 2014 से 2024 में पिछले दस वर्षो में जिस तरह से आप सभी का आशीर्वाद मिला। आज कुण्डा एवं बाबागंज में मजबूत कार्यकर्ताओं का साथ मिला। आज बाबागंज एवं कुण्डा विधानसभा में विकास का कार्य दिखाई पड़ रहा है। कभी सड़को पर बड़े-बड़े गड्ढे रहते थे। आज चमचमाती सड़क है। अंधेरे में कई गांवों के लोग रहने को मजबूर थे। आज गाँवो में भी बिजली जल रही है। यही नही अब लाईट भी कम जाती है। कोई मालूम ही नही पड़ता। आज विद्युत तार बदले जा रहे है। अब गांवो में शहर जैसे शुद्ध जल मिलेगा। इसके लिये जल जीवन मिशन से कार्य चल रहा है। जब तीन फ्लाईओवर रेलवे फाटक पर बन कर तैयार होगा। तो यहां की तस्वीर बदल जायेगी। आप सभी का आर्शीवाद मेरे ऊपर हमेशा रहा है। इस बार कुण्डा बाबागंज विधानसभा में कमल खिलना तय है। अब दोनों विधानसभा में चुनाव कार्यालय खुल गया है।

कार्यकर्त्ता पूरे जोश से चुनाव प्रचार में लग गए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि जब 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आयेगा तो एनडीए गठबंधन 400 रहेगा। कौशाम्बी लोकसभा में तीसरी बार कमल खिलाना है। बाबागंज एवं कुण्डा के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। इस बार कुण्डा बाबागंज से कमल खिलने जा रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र,सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय,डॉक्टर मनोज पाण्डेय, उदय शंकर पाण्डेय, अखिलेश द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह पप्पन,चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, प्रभा शंकर पांडेय, रणजीत सिंह कुशवाहा, राकेश पाण्डेय, केशव पासी,पवन गौतम, बृज किशोर त्रिपाठी, अतुल शुक्ल, डॉ0 सुमन साहू,अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज सुरेखा देवी सरोज, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र,कमलेश सोनकर, शिवम शुक्ल,सन्तोष शुक्ल, भोला सेठ,विजय मिश्र,मोहित मिश्र, अमर जीत सिंह, उदय मिश्र, आशुतोष मणि जायसवाल, मोनू शुक्ल, महेश सिंह फौजी,सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, अनिल पटेल, गुलाब सोनकर,प्रधान सूरज शुक्ल,ज्ञान चन्द्र यादव फौजी,सन्तोष पाण्डेय, राम खेलावन पटेल, सरोज त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र मौर्य, राम कुमार कोरी,बाबा विनय सिंह, गुड्डू पाण्डेय,मुनेश मिश्र, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है -रमेश चंद्र पांडेय

भगवान के चौबीस अवतारों के साथ-साथ समुद्र मंथन का किया वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

जेठवारा,प्रतापगढ़। जनपद के जेठवारा थाना क्षेत्र के रेडीपुर नौबस्ता में पंडित श्रीकांत मिश्र के आयोजकत्व में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित रमेश चंद्र पांडेय महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए महराज जी ने कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है।

कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है।कथा के बीच बीच में महाराज श्री ने भागवत भजन के द्वारा माहौल को भागवत मय एवं भक्ति मय बना दिया। कथा सुनने के लिए आस पास के लोगों की भीड़ उमड़ रही है । इस मौके पर मुख्य यजमान श्रीकांत मिश्र व चंद्र कली के अलावा सुशील, राहुल, अमित, रवीन्द्र, सुदीप, अरविंद, मनीष,आयुष, राम, सूर्या, विनायक सहित आदि रहे।

मां चामुंडा देवी धाम में यज्ञशाला का नींवपूजन आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार, प्रतापगढ़। क्षेत्र के पुवांसी ग्रामसभा स्थित मां चामुण्डा देवी धाम में यज्ञशाला के निर्माण हेतु आज नींव पूजन कर यज्ञशाला की आधार शिला रखी गई। बता दें कि मां चामुंडा देवी धाम में यह नींव पूजन का कार्य क्षेत्र के बारों पटवारा निवासी पत्रकार अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया। यज्ञशाला के निर्माण के लिए अखिलेश तिवारी के चाचा संतोष तिवारी ने बच्चों की सफलता हेतु मां चामुंडा से मान्यता के उद्देश्य की पूर्ण होने के बाद यज्ञशाला का निर्माण कराया जा रहा है। लोकमान्यता के अनुसार सिद्धपीठ धाम में एक परिवार विशेष की पूंजी से कराए गए कार्य के उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती है,तो इस वजह से क्षेत्र के ही 108लोगों से उनके यथाशक्ति के अनुसार चंदा रूपी दान भी इस यज्ञशाला के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

कर्मयोगिनी फूला देवी की पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

प्रतापगढ़।सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा कर्मठ समाजसेवी फूला देवी की पुण्य तिथि पर ग्राम सरायदली विकास खण्ड सदर में महिला - उत्थान विषय पर संगोष्ठी हुई। सर्वप्रथम फूला देवी के चित्र पर माल्यार्पण हुआ। उनके व्यक्तित्व - कृतित्व पर व्यापक चर्चा हुई।मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने कहा कि फूला देवी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। आजीवन वे परिवार व समाज में जागृति पैदा करती रहीं। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि माताएं ईश्वर का विकल्प हैं। जन्म देने के अतिरिक्त वे पीढ़ियों

का निर्माण भी करती हैं। फूला देवी आदर्श नारी थीं। संचालन अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मौर्य ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, पप्पू मिस्त्री, निर्मला देवी, उर्मिला देवी, नम्रता, आरती,आदर्श, अनुराग, श्रवण, हरिपाल, जोखू राम, राजबहादुर यादव, सीताराम विश्वकर्मा, दीपक, अमरनाथ, आनन्द आदिक ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

दुर्घटना में युवक घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक की आमने सामने भिडंत में युवक चुटहिल हो गया। लालगंज कोतवाली के गौखाडी निवासी सचिन शर्मा 20 शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजे बाइक से नया पुरवा बाजार से घर जा रहा था। इस बीच अचानक एक बाइक सामने से उसकी बाइक से टकरा गयी। दुर्घटना में सचिन को चोटें आ गयी। क्षेत्रीय लोगों ने घायल को लालगंज ट्रामा सेण्टर उपचार के लिए भेजवाया। अस्पताल में उपचार जारी है।

उप लोकायुक्त के निर्देश पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर गांव के शिवलाल यादव द्वारा लोकायुक्त के यहां ग्राम प्रधान हंसराज देवी के विरुद्ध दाखिल किए गए परिवाद में उप लोकायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा गठित की गई त्रिसदस्यीय कमेटी शुक्रवार को आरोपों की जांच करने गांव पहुंची।जांच टीम में सम्मिलित उपजिलाधिकारी कुंडा भरतराम यादव, क्षेत्राधिकारी कुंडा अजीत सिंह व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सुरेश सिंह गांव पहुंचे और शिकायतकर्ता के आरोपों की गहन जांच पड़ताल की। शिकायतकर्ता शिवलाल यादव की शिकायत की अधिकारियों ने बिंदुवार जांच की व दोनों पक्षों से साक्ष्य संकलित किए। उक्त आरोपों पर उतरार ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता शिवलाल के ऊपर कई मामले दर्ज हैं। उन्हीं मामलों में समझौते का दबाव बनाने के लिए आए दिन निराधार व बेबुनियाद आरोप लगाता रहता है।इस दौरान राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी, लेखपाल प्रतीक गुप्ता, पूर्व प्रधान अलोपी दीन मौर्य, पूर्व बीडीसी रामसुमेर पाल, बीडीसी घनश्याम सरोज, बाबूलाल यादव, केशलाल मौर्य, संदीप यादव, अतीश शुक्ल, विपिन यादव आदि उपस्थित रहे।

350 लीटर अवैध शराब के साथ महिला समेत 3 गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने 350 लीटर अवैध शराब बरामद कर महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है। जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री रामकुमार मिश्रा मय हमराह म0का0 पारूल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम छैमर सरैया से 01 अभियुक्ता राजकुमारी पत्नी राजू वर्मा निवासी छैमर सरैया थाना लीलापुर,जनपद प्रतापगढ़ को 180 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 165,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री अशोक सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम छैमर सरैया से 01 अभियुक्त राजू वर्मा पुत्र विशम्भर निवासी छैमर सरैया थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 164,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री अमरेश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम छैमर सरैया से 01 अभियुक्त लाला पुत्र रामकुमार निवासी छैमर सरैया थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को 120 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 163,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

समाचार लेखन में निष्पक्षता बरतें पत्रकार-पन्ना लाल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई कुंडा अध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारी की एक बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत समाचार लेखन हेतु पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए अपेक्षा की है कि सभी ग्रामीण निष्पक्ष व ईमानदारी से समाचार लेखन का कार्य करें। समाचार लिखते समय इसका ध्यान रखें कि कहीं से पीत पत्रकारिता की झलक न दिखाई पड़े। वैसे तो विचारधारा अलग-अलग पत्रकारों की अलग-अलग हो सकती है। जिस दल को आप वोट देना चाहते है, वोट वही दे क्योंकि यह आपकी विचार धारा है। लेकिन जब समाचार लेखन का कार्य करें तो उसमें आपके विचार नहीं समाहित होने चाहिए। बल्कि समाचार का लेखन आईने की तरह साफ होना चाहिए। तभी आप समाज में सम्मान की दृष्टि से देखे जाएंगे। यहां तक कि आपके विचारों से मेल न रखने वाले भी आपका सम्मान करेंगे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सरकार आदि बनाम सोभनाथ आदि
बनाम
1. सोभनाथ सुत नन्दन 2. रामकिशोर 3. लालमणि 4. गुलरू सुतगण राजाराम 5. मुकुन्दलाल 6. रामसिंह 7. इन्द्रपाल सुतगण माताफेर 8. अमरनाथ सुत नन्दन 9. हीरामणि 10. लल्लू पुत्रगण प्रभु देवी 11. सुभाषचन्द्र शर्मा सुत उद्री प्रसाद निवासी ग्राम अतरी पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

खो गया है

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा 2023 अंक विवरणिका सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक23249935 मेरा वास्तव में खो गया है।

सानिया बानो पुत्री शमशाद अली

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड की इंटर मीडीएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक -1290750- का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

श्रुति मिश्रा
पुत्री अजय मिश्रा
ग्राम सभा पूरे ठकुराइन पोस्ट डेरवा ,
तह0 कुण्डा प्रतापगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम प्राची पाल तथा उसकी जन्मतिथि 14.04.2017 आधार कार्ड नं0 4547 7345 9699 में लिपिक त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम तनवी पाल तथा जन्मतिथि 14.04.2018 है जो की सही है। मेरी पुत्री को सही नाम तनवी पाल से जाना व पहचाना जाये।

नागेन्द्र कुमार पाल
सुत राम निहोर पाल
निवासी ग्राम पूरे ईश्वरनाथ
पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़

घायल राजमिस्त्री की इलाज के दौरान हुई मौत

कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे सुखदेव निवासी मनोज कुमार पासी 38 वर्ष पुत्र अलग बहादुर गुरुवार को करीब 3 बजे जेठवारा से घर आ रहा था, भीटारा नहर के पास चामुंडा बस ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे वह सड़क के किनारे जा गिरा। और चालक बस लेकर भाग गया। लोगों ने उसे अस्पताल भेजवाया और परिजनों को भी सूचित किया। लेकिन गंभीर घायल राजमिस्त्री की रास्ते में ही मौत हो गई।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सरकार आदि बनाम शिव कुमार आदि
बनाम
1. शिव कुमार सुत हीरालाल 2. हीरालाल सुत मातादीन 3. मीरा पत्नी संतलाल 4. हीरावती पत्नी लाल बहादुर 5. सजीवन 6. राजू सुतगण रामसुन्दर 7. उर्मिला देवी पत्नी शम्भूनाथ 8. श्यामलाल 9. अच्छेलाल 10. इन्द्रमणि सुतगण सत्यनारायण निवासी ग्राम चंदीपुर पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

भाजपा के कार्यकाल में हुआ है समाज के सभी वर्गों का विकास - पाल

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी के बांदा लोकसभा के मानिकपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कृषक इण्टर कॉलिज भौरी में आयोजित किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करें। यह चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है। हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर आर के पटेल बनकर चुनाव में सक्रिय प्रयास करें। हर बूथ में हमें घर-घर पहुंचकर जन जन से सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयास से जब मतदान होता है तो भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेने चलती है, पहाडी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है, राम वन गमन पथ बनता है, श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। पीएम मोदी का संकल्प है नारी शक्ति का सशक्तिकरण, गरीब का कल्याण, किसान का विकास और युवाओं के सपनो को साकार करना। उन्होंने कहा कि शक्ति की बात न्यारी है, चण्ड-मुण्ड पर भारी है। कहा कि जिन लोगों ने राम भक्तों पर गोली चलवाई, जिन लोगों ने राम के आस्तित्व को नकारा है, ऐसे लोगो के विरूद्ध जन जन से आग्रह करना है जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देहि। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड जन जन के सामने है। यदि हर भ्रष्टाचारी के सींग होती तो अरविंद केजरीवाल राजनीतिक पटल पर बारहसिंगा होते। सपा का पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। सपा ने न तो पिछडो का विकास किया और न ही बसपा ने दलितों का विकास किया। पिछडो और दलितों का विकास भाजपा की डबल इंजन सरकारों के कार्यकाल में हुआ।

जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि जिस पार्टी के पास पीएम मोदी और सीएम योगी जैसा नेतृत्व हो और ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह तो हर हाल में विजयी होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ होता है। बिना इनके पार्टी नही खडी हो सकती। मतदान के दिन बूथ पर बूथ अध्यक्ष ही लडता है तभी विजय मिलती है। सभी बूथ अध्यक्षों को एक सजग प्रहरी की भाति लगकर अपने बूथों में मतदाताओं से सम्पर्क व सवाद करना है। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने को प्रत्याशी मानकर इस महासमर मे उतरना होगा। सभी को प्रधानमंत्री के 10 वर्षो के सुशासन व विकास की बातो को बताने व समझाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि वह आपकी तरह भाजपा के एक छोटे कार्यकर्ता हैं। यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लडा जा रहा है।

इस मौके पर बांदा लोकसभा के प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, कर्वी विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, अध्यक्षता लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अश्वनी, अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, शिवकांत पांडेय, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, जयप्रकाश पांडेय, गंगाधर मिश्रा, रामरतन प्रजापति, शंकर दयाल जायसवाल, दशरथ प्रजापति, हीरो मिश्रा, रवि, ओम प्रकाश मिश्रा, आशीष पांडेय, अभिषेक ओझा, बृजेश शुक्ला, ममता सिंह, राजीव तिवारी, संजय पांडेय आदि मौजूद है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर कच्ची व 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

शिवरामपुर चौकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा मनीलाल उर्फ मुन्नीराम निवासी भंभई को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक इंदल सिंह तथा उनके हमराही द्वारा शारदा निवासी टिकरिया जमुनिहाई को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक सुशीलचन्द्र निगम तथा उनके हमराही द्वारा लाला भइया निवासी ग्राम करका पडरिया को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

साप्ताहिक सामूहिक विपश्यना ध्यान साधना आज

प्रतापगढ़। आज शनिवार 27 अप्रैल को सम्राट अशोक महान पुस्तकालय,पल्टन बाजार में शाम-6,30 बजे से साप्ताहिक सामूहिक विपश्यना ध्यान साधना,आनापानसति का आयोजन किया गया । यह जानकारी राकेश कन्नौजिया ने देते हुए बताया कि साधकों द्वारा इस एक घण्टे के आयोजन में नये साधकों को आनापानसति व पुराने साधकों को विपश्यना ध्यान साधना सामूहिक रूप से अभ्यास किया जायेगा ।

सीओ ने अपराध शाखा के विवेचकों का किया अर्दली रुम

चित्रकूटः क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने अपराध शाखा कालूपुर में अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम के दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी ली। साथ ही लम्बित रखने का कारण पूछा।

भक्त की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार - कथा वाचक

चित्रकूटः श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र व शिव विवाह की कथा का रसपान कराया।

धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भागवत भगवान ने सर्वप्रथम वांचा है। जिसे नारद मुनि ने सुना। नारद ने भगवान व्यास को सुनाया। व्यास जी ने शुकदेव व शुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत कथा श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि नारद मुनि भगवान से मिलने के लिए आतुर थे। तीसरे जन्म पर भगवान ब्रह्मा के पुत्र के बाद नारायण से मिले। उन्होंने बताया कि कलियुग प्रथम चरण में है। कलियुग की आयु चार लाख 32 हजार वर्ष है। जब किसी भक्त को परेशानी होती है तो प्रभु संकट का निवारण करते हैं। उन्होंने ध्रुव चरित्र के बारे में बताया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। भक्त की रक्षा के लिए प्रभु ने अवतार लिया था। शिव विवाह की कथा में बताया कि पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह हुआ। आरती के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हुआ भण्डारा, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

लालगंज, प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के हण्डौर पूरे शुक्लन में श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर गुरूवार की देर शाम सामूहिक भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भगवान बजरंगबली के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकाण्ड तथा हनुमान चालीसा के पाठ से भगवान बजरंगबली से सुख शांति की प्रार्थना की। आयोजन में भजन संकीर्तन के कार्यक्रम का संचालन अभय शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रधान वीरू सिंह, विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल, प्रतिभा सिंह, अभिषेक मिश्र, विकास मिश्र, इं. भूपेश त्रिपाठी, गणेश प्रताप सिंह, बबलू सिंह, मनोज तिवारी, संजय दुबे, प्रदीप सिंह, समाजसेवी संजय शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, बृजेश शुक्ल, नागेन्द्रभूषण शुक्ल, शिवांश शुक्ल, संजय उपाध्याय, राजकिशोर शुक्ल व राजेश शुक्ल आदि रहे।

ईश्वर आराधना के साथ करें अच्छे कर्म - स्वामी ओम नन्द महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उक्त विचार सदर क्षेत्र के पूरे माधोसिंह पुरवा में अधिवक्ता पंडित रमाकांत त्रिपाठी के आयोजकत्व में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास स्वामी ओम नन्द महाराज ने कही। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। स्वामी ओम नन्द महाराज ने शुक्रवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। इस दौरान भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर झूमने लगे।इस दौरान प्रमुख रूप से अधिवक्ता मुकेश त्रिपाठी, प्रेमा देवी, बबिता, सुष्मिता, संदीप, भावना त्रिपाठी,मानस सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से संचालित हो रहे हॉस्पिटल

चिकित्साधिकारी को किसी बड़ी घटना का इंतजार संभावित

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार,प्रतापगढ़। क्षेत्र के अंतर्गत बिहार बाजार से लेकर बाघराय बाजार तक अवैध तरीके से बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से 5बेड 7बेड तक के हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं,लेकिन स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारी इस ओर संज्ञान नही ले रहे हैं। इसमें बड़ी चिंता का विषय है, कि बिना रजिस्ट्रेशन मानक विहीन कई हॉस्पिटल मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ही कर रहे हैं। बता दें कि इन प्राइवेट हॉस्पिटलों में स्टाफ भी नही हैं। हॉस्पिटल का नाम बड़े बड़े बैनरों में लिखकर बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, लेकिन उच्चाधिकारी इस ओर संज्ञान नही ले रहे हैं। ये तो और भी ज्यादा चिंता का विषय है। जब जिम्मेदार ही इन प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों को मौन संरक्षण दे रहे हैं। गौरतलब है कि स्थानीय पत्रकारों द्वारा कई बार इस विषय को लेकर सीएमओ कार्यालय प्रतापगढ़ को अवगत कराया गया,लेकिन आज भी स्वास्थ्य महकमा मौन साधे हुए इन अवैध हॉस्पिटल संचालकों को मौन संरक्षण दे रहा है।

विद्युत सार्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग आधा दर्जन बकरी जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

बीरापुर ,प्रतापगढ़।रानीगंज तहसील क्षेत्र के बसहा गांव निवासी फूलचंद रजक बकरी पालन कर परिवार का भरण पोषण करता है। वह बकरियों के लिए छप्पर बनाया था। जिसमें आधा दर्जन बकरी बांध रखा था। शुक्रवार की दोपहर छप्पर से गुजरी विद्युत केबल में अचानक सार्ट सर्किट होने से छप्पर में आग लग गई। आग की उठती लपके देख जब तक लोग कुछ समझ पाते हल्ला गुहार मचाते तब तक आग ने पूरे छप्पर को अपने आगोश में ले लिया।जिसमें बंधे आधा दर्जन बकरी आग की चपेट में आकर जलने लगे। यह सब देख आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन सुखे सरपत और पछुआ हवा के चलते आग पर काबू नहीं कर सके और आग बढ़ते बढ़ते दूसरे रिहायशी छप्पर को भी अपने आगोश में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचकर समरसेबल चलाकर घंटों अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाये। लेकिन तब तक आधा दर्जन बकरी, अनाज, वस्त्र, बर्तन, तखत, चारपाई, भूसा, लकड़ी, गृहस्थी का सारा सामान सहित करीब एक लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुड़ गई। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचकर घायल बकरी का इलाज किया। और आधा दर्जन मृत बकरियों का पोस्टमार्टम किया। और क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना का मौका मुआयना कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया।

तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

कुंडा प्रतापगढ़। प्रेरणा पुंज स्मृति शेष संतोष कुमार दीक्षित की तृतीय पुण्यतिथि पर बाबागंज विकासखंड के राजापुर गांव में वरिष्ठ समाजसेवी श्याम पांडेय ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया । वरिष्ठ समाजसेवी श्याम पांडे ने कहा की वह बहुत ही विद्वान थे । संतोष कुमार दीक्षित उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और वरिष्ठ पत्रकार थे। वह हमेशा गरीब असहाय की मदद करने में सबसे आगे खड़े रहते थे। हम लोगों ने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह भले ही दुनिया में नहीं है परंतु आज भी लोग प्रेरणा स्रोत मानते हैं और आगे भी मानते रहेंगे। इस दौरान अधिवक्ता दिवाकर पांडेय, संतोष त्रिपाठी, रमेश कुमार यादव, जनसत्ता दल पार्टी के सक्रिय सदस्य सूरज द्विवेदी डीह बलई, आशीष यादव, राम भवन प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उप्रावि बहलोलपुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर लक्ष्मणपुर प्रतापगढ़ मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिभा सिंह प्रधानाध्यापक तथा संचालन मनीष कुमार ओझा स.अ. ने किया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे निर्भय सिंह अध्यक्ष प्रा.शि.संघ लक्ष्मणपुर ने उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लो से प्रेरित करते हुए बच्चों से कहा कि सभी बच्चे नियमित विद्यालय आए तथा शिक्षक हमेशा समाज को सर्वश्रेष्ठ देता है।विशिष्ट अतिथि के रुप मे अर्जुन कुमार अध्यक्ष पू.मा.शि.संघ लक्ष्मणपुर ने कहा कि शिक्षा उस जननी का दूध है जो पिएगा वहीं दहाडेगा।आज सरकार बच्चों की अच्छी से अच्छी शिक्षा हेतु प्रयासरत है।अति विशिष्ट अतिथि सुधीर कुमार मिश्र (सोनू मिश्रा)ने बताया कि शिक्षकों की तरह सभी अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजे।कार्यक्रम संयोजक सी.पी.राव जिलाध्यक्ष अटेवा ने कहा कि पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है। संचालन करते हुए मनीष ओझा ने कहा कि उच्च प्रा.वि.विगत वर्ष अपने परिश्रम के बल पर विभिन्न परीक्षाओं मे बच्चों की भागीदारी कराया।जिसमे अपेक्षित सफलता भी प्राप्त हुई है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि अभिभावक नये सत्र मे अधिक से अधिक नामांकन कराए।तथा कार्यक्रम के अंत मे पूर्व प्रधान श्री रामचन्द्र मोदनवाल (साधू),ए.आर.पी.आशीष खरे,रवीन्द्र कुमार पटवा द्वारा सभी कक्षाओं के प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम मे अभिभावक गण नीतू मौर्य, कुसुम, डिम्पल सोनी,अर्पित ओझा,रिंकू दूबे, आशापाल गुप्ता,नीरज,अनम,खुशी,अंशिका,कशिश ा,अयान,अर्शलान आदि उपस्थित रहे।

तमंचा,कारतूस बरामद,अभियुक्त गिरफ्तार

पटटी,प्रतापगढ़। पुलिस ने 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्द कारतूस 315 बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना पट्टी के उ0नि0 श्री अजीत सिंह मय हमराह का0 सोनू कुमार यादव, का0 रविन्द्र मौर्या द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त संदीप कुमार यादव पुत्र राममोहन यादव ओझला थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थानाक्षेत्र पट्टी के उडैयाडीह मोड़ कस्बा पट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी पर मु0अ0सं0 141,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, कोहराम

बिहार/ प्रतापगढ़ बाघराय थाना क्षेत्र के भिटारा चौराहे से आगे भिटारा नहर के पास दिन गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से सुखदेव का पूरा कटरा गुलाब सिंह निवासी अमनोज कुमार पुत्र अलग बहादुर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिससे उनके सिर तथा शरीर में काफी चोटआई,। कुछ स्थानीय लोगों के अनुसार अमनोज कुमार को टक्कर मारने वाला वाहन बस थी,दुर्घटना के बाद काफी देर तक दुर्घटना ग्रस्त युवक स्थल पर ही पड़ा रहा। किसी ने उक्त की सहायता नही की। तभी प्रतापगढ़ की ओर से थाने लौट रहे बाघराय निकेत भारद्वाज की निगाह उक्त युवक पर पड़ी, तो तत्काल बाघराय एसएचओ ने उक्त को बाघराय सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। जहां पहुंचने से पहले ही अमनोज ने दम तोड दिया। अमनोज कुमार मौत से पूरे घर में मातम छा गया,परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

प्रेम प्रसंग में तीन बच्चों की मां की गला दबाकर हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। हलियापुर थानाक्षेत्र अंतर्गत जरईकला में विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका पति घर पर नहीं था। हत्याकांड से गांव में हड़कंप मच गया है। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने दल बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। वही मृतका के पति ने नामजद तहरीर थाने पर दी है।

जानकारी के अनुसार हलियापुर थानाक्षेत्र के जरईकला निवासी दिनेश पासी की पत्नी का विवाह गांव से दो किमी दूर गौहानिया की रहने वाली सुनीता (35) के साथ हुआ था। दोनों ने पंद्रह वर्ष पूर्व लव मैरिज की थी। सुनीता के दो लड़के और एक लड़की है। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पड़ोस के डब्लू पासी का घर में आना-जाना बढ़ गया। कुछ ही दिनों में सुनीता और डब्लू में काफी नजदीकियां हो गई। जिसकी चर्चा गांव क्षेत्र में होने लगी। दिनेश को भी ये सब देख सुनकर बुरा लगता लेकिन वो अनदेखी करता।

डब्लू भी शादीशुदा था, काफी चर्चाओं के बाद जब बात उसकी अपनी पत्नी के कानों तक पहुंची तो वो मायके चली गई। उधर अब सुनीता और डब्लू के मध्य अवैध रिश्ते में तल्खी आने लगी। अक्सर फोन पर दोनों में नोक झोंक और गाली-गलौज तक होती।

बताया जा रहा है कि बीती रात दिनेश अयोध्या के अरकुना गांव में मामा के घर गया हुआ था। यहां घर पर पत्नी सुनीता तीनों बच्चों के साथ थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी समय में डब्लू घर में घुसा और फिर सुनीता और उसमें मारपीट होने लगी। काफी झड़प हुई तो आवाज ग्रामीणों ने भी सुना। इसके बाद आक्रोश में आए डब्लू ने उसका गला दबाकर मौत के घाट उतारा और मौके से भाग निकला। दिनेश के घर के आंगन में चूड़ियों के टूटे पड़े होने के साथ एक मोबाइल टूटा मिला है। ग्रामीणों ने दिनेश को सूचना दिया वो घर पहुंचा तब तक सीओ बल्दीराय व एसओ हलियापुर भी मौके पर पहुंच चुके थे। अधिकारियों ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। वही दिनेश ने डब्लू के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस में दी है। इस बीच मृतका सरिता की मासूम बेटी लक्ष्मी जो घटना की प्रत्यक्षदर्शी है उसने बताया कि डब्लू ने हमारी मां को मार डाला है। सीओ सौरभ सावंत ने बताया कि बेटी के बयान, घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षा चौपाल में लोगो को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

अजगरा, प्रतापगढ़। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दुबे का पुरवा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। शिक्षा चौपाल का प्रारम्भ मां सरस्वती की वन्दना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। चौपाल मे बोलते हुए एआरपी डॉ संजीत शुक्ल ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे गरीबी को दूर भगाया जा सकता है। एआरपी विजय विश्वकर्मा ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता का वर्णन किया। बी डी सी सदस्य ने विद्यालय स्टॉफ की बहुत प्रशंसा किए। अन्य उपस्थित अभिभावक भी विद्यालय की गुणवता की सराहना करते रहे। यह विद्यालय विकास खंड का पहला निपुण विद्यालय है जहा बच्चों की उपस्थिति 90 से 100प्रतिशत रहती है इसी उपस्थित में बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक कुरमेंद्र सिंह वर्मा द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। एआरपी टीम द्वारा निपुण विद्यालय के समस्त स्टॉफ को छोटा सा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बालकृष्ण, कौशलेश यादव, पल्लवी सिंह, तैय्यबा खातून, सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी रविन्द्र कुमार पटवा ने किया।

टॉपर बेटियां विद्यालय की बड़ी उपलब्धि- रेखा देवी

बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में टॉपर बेटियों का हुआ सम्मान

बलरामपुर । शुक्रवार को बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड 2023 24 हाई स्कूल इंटर के टॉप 3 मेधावी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में हाई स्कूल टर्म इंटरमीडिएट में टॉप 3 आने वाले छात्राओं को फूलमाला पहनकर उन्हें सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय प्रिंसिपल रेखा देवी ने कहा कि यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट 2023 24 परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय प्रबंध समिति ने मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया जिसके तहत हाई स्कूल में 93.5 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली मेधावी तरन्नुम बानो को सर्वोच्च अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया वहीं दूसरे स्थान पर 92.7 प्रतिशत पर रही वारिसा खान एवं 89.7 प्रतिशत पर रही सना उरूज को सम्मानित किया गया वहीं इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली छात्र पिंकी जयसवाल फातिमा अंसारी को प्रथम सोनाली को द्वितीय एवं कोमल मिश्रा को तीसरे स्थान पर आने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रिंसिपल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है उन्होंने कहा कि 0.5त्न से विद्यालय की मेधावी जिले की टॉपर सूची से पीछे रह गई हैं जिसे आगे हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा परीक्षा प्रभारी अविनाश मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्राओं ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता वंदना पांडे अविनाश मिश्रा अन्नपूर्णा देवी तबस्सुम बानो सोनम मौर्य आदित्य राठौर प्रियंका गुप्ता अर्चना श्रीवास्तव चंदन पाठक एकता सिंह प्रिया रानी श्रीवास्तव खुशबू वर्मा तहसील फातिमा सोनी जायसवाल श्वेता सरोज शिक्षक शिक्षिकाएं रहे हैं।

एटीवीएम मशीन और यूटीएस ऐप से निकाले टिकट, रेलवे टिकट पर दे रही 55% सब्सिडी

सुल्तानपुर। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेल प्रबंधक सचिंदर मोहन शर्मा ने शुक्रवार को सुल्तानपुर जंक्शन स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। करीब साढ़े तीन घंटे के उनके निरीक्षण में उन्होंने अपने मातहत अधिकारियों व कर्मचारियों से इतने सवाल कर डाले कि सभी पसीने-पसीने हो गए। उन्होंने मीडिया से बातचीत में इस बात के संकेत दिए हैं कि जल्द ही सुबह के समय में सुल्तानपुर से लखनऊ के लिए एक ट्रेन चलाई जा सकती है, इसके लिए हम ऊपर बात करेंगे।

डीआरएम ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म से लेकर आज लॉबी, पार्सल घर, जनरल टिकट काउंटर, रिजर्वेशन टिकट काउंटर, इंक्वायरी रूम आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह हमारा नार्मल निरीक्षण था, जो होना चाहिए। हमने जो इंजीनियरिंग विभाग है, पीडब्ल्यूआई के ऑफिस समेत और कई ऑफिस देखे। जो जानकारिया हमने शेयर की हैं उनको भी देखा गया कि जो कर्मचारी हमारे नीचे कार्य कर रहे हैं उनको इनकी जानकारी है या नहीं। स्टॉफ की छुट्टियां ठीक से हो रही हैं या नहीं।उन्होंने कहा कुछ-कुछ खामिया तो आती ही हैं। जो हैं उस पर करेक्टिव एक्शन लिया जा रहा है।

डीआरएम ने आगे बताया कि जो बड़े स्टेशन है वहां पानी की व्यवस्था चालू हो गई। यहां भी हम जल्द ही शुरू कराएंगे। अभी यहां पर चेक किया गया जितनी भी पानी की टंकियां हैं, नल हैं यह सब काम कर रहे हैं। यात्री उससे भी पानी पी सकते हैं। बोतल भी मिल रही है। जल्द ही हम लगे रिफिलिंग वाले सिस्टम को चालू करेंगे। आजकल जो अनरिजर्वड टिकट हैं जैसे लखनऊ है, 80त्न टिकट नॉन काउंटर हो गए हैं। आपको भी समझना है, मतलब हर आदमी काउंटर से नहीं लें। एटीवीएम मशीनें लगी हैं उनसे टिकट निकाल लें। अपना यूटीएस ऐप है उससे टिकट निकाल लें। रेलवे 55त्न सब्सिडी वैसे ही दे रही है टिकट पर। तो जो हमारे यात्री हैं अगर इस पर जाएंगे तो लोग इंडिपेंडें भी होंगें और जो टिकट सेल्स करने में नुकसान होता है हमारा वो बचेगा।

पांच प्रतिशत निषाद मोदी को बनाएंगे पीएम-केश कुमारी

सुल्तानपुर। निषाद पार्टी की राष्ट्रीय सचिव केश कुमारी निषाद ने कहा कि आने वाले समय में गठबंधन के साथ उनकी पार्टी दमखम के साथ चुनाव जीतेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सूबे के निषाद समाज के आरक्षण को लेकर जल्दी मांगे पूरी करेंगे। उन्होंने दूसरे चरण के चुनाव में दावा किया कि हम जीत रहे हैं।कहा की निषाद समाज ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ सहयोग किया है और सरकार की नीतियों नियमों में आस्था रखते हुए सहयोग बनाते हुए चल रही है। उन्होंने कहा आज जनपद सुल्तानपुर में उनके समाज के लोगों के लिए रोजगार और उद्यम की जरूरत है। सुल्तानपुर के गोमती नदी से सटे हुए ज्यादातर निषादों की बस्तियों में विकास का होना बाकी है। समाज के बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिन्हें आज भी हक और हुकूक़ की लड़ाई के लिए बड़े-बड़े अधिकारियों की चौखट पर माथा पटकना पड़ता है । उन्होंने कहा कि समाज के बहुत सारे ऐसे वंचित वर्ग हैं जो प्रधानमंत्री आवास ,जमीनों के पट्टे जैसे योजनाओं से वंचित है । इसमें ज्यादातर अड़ंगा जिला प्रशासन के और चुने हुए ग्राम का मुखिया पैदा करते हैं ।

हमले की निंदा

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कुशीनगर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद के ऊपर हुए हमले का विरोध किया है । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एक संघर्षशील पार्टी है और तमाम संघर्षों के चलते उनकी पार्टी ने घुटने नहीं टेके । अभी डॉ संजय निषाद को दो वर्ष हुआ है मंत्री बने हुए। आने वाले समय में जल्दी ही मत्स्य विभाग की ओर से बहुत सारे पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जाएगा।

मेनका गाँधी 9वीं बार बनेंगी सांसद

निषाद पार्टी की राष्ट्रीय सचिव केश कुमारी ने कहा कि फिर से माता मेनका गांधी जी 9वीं बार सांसद बनेंगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, पांच प्रतिशत निषाद बनाएंगे मोदी जी को पीएम। उन्होंने तीसरी बार भाजपा सरकार का नारा दिया। रास्ट्रीय सचिव केश कुमारी ने कहा कि निषाद 5त्न समाज सीधे 16 जिलों में अपना प्रभाव रखता है ।160 विधानसभा में सीधे दखल रखते हैं।आने वाले समय मे निषाद समाज वंचित वर्ग को उनका हक़ दिलाएगा।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में अनुराग वा अभिज्ञान का हुआ चयन

अजगरा, प्रतापगढ़। क्षेत्र के पूरे नेवजी स्थित बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल के दो छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति में हो गया है। बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल के होनहार छात्र अनुराग पाल वा अभिज्ञान पाल ने लिस्ट में अपना अपना नाम देखते ही अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय बाल मुकुंद जूनियर हाई स्कूल पूरे नेवाज़ी अजगरा पहुंचे और दोनो छात्र अपने उत्थान हेतु अपने गुरुजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय में मौजूद प्रबंधक मृत्युंजय शुक्ला द्वारा दोनो बच्चों को सम्मानित किया गया वही प्रधानाध्यापक विपिन कुमार तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया की पिछले वर्ष भी विद्यालय के तीन छात्र इस परीक्षा में चयनित हुए थे। इस मौके पर मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, सूर्यमणि शुक्ला, शिवशंकर द्विवेदी, दिवाकर पाण्डेय, विजय कुमार सिंह, शिवाकांत यादव, कमलेश यादव सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं भी मौजूद भी रहे।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल का किया गया भौतिक निरीक्षण

सुल्तानपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 38-सुलतानपुर के लिये नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी सुलतानपुर के आस-पास की गयी वैरीकेटिंग, छाया हेतु टेन्ट, साफ-सफाई, आने जाने के लिये रूट डायवर्जन प्लान, सुरक्षा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एस0 सुधाकरन, अपर पुलिस अधीक्षक अरूण चन्द्र, उप जिला मजिस्ट्रेट/एआरओ टी0पी0 सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शिवम मिश्रा सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामांकन की प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत बनायी जाने वाली वैरीकेटिंग, रूट डायवर्जन प्लान आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को

आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी का भौतिक निरीक्षण कर लो0नि0वि0 द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगायी जाने वाली वैरीकेटिंग, टेंट आदि के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लॉ एण्ड आर्डर के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ चर्चा करते हुए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती हेतु माइक्रो प्लान बनाने व सही स्थान का चयन करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने न्यायालय कक्ष में कम्प्यूटर सिस्टम लगाने, वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी आदि सभी आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सभी संबंधित अधिकारियों को ससमय सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

20 हजार के इनामिया बदमाश पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार

सुलतानपुर। जिले की जयसिंहपुर पुलिस टीम को आज तड़के सुबह एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस को मुखबिर द्वारा यह सूचना मिली की जयसिंहपुर पेट्रोल पंप लूटकांड का अभियुक्त 20 हजार का इनामिया बदमाश नौशाद खान फिर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में घूम रहा है। मुखबिर की सूचना पर हरकत में आई जयसिंहपुर की पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। अपने को पुलिस के बीच फसा देख बदमाश नौशाद खान ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की जिसमे बदमाश नौशाद के पैर में गोली लगी जिससे वो घायल हो

गया। पुलिस ने तत्काल घायल बदमाश नौशाद को जयसिंहपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि घायल बदमाश का नाम नौशाद खान पुत्र शोएब खान निवासी धौरहरा थाना जीएनपुर जनपद आजमगढ़ का निवासी है। यह आजमगढ़ जिले का हिस्ट्रीशीटर है तथा जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में हुए पेट्रोलपंप लूटकांड का अभियुक्त है इस पर बीस हजार का इनाम घोषित था।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

जौनपुर। डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ0 विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 में जनपद जौनपुर में 352 छात्रों ने सफलता हासिल किया।

इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को प्रतिमाह रू 1000 की दर से 01 वर्ष में रुपया 12000 तथा 4 साल (नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक) कुल 48000 रुपया प्राप्त होगा। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति शुरू की गई थी। इसके लिए आठवीं में पढ़ने वाले जनपद जौनपुर से 5586 बच्चों ने आवेदन किए थे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 अगस्त 2023 से शुरू हुई और 28 सितंबर तक आवेदन लिए गए थे। पांच नवंबर को प्रदेश स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में 5586 बच्चे शामिल हुए थे। जनपद के लिए कुल आवंटित छात्रवृत्ति 358 है। जिसमें कुल 352 छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। अनुसूचित जनजाति के छात्र न होने के कारण 6 छात्रवृत्ति नहीं मिल सकी। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुइथाकला से 12 छात्र, कंपोजिट स्कूल मयंदीपुर 11 छात्र, कंपोजिट स्कूल डीह अशरफाबाद 11 छात्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय पवारा 11 छात्र, कंपोजिट स्कूल दुधौडा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर कला एवं कंपोजिट विद्यालय भन्नौर से 6-6 छात्र, कंपोजिट स्कूल मिर्जापुर कौरहा से पांच छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्र परीक्षा में समस्त सफल छात्रों उनके शिक्षकों को जनपद नोडल शिक्षक डॉ0 ओमप्रकाश गुप्त एवं दुष्यंत मिश्र ने हार्दिक बधाई प्रेषित किया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय पिलखिनी का औचक निरीक्षण

जौनपुर। दूरभाष पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा शुक्रवार को अपरान्ह 12:35 बजे विकासखंड धर्मापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिलखिनी का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में विद्यालय में कार्यरत समस्त शैक्षणिक कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित पाए गए। विद्यालय को प्राप्त कंपोजिट धनराशि कुल 50000 के सापेक्ष आय-व्यय पंजिका गत शैक्षिक सत्र 2023-24 से अद्यतन नहीं पाई गई। विद्यालय में कुल नामांकित 99 छात्रों के सापेक्ष भौतिक रूप से विद्यालय में सिर्फ 35 छात्र उपस्थित पाए गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार गुप्त द्वारा विद्यालय के छात्रों की अनुपस्थिति को छात्र उपस्थिति पंजिका पर दर्ज नहीं किया गया था। विद्यालय द्वारा मध्यान्ह भोजन पंजिका में गत तीन कार्य दिवसों में छात्रों के लाभार्थी संख्या क्रमशः 67, 72, 72 दर्ज की गई पाई गई। गत 03 कार्य दिवसों में दर्ज छात्र

संख्या के सापेक्ष निरीक्षण तिथि को उपस्थित छात्र संख्या अत्यंत न्यून पाया जाना, संबंधित विद्यालय द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना का दुरुपयोग किया जाना, प्रथम दृष्टया दृष्टिगत होता है। विद्यालय में छात्रों हेतु खेलकूद सामग्री का अभाव विद्यालय में पाया गया। विद्यालय में प्राप्त उपरोक्त गंभीर कमियों के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक को कड़ा स्पष्टीकरण जारी करते हुये निर्देशित किया कि क्यों न विभागीय कार्यवाही किया जाये इसका जवाब दें, तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय पिलखिनी का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कार्यरत समस्त शैक्षणिक कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित पाए गए। विद्यालय में नामांकित कुल 97 छात्रों के सापेक्ष कुल 40 छात्र भौतिक रूप से विद्यालय पर उपस्थित पाए गए। विद्यालय को प्राप्त कंपोजिट धनराशि कुल 50000 के सापेक्ष आय-व्यय पंजिका प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध न कराए जाने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कठोर स्पष्टीकरण जारी किया गया कि क्यो न विभागीय कार्यवाही की जाये, इसका जवाब दें।

29 तक के लिए कानपुर में 8वीं बार टला सपा विधायक पर कोर्ट का फैसला

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां आगजनी मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी पर होने वाला फैसला आठवीं बार टल गया है। यहां का एमपी एमएलए कोर्ट अब उनके मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को करेगा।

अवगत कराते चलें कि यहां की नजीर फातिमा ने वीते साल 8 नवंबर को जाजमऊ थाने में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई जज्बा सोलंकी समय कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था ।

घटना के मामले में वादिनी का आरोप था कि कानपुर सीसामऊ के विधायक हाजी इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने अपने गुंडों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से 7 नवंबर को उनका अस्थाई घर फूंक दिया था। इसी मामले में दर्ज मुकदमे की एमपी/एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। बस अब फैसला आना है।सपा विधायक इरफान सोलंकी के इस मामले में पहले भी कोर्ट ने फैसला सुनाने को लेकर 14 मार्च फिर 19, 22, 28 मार्च और फिर 4 और फिर 20 अप्रैल को फैसला सुनाने को लेकर तारीख दी थी, अब 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले में यहां की कमिश्नर पुलिस तगड़ी तैयारी के साथ पहले से ही सक्रिय थी।

होटल का बिल मागने पर दबंगो ने तोड़फोड़ कर दी धमकी

दस नामजद सहित पांच अज्ञात पर केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा में स्थित एक होटल में गुरुवार को खाना खाने गए दबंगो ने बिल मांगने पर होटल में तोड़फोड़ करते हुए फिरौती मांगी व धमकी देने लगे । होटल संचालक की तहरीर पर पुलिस ने दस नामजद व पांच अज्ञात लोगो के विरुद्ध लिखापढ़ी कर कार्यवाही में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा निवासी भानू प्रताप सिंह पुत्र रामलखन सिंह गांव मसाला दरबार के नाम से होटल संचालित करते है । भानू प्रताप सिंह ने पईसा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की गुरुवार की रात 11 बजे एक दर्जन से अधिक लोग होटल में खाना खाने आए , खाना खाने के बाद होटल संचालक के भाई विष्णु प्रताप सिंह ने खाने का पैसा मांगा तो दबंगो ने धमकी देते हुए बिल चुकता करने से मना किया कर दिया और होटल के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने लगे साथ ही पचास हजार की फिरौती मांगते हुए मारपीट करने लगे । भानू प्रताप सिंह की शिकायत पर पुलिस ने कालाकांकर रोड सिराथू के रहने वाले अमित सिंह पुत्र केशव सिंह , कैमा के रहने वाले भोला यादव , शिव शंकर , विकास यादव , सोहनलाल लोधी , अनिल यादव , सैनी के शाखा निवासी भानू प्रताप यादव , शैलेंद्र कुमार , अल्पी का पुरवा के रहने वाले रजनीश यादव सहित पांच अज्ञात लोगो के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है ।

आग से दो घरों की गृहस्थी जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी । सिराथू तहसील के तरसौरा गांव में शुक्रवार को दो घरों में आग लगने से गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गांव के रामस्वरूप के घर में दोपहर करीब चार बजे घर के पीछे महुवा के पेड़ों की नीचे पत्तो में लगी आग की चिंगारी आने से घर के अगले हिस्से के छप्पर में आग लग गई जब तक ग्रामीण उस पर काबू पाते वहां पर रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

पीड़ित के अनुसार लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है। वहीं शाम साढ़े छह बजे गांव के ही कमला देवी पत्नी स्व. दिनेश कुमार के घर में भी आग लग गई जिससे कमरे में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीण ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सरकार आदि बनाम सोभनाथ आदि
बनाम
1. सोभनाथ सुत नन्दन 2. रामकिशोर 3. लालमणि 4. गुलरू सुतगण राजाराम 5. मुकुन्दलाल 6. रामसिंह 7. इन्द्रपाल सुतगण माताफेर 8. अमरनाथ सुत नन्दन 9. हीरामणि 10. लल्लू पुत्रगण प्रभु देवी 11. सुभाषचन्द्र शर्मा सुत उद्री प्रसाद निवासी ग्राम अतरी पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

खो गया है

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा 2023 अंक विवरणिका सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक23249935 मेरा वास्तव में खो गया है।

सानिया बानो पुत्री शमशाद अली

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड की इंटर मीडीएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक -1290750- का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

श्रुति मिश्रा
पुत्री अजय मिश्रा
ग्राम सभा पूरे ठकुराइन पोस्ट
डेरवा ,
तह0 कुण्डा प्रतापगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम प्राची पाल तथा उसकी जन्मतिथि 14.04.2017 आधार कार्ड नं0 4547 7345 9699 में लिपिक त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है। मेरी पुत्री का सही नाम तनवी पाल तथा जन्मतिथि 14.04.2018 है जो की सही है। मेरी पुत्री को सही नाम तनवी पाल से जाना व पहचाना जाये।

नागेन्द्र कुमार पाल
सुत राम निहोर पाल
निवासी ग्राम पूरे ईश्वरनाथ
पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़

भाजपा के कार्यकाल में हुआ है समाज के सभी वर्गों का विकास - पाल

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी के बांदा लोकसभा के मानिकपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कृषक इण्टर कॉलिज भौरी में आयोजित किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करें। यह चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है। हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर आर के पटेल बनकर चुनाव में सक्रिय प्रयास करें। हर बूथ में हमें घर-घर पहुंचकर जन जन से सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि आप सबके प्रयास से जब मतदान होता है तो भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेने चलती है, पहाडी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है, राम वन गमन पथ बनता है, श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। पीएम मोदी का संकल्प है नारी शक्ति का सशक्तिकरण, गरीब का कल्याण, किसान का विकास और युवाओं के सपनो को साकार करना। उन्होंने कहा कि शक्ति की बात न्यारी

है, चण्ड-मुण्ड पर भारी है। कहा कि जिन लोगों ने राम भक्तों पर गोली चलवाई, जिन लोगों ने राम के आस्तित्व को नकारा है, ऐसे लोगो के विरूद्ध जन जन से आग्रह करना है जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देहि। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड जन जन के सामने है। यदि हर भ्रष्टाचारी के सींग होती तो अरविंद केजरीवाल राजनीतिक पटल पर बारहसिंगा होते। सपा का पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। सपा ने न तो पिछडो का विकास किया और न ही बसपा ने दलितों का विकास किया। पिछडो और दलितों का विकास भाजपा की डबल इंजन सरकारों के कार्यकाल में हुआ।

जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि जिस पार्टी के पास पीएम मोदी और सीएम योगी जैसा नेतृत्व हो और ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो वह तो हर हाल में विजयी होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ होता है। बिना इनके पार्टी नही खडी हो सकती। मतदान के दिन बूथ पर बूथ अध्यक्ष ही लडता है तभी विजय मिलती है। सभी बूथ अध्यक्षों को एक सजग प्रहरी की भाति लगकर अपने बूथों में मतदाताओं से सम्पर्क व सवाद करना है। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने को प्रत्याशी मानकर इस महासमर मे उतरना होगा। सभी को प्रधानमंत्री के 10 वर्षो के सुशासन व विकास की बातो को बताने व समझाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि वह आपकी तरह भाजपा के एक छोटे कार्यकर्ता हैं। यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लडा जा रहा है।

इस मौके पर बांदा लोकसभा के प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, कर्वी विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, अध्यक्षता लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अश्वनी, अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, अर्पित जायसवाल, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, शिवकांत पांडेय, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, जयप्रकाश पांडेय, गंगाधर मिश्रा, रामरतन प्रजापति, शंकर दयाल जायसवाल, दशरथ प्रजापति, हीरो मिश्रा, रवि, ओम प्रकाश मिश्रा, आशीष पांडेय, अभिषेक ओझा, बृजेश शुक्ला, ममता सिंह, राजीव तिवारी, संजय पांडेय आदि मौजूद है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर कच्ची व 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

शिवरामपुर चौकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा मनीलाल उर्फ मुन्नीराम निवासी भंभई को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक इंदल सिंह तथा उनके हमराही द्वारा शारदा निवासी टिकरिया जमुनिहाई को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक सुशीलचन्द्र निगम तथा उनके हमराही द्वारा लाला भइया निवासी ग्राम करका पडरिया को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय तथा आरक्षी राहुल पुरी, महेन्द्र कुमार द्वारा नीलू यादव निवासी चिल्लीमल को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

सीओ ने अपराध शाखा के विवेचकों का किया अर्दली रुम

चित्रकूटः क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने अपराध शाखा कालूपुर में अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम के दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी ली। साथ ही लम्बित रखने का कारण पूछा।

भक्त की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार - कथा वाचक

चित्रकूटः श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र व शिव विवाह की कथा का रसपान कराया।

धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भागवत भगवान ने सर्वप्रथम वांचा है। जिसे नारद मुनि ने सुना। नारद ने भगवान व्यास को सुनाया। व्यास जी ने शुकदेव व शुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत कथा श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि नारद मुनि भगवान से मिलने के लिए आतुर थे। तीसरे जन्म पर भगवान ब्रह्मा के पुत्र के बाद नारायण से मिले। उन्होंने बताया कि कलियुग प्रथम चरण में है। कलियुग की आयु चार लाख 32 हजार वर्ष है। जब किसी भक्त को परेशानी होती है तो प्रभु संकट का निवारण करते हैं। उन्होंने ध्रुव चरित्र के बारे में बताया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। भक्त की रक्षा के लिए प्रभु ने अवतार लिया था। शिव विवाह की कथा में बताया कि पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। इसके बाद शिव-पार्वती का विवाह हुआ। आरती के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

हत्यारोपी पति की जमानत याचिका खारिज

चित्रकूटः पत्नी की हत्या के मामले में जेल में बंद पति की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने में नीरज कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नीरज के अनुसार उसने अपनी बहन मधु की शादी मऊ थाने के ताडी गांव के निवासी दुर्गादत्त त्रिपाठी के साथ लगभग 24 साल पहले की थी। मधु को उसका पति दुर्गादत्त आए दिन बुरी तरह मारता पीटता था। जिसकी शिकायत करने पर वह जान से मारने की धमकी भी देता था। 28 मार्च 2023 को सबेरे लगभग 6:50 बजे मधु को उसके पति दुर्गादत्त ने लाइसेंसी रायफल से मऊ के मकान में गोली मार दी। अस्पताल ले जाने पर स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज के चिकित्सकों ने मधु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी पति दुर्गादत्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लगभग 1 साल से जेल में बंद आरोपी ने इस मामले में अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कराया था।

एसपी ने शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारी, कर्मचारी का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान आगामी वी.वी.आई.पी., वी.आई.पी. कार्यक्रमों के दृष्टिगत वीवीआईपी, वीआईपी की सुरक्षा सम्बन्धित बिन्दुओं एवं रिंग राउण्ड टीम, रिजर्व पूल की डियूटियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान कर रिहर्सल करायी। प्रशिक्षण, रिहर्सल के बाद पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर, लाइन्स राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

पीडीएम ने नरेन्द्र सरोज को बनाया प्रत्याशी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी । लोकसभा चुनाव के लिए कौशाम्बी संसदीय सीट से पीडीएम ने नरेन्द्र कुमार सरोज को प्रत्याशी बनाया है ।अपना दल कमेरावादी गठबंधन के तत्वावधान में पीडीएम से कौशाम्बी लोकसभा सीट से नरेन्द्र कुमार सरोज को प्रत्याशी बनाया है वही लखनऊ से ममता कश्यप , प्रतापगढ़ से ऋषि पटेल , मिर्जापुर से दौलतराम पटेल के नाम की घोषणा शुक्रवार की शाम कार्यलय सचिव मो आसिफ ने की है ।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सरकार आदि बनाम शिव कुमार आदि
बनाम
1. शिव कुमार सुत हीरालाल 2. हीरालाल सुत मातादीन 3. मीरा पत्नी संतलाल 4. हीरावती पत्नी लाल बहादुर 5. सजीवन 6. राजू सुतगण रामसुन्दर 7. उर्मिला देवी पत्नी शम्भूनाथ 8. श्यामलाल 9. अच्छेलाल 10. इन्द्रमणि सुतगण सत्यनारायण निवासी ग्राम चंदीपुर पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

10 वर्षों से फरार, 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा 10 वर्षों से फरार, 10 हजार के इनामी को तमंचा व कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह एवं आरक्षी मनोज कुमार, राजमंगल द्वारा एससी-एसटी एक्ट में 10 वर्षों से फरार, न्यायालय से मफरर घोषित व 10 हजार रुपये के इनामी संजय सिंह उर्फ सुक्खू सिंह निवासी ग्राम गढचपा को एक तमंचा व कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ने पूंछतांछ में बताया कि वह वर्ष 2014 में गांव के ही अनुसूचित जाति के व्यक्ति के साथ मारपीट की थी जिसने उसके खिलाफ मुकदमा लिखवाया था। उसके बाद वह अहमदाबाद भाग गया था। चोरी छिपे गाँव में आता था। अपनी सुरक्षा के लिये वह तमंचा रखता है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर थाना मानिकपुर में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। साथ ही बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

समाजसेवियों ने करवाया अनाथ गरीब बेटी का विवाह

चित्रकूटः ब्राह्मण परिवार की बिटिया का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। पंडित पुष्पराज त्रिपाठी ने इस विवाह का बीडा उठाया। विवाह के बाद जब विदाई हुई तो माँ की आंखों में बिटिया के घर से जाने की पीडा तो थी। साथ ही उसका विवाह सकुशल संपन्न होने से आंखों में खुशी के आंसू भी थे।

ग्राम पंचायत जमहिल निवासी स्व सत्यनारायण त्रिपाठी का पांच वर्ष पहले निधन हो चुका था। परिवार के नाम पर केवल दो सदस्य बेटी खुशी और विधवा माँ नन्दनी देवी ही बचे हैं। माँ मेहनत मजदूरी करके गुजर-बसर करती है। घर में किसी प्रकार खाने की ही व्यवस्था हो पाती है। बडी हो रही बेटी का विवाह कौन करता। ऐसे में पंडित पुष्पराज त्रिपाठी बेटी के विवाह की पूरी जिम्मेदारी उठायी। खुशी

के विवाह के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मित्र मण्डली से आग्रह किया। सभी मित्रों ने बढ-चढकर सहयोग किया।

जिसमें प्रमुख रूप से सहयोगी उत्तर प्रदेश वाले काका कार्टूनिस्ट उर्फ प्रवीण त्रिपाठी अयोध्या से, श्रवण कुमार पाण्डेय, अवनीश कुमार पाण्डेय चित्रकूट से, गणेश तिवारी मुम्बई से, भारतेंदु गौतम आदि रहे। पंडित पुष्पराज त्रिपाठी ने जमहिल गाँव में रहकर विवाह की सम्पूर्ण व्यवस्था की और वैवाहिक कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया। साथ ही खुशी को मध्यमवर्गीय ग्रहस्थी जीवन में उपयोगी समस्त सामग्री भेंट की गई।

मुआवजा राशि जारी न करने पर उपश्रमायुक्त मिर्जापुर तलब

प्रयागराज, (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृतक कर्मचारी के दावेदारों को अवार्ड किए गए मुआवजे की राशि जारी न करने पर उपश्रमायुक्त मिर्जापुर को तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है कि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और बताएं कि किन परिस्थितियों में, दावेदारों को प्रदान की गई राशि अभी तक जारी नहीं की गई है।यह आदेश न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने एमजी इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग सेंटर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि इस आदेश के प्राप्त होने पर तीन दिन के भीतर मुआवजे की राशि को जारी किया जाए और इसकी जानकारी सुनवाई की अगली तिथि सात मई को प्रस्तुत की जाए।दरअसल मामले में कर्मचारी बाबुलाल के मौत के बाद आयुक्त-उपश्रमायुक्त मिर्जापुर द्वारा पारित आदेश छह लाख, 31 हजार, 874 रूपये का मुआवजा अवार्ड किया। याची ने कर्मचारी मुआवजा आयुक्त के इस आदेश को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी। हालांकि, याची ने दावेदारों को मुआवजे की रकम भुगतान करने के लिए कर्मचारी मुआवजा आयुक्त के समक्ष जमा कर दी। लेकिन, आयुक्त ने हाईकोर्ट के समक्ष अपील लम्बित रहने के कारण मुआवजे की रकम जारी नहीं की

भीड़ जुटाने को बसपा प्रत्याशी समर्थक ने बांटे रुपये

आकाश आनंद की जनसभा के बाद भीड़ लेकर आने वाले लोगों को दी गई नोट की गड्डी डीईओ बोले, एसडीएम चायल जांच कर करेंगे कार्यवाही

कौशाम्बी(हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की सभा में शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। सभा स्थल के पास पार्टी पदाधिकारियों ने आम आदमी के बीच रुपए बांटे। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश राय ने मामले पर चायल के एसडीएम को जांच के बाद स्त्रढ्ढक्र कराये जाने के निर्देश दिये हैं। पार्टी प्रत्याशी ने इस सम्बंध मे कुछ भी कहने से इंकार किया है।बसपा नेता आकाश आनंद शुक्रवार को कौशाम्बी में मूरतगंज क्षेत्र के चंदवारी चौराहे की एक बाग में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों ने भीड़ जुटाने के लिए रुपये का लालच लेकर एकत्रित किया। जनसभा मे बाद जनसभा स्थल के पास पार्टी नेताओं ने खुलेआम रुपये बांटे। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया मे बड़ी तेजी से वायरल हो गया है।वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बसपा के पदाधिकारी आम लोगों के बीच रुपया वितरित कर रहे हैं। रुपया बांटने वाले पदाधिकारियों ने बकायदा बसपा की नीली पट्टी गर्दन में डाल रखी है। रुपये पाने वाले शख्स रुपये को गिनकर अपने समर्थक के बीच जाकर उन्हें भी रुपये देते हुए दिखाई पड़ रहा है।रुपये बांटने का वीडियो वायरल होते ही विपक्षी दलों ने एक्स पर भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन को टैग कर आचार संहिता के बाबत सवाल खड़ा किया है। इसके अलावा एक्शन लेने की मांग की है। राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि सभा में रुपयों के दम पर ही भीड़ इकट्ठा की गई थी। आकाश आनंद को सुनने आए लोगों को ही रुपया दिया जा रहा था।डीईओ राजेश कुमार राय ने बताया, रुपये वितरित किए जाने का मामला उनके संज्ञान में आया गया है। जांच के लिए उपजिलाधिकारी चायल योगेश कुमार गौड़ को निर्देशित किया गया है। जांच के उपरांत आने वाली रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम के मुताबिक, जनसभा के दौरान रुपये वितरित किए जाने से उनका कोई लेना देना नहीं है। इस सम्बंध मे उन्हें कोई जानकारी भी नहीं है। इससे अधिक उन्हें कुछ नहीं कहना है।

बाल संरक्षण टीम शादी रूकवा दुल्हन को ले गई साथ

जौनपुर, (हि.स.)। केराकत कोतवाली थाना अंतर्गत गोमतेश्वर महादेव सिहौली के मंदिर पर शुक्रवार को हो रही किशोरी की शादी को बाल संरक्षण टीम ने रोकवा दिया। शादी रोकवाने के दो घंटे बाद भी आयु प्रमाण पत्र न मिलने पर टीम वधू और उसकी मां को साथ लेकर चली गयी।उदयचन्दपुर निवासी मनीष यादव की शादी बकुलियां के प्रिया यादव के साथ तय थी। तय समय के अनुसार शुक्रवार को दुल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग गोमतेश्वर महादेव मन्दिर सिहौली पर शादी की रस्म अदायगी के लिए पंहुचे। इसी दौरान किसी ने लखनऊ में बाल संरक्षण कार्यालय फोन कर सूचना दिया कि केराकत के गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर एक नाबालिग की शादी हो रही है।लखनऊ की टीम ने जौनपुर की टीम को एलर्ट किया। जिसके बाद पुलिस के साथ टीम धमक पड़ी।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान के प्रति किया गया जागरूक

चित्रकूटः जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद की दोनों विधानसभाओं में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) योजना के अंतर्गत प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदाता शिक्षा देने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गठित की गई ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेहंदी पोस्टर, भाषण, निबंध, नुक्कड नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान को चलाया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा कराई जा रही इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं के साथ वह छात्र-छात्राएं जो भावी मतदाता हैं, उनके अंदर निर्वाचन के प्रति रूचि उत्पन्न करने के साथ माता-पिता व घर परिवार के लोगों को जागरूक करना है। छात्र-छात्राएं इन गतिविधियों की चर्चा अपने घरों में अवश्य करेंगे। साथ ही अपने परिवार में मत के महत्व को बतायेगें कि मताधिकार का प्रयोग करना कितना महत्वपूर्ण है, जिससे उनके परिवार के लोगों में मतदान के प्रति अवश्य जागरूकता आएगी। जिससे वह अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 20 मई को अपने बुथों में जायेंगे। बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र करते हुए मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्लोगन लिखे। पिछले तीन दिनों में बजरंग इण्टर कॉलिज सपहा, राजकीय हाई स्कूल मुरका, शांति देवी इण्टर कॉलिज पहाडी, कृषक इण्टर कॉलिज भौरी, राजकीय हाई स्कूल मंडोर, राजकीय हाई स्कूल बियावल, वासुदेव इण्टर कॉलिज मानिकपुर, बालिका इण्टर कॉलिज मऊ, साहब सिंह इण्टर कॉलिज पूरबपताई, राजकीय हाई स्कूल चाँदी, राजकीय हाई स्कूल मिर्जापुर आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी लगाकर की आत्महत्या

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली सलोन। कोतवाली अंतर्गत गिलकैयापुर गांव में एक बिजली मैकेनिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान मृतक की माँ वैवाहिक समारोह में शमलित होने बेटी की ससुराल गई हुई थी। घटना कि सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। नगर पंचायत सलोन के वार्ड नंबर 4 गिलकैया पुर निवासी आलोक यादव(22) पुत्र स्वर्गीय रामलखन की बहन सुमन के ससुराल ऊँचाहार में गुरुवार को शादी थी। युवक की माँ कुसुम बेटी सुमन की ससुराल वैवाहिक कार्यक्रम में गई हुई थी।

घर पर युवक अकेला था। उसी बीच देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसने अपने कमरे के सीलिंग फैन में रस्सी का फंदा बनाकर खुदखुशी कर ली। सुबह लगभग पांच बजे से दस बजे तक उसकी माँ ने कई बार फोन किया लेकिन कोई उत्तर नही मिला। बार बार फोन की घण्टी खाली जाने पर माँ बेटी की अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पड़ोस के रहने दिलीप को फोन कर बेटे से बात कराने के लिए उसकी माँ ने कहा। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई उत्तर नही मिला। इसके बाद छत के रास्ते ग्रामीण घर के अंदर प्रवेश हुए तो कमरे का नजारा देख दंग रह गए। स्थानीय लोगो ने परिजनों के साथ घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मृतका की बहन ने बताया कि देर रात नौ बजे अंतिम बार भाई आलोक से बात हुई थी। सुबह भाई के फांसी पर लटकने की सूचना मिली। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दो भाई थे। बड़ा भाई अशोक पुलिस विभाग अमेठी में तैनात है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद प्रताप सिंह ने बताया कि फौती सूचना के आधार पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। घटना आत्महत्या प्रतीत होती है। मामले की जांच की जा रही है।

सलोन क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई

रायबरेली सलोन। कोतवाली क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। एक हफ्ते के अंदर निमंत्रण के दौरान धारदार औजार से अबतक तीन लोग घायल हो चुके है। ताजा घटनाक्रम उमरी गांव का है। तहरीर के मुताबिक उमरी गांव निवासी आनंद तिवारी पुत्र देवेंद्र तिवारी 24 अप्रैल की रात्रि गांव स्थित एक निमंत्रण से लौट रहा था। आरोप है कि रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे के दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही हानि और बगहा निवासी सत्यम ने रास्ते मे उसे रोक लिया। युवक के मुताबिक उसने विरोध करने पर धारदार हथियार चाकू से मुंह और सिर पर ताबड़तोड़ काई वार कर दिए। जिससे युवक घायल हो गया। वही घायल युवक को परिजन लेकर कोतवाली पहुँचे।इसके बाद उसका इलाज कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

भाजपा को जिताने के लिए शिक्षक बंधु भी उतरे मैदान में

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली लालगंज। लालगंज में 20 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन हेतु भाजपा के पक्ष में रविंद्र प्रताप सिंह भाजपा नेता तथा प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ,जिला खेल सचिव माध्यमिक शिक्षा रायबरेली अजय सिंह चंदेल ने आज जनपद में रामकृष्ण पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर, विशेश्वर इंटर कॉलेज इंदिरा नगर एवं फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों संग चुनाव पर चर्चा की एवं भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु अनुरोध किया । सभी शिक्षक प्रबुद्ध वर्ग ने सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि हम सभी भाजपा उम्मीदवार को यहां से जिताने के लिए अपना पूर्ण प्रयास करेंगे। बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अब प्रत्येक दिन विभिन्न जनपद के विद्यालयों में इसी तरह प्रचार प्रसार का कार्यक्रम अनवरत चुनाव तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ही भारत को विश्व पटल पर आगे ले जा सकते हैं। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार की महती जरूरत है। केंद्र की मोदी सरकार ने शिक्षण व्यवस्था में आज के कंप्यूटरी कृत युग के अनुसार आमूल चूल परिवर्तन कर एक नई दिशा देने का काम किया है। गांव गरीब की हालत सुधरी है।

दिव्यांग भी करें बढ़ चढ़ कर मतदान अभय

मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समेकित शिक्षा एवं ओम मानव उत्थान संस्थान के संयुक्त प्रावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र अमावां के विभिन्न विद्यालयों एवं गांव में जाकर दिव्यांगों ने दिव्यांग एवं सामान्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को उनके मतदान के अधिकार की उपयोगिता पर जोर डालते हुए दिव्यांग जनों को निश्चित मतदान करने पर विशेष जोर दिया। दिव्यांग जनों शबाब अली किरन अमित अंचल आयेश काजल करिश्मा ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। दिव्यांग छात्र शबाब अली ने अब के बरस तुझे धरती की रानी..गीत प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राथमिक विद्यालय मंचितपुर की शिक्षिकाओं फातिमा मलिक ज्योति सिंह ज्योति वर्मा प्रीति यादव शालिनी द्विवेदी कृष्णा कुमारी ने मतदान के महत्व पर अपने अपने विचार रखे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय चकपीराशाह में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिकाओं सीमा दीक्षित अनीता चौधरी ने भी मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर किरण सावित्री तारावती भानुमति आदि आंगनवाड़ी केंद्र से अनुपमा द्विवेदी रूपदेवी आदि उपस्थित रहीं।

एटीएम कार्ड बदलकर किसान से की धोखाधड़ी

रायबरेली सलोन। दो महीने पूर्व किसान का एटीएम कार्ड बदलकर अलग अलग एटीएम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाते से 4 लाख 53 हजार रुपये पार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने उस दौरान कोई कार्यवाही नही की थी। दो महीने बाद अज्ञात व्यक्तियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के अजय प्रताप चन्द्र निवासी जौदहा ने बताया कि 3 फरवरी 24 को वह अपने पिता ओम प्रताप चन्द्र का एटीएम लेकर एसबीआई करहिया एटीएम पर पैसा निकालने गया था। आरोप है कि उस दौरान पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम बदलकर अलग अलग एटीएम से 4 लाख 53 हजार रुपये पार कर दिए गए। पीड़ित का आरोप है घटना ई सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी। लेकिन पुलिस कर्मियों ने कार्यवाही नही की थी। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र में बताया कि तहरीर लेकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

देश में 400 के पार के साथ इस बार रायबरेली भी होगी पार वीरेंद्र तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मन्त्री पूर्व चेयरमैन राज्यमंत्री तथा रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज कहा कि फिर एक बार 400 पार के साथ मोदी सरकार बनने जा रही है और अबकी बार रायबरेली लोकसभा भी भाजपा जीतने जा रही है,श्री तिवारी ने उक्त बातें आज रायबरेली लोकसभा क्षेत्र की बछरावाँ विधानसभा क्षेत्र के शिवगढ़ मण्डल (ब्लाक) के गूढ़ा एवं भवानीगढ़ शक्ति केन्द्र(न्याय पंचायत) के भाजपा बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुखों की बैठक में 20 मई चुनाव दिन तक करने वाले करणीय कार्यों की जानकारी देते हुए कही। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले केवल शोर मचाकर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। उनके पास न कोई सकारात्मक नीति है और न कोई एजेंडा है।उन्होंने कहा कि देश का मतदाता नरेन्द्र मोदी और 10 साल की मोदी सरकार को नजदीक से देख चुका है जिसमें समाज के सभी जाति धर्म के लोगों को समान लाभकारी योजनाओं का लाभ मिला है।देश का मतदाता अब कांग्रेस सपा के इंडी गठबंधन के बहकावे में अब नहीं आयेगा।

लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि भाजपा रायबरेली लोकसभा जीतने के लिए सभी 1867 बूथों पर चुनाव के दिन तक की पूरी रणनीति योजना बना चुकी है ।उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के लोग अभी केवल दुष्प्रचार ही करने में लगे हुए हैं। लोकसभा प्रभारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों के बीच उत्साह भरते हुए कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले चाहे जितना जोर लगा लें चाहे जितना शोर मचा लें जीतेगी बीजेपी ही आयेंगे फिर मोदी ही,और अबकी जीतेंगे रायबरेली भी। आज बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों की हुई बैठक में भाजपा मण्डल अध्यक्ष डा0जी0बी0 सिंह, मण्डल प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, गूढ़ा एवं भवानीगढ़ शक्ति केंद्रों के सभी बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख मौजूद थे।

बी.ए. एवं बी.एस.सी. के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। रायबरेली आज शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन सलेथू , महराजगंज, रायबरेली के प्रांगण में बी.ए. एवं बी.एस.सी.के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा , संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा,प्रधानाचार्य एन.एस.पी.एस.सलेथू राजीव सिंह, प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गयाद्य सरस्वती मां की पूजा के पश्चात अंजली यादव ज्योति गीता देवी के द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई स्वागत गीत रामा तिवारी और ग्रुप ने प्रस्तुत किया । बीएससी पूर्वार्ध के छात्रों ने गणमान्य अतिथियों को टीका एवं बैज लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा अपने सीनियर को टीका लगाकर स्वागत किया बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर को तथा बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के सीनियर्स को स्मृति चिन्ह व ग्रुप फोटो प्रदान कर विदाई दिया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गीता के ग्रुप के द्वारा गरबा डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी गई और फेयरवेल गीत कीर्ति लता के ग्रुप ने प्रस्तुत किया । महिमा शुक्ला ने एकल गीत के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दिया तथा अंशिका आदि के ग्रुप ने शैक्षिक नाटक प्रस्तुत किया । प्राचार्य ने विदाई प्राप्त करने वाले छात्रों का तथा महाविद्यालय के अन्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौरव सिंह रिचा त्रिपाठी सौरभ , श्रेया के द्वारा किया गया । विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गईद्य इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे- वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए शत प्रतिशत उपस्थित के लिए उर्वशी तिवारी ,अनुष्का सिंह एवं सुशील को , मोस्ट सेंशियर अवार्ड तनु अवस्थी ,प्राजंलि अवस्थी एवं सुशील को, शैक्षिक प्रगति का उपहार अमन मौर्य एवं वंदना यादव को दिया गया । इस मौके पर प्रबंधक महोदय डॉ. शशिकांत शर्मा जी ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाती है इसलिए इसलिए यदि सफल बनना है तो हमें लोगों के बीच से हटकर अलग परिश्रम करना पड़ेगा जिसकी आलोचना होती है वही सफलता को प्राप्त करता है, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे आप सभी को हम सब की तरफ से आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर डॉ. अरूण चौधरी, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, अनीता मौर्या, डॉ. वंदना पांडे, डॉ.जितेन्द्र सिंह ,अविरल ,कोमल वर्मा, डॉ.इंदु चौधरी आदि समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेड़ से टकराई डीजे लदी पिकअप, युवक समेत दो की मौत, चार घायल

सुलतानपुर,। अखंडनगर थानाक्षेत्र में डीजे लदी पिकअप ने बाइक को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध व पिकअप पर सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं पिकअप पर सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर लाया गया। जहां से सभी को अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।कादीपुर-अखंडनगर मार्ग पर थानाक्षेत्र के अलीपुर बाजार की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नरेंद्र मिश्रा (55वर्ष) पुत्र स्व.कमला मिश्रा निवासी अलीपुर निमंत्रण से बीती रात बाइक से लौट रहे थे।

अग्निदेव की भेंट चढ़ी खड़ी गेहूं की फसल

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। महराजगंज क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में आग लगने से लगभग एक दर्जन किसानों की तैयार खड़ी गेहूं की फसल समेत अवशेष व भूसा जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। आपको बता दे कि, गुरुवार को दोपहर आगजनी की पहली घटना सलेथू गांव में घटित हुई। यहां अज्ञात कारणों से लगी आग में गांव के ही रामकुमार लोध का 17 विश्वा खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के ही चंद्र प्रकाश मौर्य पुत्र चंद्रपाल, योगेश पुत्र इंद्रपाल मौर्य, सुनील कुमार पुत्र श्रीचंद्र, साधु शरण पुत्र पलटन, रामरती पत्नी बंधु प्रसाद

का फसल अवशेष और भूसा जलकर राख हो गया है। वहीं दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के सहमत के पूरवा की है, जहां गांव के जगदेव प्रसाद पुत्र गुरु प्रसाद का लगभग दो ट्राली भूसा में आग लग गई, जिससे सारा भूसा जलकर स्वाहा हो गया। इसी प्रकार तीसरी आगजनी की घटना क्षेत्र के गोलहा मजरे थुलवासा गांव में घटित हुई, यहां भी अज्ञात कारणों से लगी आग में गांव के ही किसान ईश्वर दीन यादव का लगभग 10 विश्वा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन बाल्टियों में पानी लेकर आग पर काबू पाया गया। एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि, आगजनी की घटनाएं संज्ञान में आते ही मौके पर राजस्व कर्मियों को भेजकर छति का आकलन कराया गया है। सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दर्जनों गांवों का भ्रमण कर सुनी समस्यायें, मांगा आर्शीवाद

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को हरचन्दपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कण्डौरा, डीहवा, बाला, प्यारेपुर, रूस्तमखेड़ा, दतौली, जोहवाषर्की, सेरी, दुलमपुर, जोहवा हिसार, पष्चिम गांव सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर आर्षीवाद मांगा। इस दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। कहा हर गरीब की चौखट तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। अबकी बार 400 पार के साथ-साथ रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कड़ी में अहम भूमिका निभायेगा। भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने लोगों कहा कि भाजपा का बूथ अध्यक्ष भाजपा को अपनी मां मानता है और दिन रात लगाकर अपने बूथ को जीतने के लिये प्रयास करता है। बूथ अध्यक्ष इसलिए जी-जान से लगता है कि उसे लगता है कि जब मेरी सरकार बनेगी तो गरीबों के लिये काम करेगी वह जिसके घर में छत नहीं है छत देने के लिये काम करेगी, राषन देने के लिये काम करेगी, सिलेण्डर देने के लिये काम करेगी, बिजली देने के लिये काम करेगी। इसलिए हमारा बूथ अध्यक्ष प्रत्येक बूथ को जिताता है इसलिए हमारे सभी बूथ अध्यक्षों ने अपना जोष व शक्ति दिखाने का काम किया है वह निष्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेष में 80 की 80 सीटें जीतने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है जो किसी के सामने नहीं छुकते है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया। अयोध्या में तमाम गरीब अपने पैरो पर खड़े हो गये है। यहां जाने का मार्ग भी सुगम हो गया है। गरीबों को विभिन्न निःषुल्क योजनायें दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मैने अनवरत पूरे 5 वर्ष जिले के विकास का खाका खींचकर उसे संवारने के लिये रात दिन मेहनत की है। अब समय आ गया है कि उस मेहनत का फल आप लोगों के हाथ में है। मैने हर चौखट पर जाकर आप सबकी समस्याओं को सुना और उसे निदान कराने का भरसक प्रयास किया। इस अवसर पर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

लावारिस शवों का बिना भेदभाव निशुल्क अंतिम संस्कार करवाता है चौहान गुट -मो0 उमर

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। रायबरेली जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज चौहान गुट टीम ने 116वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों खीरों थाने के अंतर्गत रघुवापुर दुबई ग्रामसभा में एक अज्ञात महिला का लावारिश शव मिला, जिसको लेकर पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु खीरों थाना ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह, पीएनओरू112466637, थाना खीरों जनपद रायबरेली की मौजूदगी में करवाया गया। जिला अध्यक्ष मो0 उमर ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, नगर मीडिया प्रभारी निजाम, ड्राइवर गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।

मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य-रविंद्र कुमार माँदड़

जौनपुर-मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में वोट करेगा जौनपुर के थीम पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की, मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप प्रभारी साई तेजा सीलम, व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक स्वीप प्रभारी डॉ गोरखनाथ पटेल, एंव यूबीआई रीजनल ऑफिसर शैलेंद्र कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मतदाता गीत से की गई मतदाता गीत की प्रस्तुति कुसुम एवं रिया ने प्रस्तुत की। आए हुए अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने सम्मानित किया।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ कालेज के छात्र छात्राओं का जोश देखकर बहुत प्रसन्न रहे उन्होंने युवाओं से अपील किया कि अपने जोश को इसी तरह बरकरार रखें और 25 मई को स्वम् मतदान करें और अपने परिवार और आस पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बिना लोभ, लालच और दबाव के स्वविवेक से मतदान करना ही नैतिक मतदान है। उन्होंने कहा कि जौनपुर के हर नागरिक को मतदान करने के लिए आगे आना चाहिए जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी अति आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी/ स्वीप प्रभारी साई तेजा सीलम ने कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रदान किया। अपने वोट से मनपसंद जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र का सम्मान करें सभी मतदान करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/ सहायक प्रभारी स्वीप डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि मतदान प्रतिशत किस तरह से बढ़े इसके लिए बूथ स्तर पर सशक्त मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग वोट डालने के लिए आगे आएं इसके लिए बीएलओ को अपने दायित्व को ठीक ढंग से निभाना पड़ेगा। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने आधी आबादी महिलाओं को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपना मत का प्रयोग अवश्य करें जिससे अपनी ताकत का पता चलता है। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के रीजनल ऑफिसर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी है।अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान शपथ दिलाई सभी को जागरूक एवंम सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व कालेज के स्काउट गाइड व एनसीसी के कैडेटस ने गाड आफ आनर देते हुए व छात्र छात्राओं ने लाइनअप होकर पुष्प वर्षा करते हुए अतिथियों को मंच तक पहुंचाया। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के अलग-अलग विभाग के सभी छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूक के थीम पर चार्ट थर्माकोल एवं अन्य तकनीकियों के माध्यम से जागरूकता प्रोजेक्ट तैयार किया गया जिसको देखकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर कालेज परिसर में मतदाता हेल्प डेस्क का जिलाधिकारी ने फीता काटकर व लैपटॉप पर बटन दबाकर उदघाटन किया। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।

बारात में शामिल युवक की चाकू मारकर हत्या, क्षेत्र में हड़कंप

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। थाना कोरांव अन्तर्गत क्षेत्र के मिश्रपुर गांव के एक युवक की पचेड़ा गांव में बीती देर रात चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार रितेश मिश्रा पुत्र नितिन मिश्रा उम्र लगभग 16 वर्ष जो कि अपने मूल निवासी मरहा गांव थाना मेजा से करीब आठ वर्षो से अपने माता पिता एवं भाई बहन के साथ ननिहाल कोरांव थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव में रहा करता था।

फाइल फोटो

रितेश बीती रात लगभग नौ बजे मिश्रपुर गांव के ही दो साथियों शुभम व अनुराग के साथ पचेड़ा गांव में एक बारात में शामिल होने गया था और कुछ देर बाद ही वह उन साथियों के साथ दूसरे बारात में उसी गांव में आर्केस्ट्रा देखने के लिए चला गया जहां पचेड़ा गांव के एक साथी अज्जू पाण्डेय से भी उसकी मुलाकात हुई। परीजनों एवं अन्य लोगों द्वारा बताया गया कि उसी बारात में उसका बड़ा भाई नीतेश मिश्रा भी गया था जो वह लगभग ग्यारह बजे वापस घर आते समय उससे घर चलने की बात कही तो वह मना कर दिया और बोला कि तुम चलो वह बाद में आएगा किंतु उसके घर वापस आने के कुछ देर बाद ही साथियों द्वारा लगभग दो, ढाई बजे सूचना आई कि रितेश को किसी ने चाकू से मार दिया है और उसकी इलाज के लिए सीएचसी ले आया गया है।

उक्त सूचना पर मृतक रितेश के पिता नीतिन एवं भाई नीतेश दोनों तत्काल सीएचसी पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था और इलाकाई पुलिस भी अस्पताल में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रही थी। मृतक रितेश अपने दो भाइयों में छोटा और एक बहन अर्पिता मिश्रा से बड़ा था। बताया यह भी जाता है कि दो साथियों अपने साथी रितेश के इलाज के लिए सीएचसी अधीक्षक से भी बातचीत कर ली थी जिसको लेकर वह थाना प्रभारी राकेश भारती को सूचना दी और वह अस्पताल में पहुंचकर दोनों साथियों शुभम व अनुराग को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा उक्त घटना को लेकर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। रितेश की मौत के बाद उसकी मां अर्चना मिश्रा एक बार आई जा छोटू कहकर विलाप करती रही। उक्त घटना से पूरे गांव में हड़कंप सा मच गया है। थाना प्रभारी राकेश भारती ने कहा कि हत्याभियुक्तों की तलाश जारी है और कुछ लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है जल्द ही आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

कॉलेज में टॉप कर बेटी ने बढ़ाया माता पिता का मान

प्रयागराज। प्रयागराज के सूरजदीन भगवानदीन कालेज पचदेवरा अटरामपुर इण्टरमीडियट कालेज की होनहार छात्रा प्रज्ञा शुक्ला पुत्री शीतला

प्रसाद शुक्ल ने यूपी बोर्ड की इण्टरमीडियट परीक्षा मे अधिकतम अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन करते हुए माता पिता का मान बढाया। प्रज्ञा ने इण्टर की परीक्षा मे 91त्नअंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए परिवार और माता पिता का सम्मान बढ़ाया। बेटी की सफलता से गदगद पिता पँ0 शीतला प्रसाद शुक्ल ने प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए लड्डू खिला मुह मीठा कराया। विद्यालय परिवार समेत ईष्ट मित्रो ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए बधाई दी।

मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गयी पिंक बाईक रैली

प्रयागराज। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज प्रधान डाकघर प्रयागराज से बाईक रैली प्रारम्भ होकर गिरजाघर होते हुए सुभाष चैराहा से आगे डॉयट कार्यालय सिविल लाइन्स चैराहे पर समाप्त हुई।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं भारतीय डाक विभाग के संयुक्त समन्वय से बाईक पिंक रैली का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 300 लोगों ने प्रतिभाग किया। पिंक बाईक रैली का शुभारम्भ जी0पी0ओ0 कार्यालय के प्रांगण पर गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, गौरव श्रीवास्तव, निदेशक भारतीय डाक सेवायें परिक्षेत्र प्रयागराज के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम में दिनेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवर डाक पाल राजेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर-2, राज्य संदर्भ दाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी सहित बाल विकास एवं डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकाधिक मतदाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जोड़ते हुए बाईक पिंक रैली के माध्यम से आज अपने मताधिकार का प्रयोग किये जाने का आह्वाहन किया गया। बाईक पिंक रैली के साथ-साथ बाल विकास विभाग द्वारा पैदल जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया एवं दोनों रैलियों का पड़ाव कोटक महेन्द्रा लाईफ इन्श्योरेन्स कार्यालय सिविल लाईन्स प्रयागराज पर हुआ।

कोटक लाईफ के कार्यालय से आगे जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज द्वारा स्वयं बाईक चलाते हुए जागरूकता रैली का नेतृत्व किया गया एवं सुभाष चैराहा होते हुए सिविल लाइन्स बस स्टैण्ड एवं डॉयट कार्यालय पर प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी मतदान दिवस में किये जाने की अपील की गई।

गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का बेहतर स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी डा.धर्मेन्द्र सिंह

लेडियारी (प्रयागराज)। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर विभाग को अपनी जिम्मेदारी लेनी ही होगी। जच्चा और बच्चा दोनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमें सचेत और संवेदनशील बनना होगा। हमे हर हालत में इस लक्ष्य को पूरा करना ही होगा। उक्त बातें वरिष्ठ चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ धर्मेन्द्र सिंह ने महिला चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों की बैठक के दौरान कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में शिशुओं की मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में सुधार ले आने के उद्देश्य से एक आवश्यक बैठक की गई। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉक्टर धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में महिलाओं व शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के संदर्भ में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। कम वजन के बच्चों के संदर्भ में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए अधीक्षक समीम अख्तर ने कहा कि महिला

चिकित्सक हॉस्पिटल की सभी स्टाफ नर्सों के साथ बैठक करते हुए कम वजन के बच्चों को रिव्यू के लिए काम करे। माह की 1 , , 9 , 16 व 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच भी सुनिश्चित की जाय।आशाओं द्वारा जब भी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले आया जाय तो उनकी चारों जांच समय से करवाने का सुझाव दिया जाय।बीपीएम को निर्देशित करते हुए अधीक्षक ने कहा कि एचआरपी डे पर आने वाली गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड जांच की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। आवश्यकतानुसार जिले से भी सहयोग लिया जा सकता है। एएनएम को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि प्रसव काल मे आने वाली हर समस्या का समाधान करते हुए आप सब सौ प्रतिशत सुरक्षित प्रसव अपनी निगरानी में कराना सुनिश्चित करें। एचआरपी का चिन्हीकरण करते हुए महिलाओं की जांच व सुरक्षित प्रसव यह सब आप सभी की जिम्मेदारी है। कार्यो में उदासीनता और लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान महिला चिकित्सक , आशा बहु सहित अन्य स्टाफ नर्सों की मौजूदगी रही।

छात्र प्रकाश कुमार को जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस के परिणाम की घोषणा 25 अप्रैल 2024 को हुई। उक्त परीक्षा में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र प्रकाश कुमार ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा। जिसको लेकर शुक्रवार को प्रार्थना स्थल पर छात्र प्रकाश कुमार को माला पहनाकर एवं उपहार प्रदान किया गया। जनपद में प्रथम रैंकिंग लाने पर दोनों छात्र प्रकाश कुमार एवं आयु सिंह वर्तमान समय में विद्यालय में कक्षा 9 के छात्र हैं। विगत कई वर्षो से इस परीक्षा में विद्यालय से सर्वाधिक छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होते रहे हैं। इनकी

इस उपलब्धि पर प्रबंधक राजा अजेय सिंह एवं उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेयी ने भी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. साबिर अली ने बताया कि उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को शासन की ओर से प्रतिवर्ष 12000 की धनराशि चार वर्षो तक प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर छात्र को मार्गदर्शन देने वाले अध्यापकों में जैसे सुनील कुमार शुक्ल, राघवेंद्र सिंह गहरवार, सुरेंद्र कुमार तिवारी, को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से डा. कमलेश कुमार, राकेश कुमार सिंह, डा. संतलाल, रामेन्द्र शुक्ल, वीरेंद्र कुमार सिंह, गोविंद नारायण मिश्र, महेश कुमार, ऋषिकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

बोलेरो ने मारी टक्कर बाइक सवार की इलाज के दौरान हुई मौत

होलागढ़(प्रयागराज)।स्थानीय थाना अंतर्गत भगौतीपुर उर्फ खुटहना गांव के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार से आ रही बोलोरो यूपी 72 BH 2368 ने एक बाइक सवार 27 वर्षीय युवक कृपाशंकर पटेल पुत्र स्व0 दुखीराम पटेल निवासी भगौतीपुर खुटहना को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरा। बाइक सवार को गंभीर चोटे आई। ग्रामीणों ने होलागढ़ पुलिस को घटना की सूचना दी। थानाध्यक्ष सविन तोमर पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होलागढ़ भेजा । जहां पर युवक की हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया,शुक्रवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की शादी 2015 में सेवइत के वजीराबाद में सुमन देवी से हुई थी। मृतक के दो बच्चे हैं बेटा अनमोल 5 वर्ष बेटी जीवा। मृतक गांव में मजदूरी का काम करता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि बोलेरो व चालक को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मेधावी छात्र,छात्राओ को किया गया सम्मानित

आज के बच्चे हमारे देश का भविष्य- सुभाष चंद्र पाण्डेय

खीरी (प्रयागराज)। मां तुलसी इंटर कॉलेज के प्रबंधन समिति द्वारा हाईस्कूल एवम् इंटर की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई प्रबंधक सुभाष चंद्र पांडेय द्वारा बतलाया गया कि सुदूर ग्रामीणअंचल में विद्यालय को स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबंधन समिति द्वारा चांद खमहरिया में मां तुलसी इंटर कॉलेज की स्थापना की गई क्योंकि आज पास के दर्जनों गांव के बच्चे और बच्चियां इसलिए नही शिक्षा प्राप्त कर पाए क्योंकि आस पास में कोई विद्यालय नही था अच्छी और उचित शिक्षा के दम पर ही कोई भी व्यक्ति बड़ी से बड़ी मुस्किल को बड़ी ही आसानी से पार पा सकता है उत्तीर्ण हुए बच्चो के हौसला अफजाई हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मान समारोह आयोजित कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिनमे हाई स्कूल से रमा शुक्ला,संजना,राधा पांडे,मीनाक्षी ,अंजना यादव,मांनशी शुक्ला,दिपांशी सिंह,ममता सोनी,प्रिया

केसरी,आयुष कुशवाहा,उपेंद्र ,विपिन, राकेश, एवम इंटर मिडिएट से सायरो बानो, दीपल सिंह,बबीता,प्रियंका,चांदनी, प्रिया, साजया, शर्मीला,प्रीतम,अर्चना,विभा,अंजली,चंदन,विकास,खुशबू,शशिकांत,सुहेल,राजेश्वर,सर्वेश,आयुष, हिमांशु आदि मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई उक्त मौके पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य गुरु प्रसाद त्रिपाठी,राम सूचित प्रजापति,अमित पांडेय,बंकटेश प्रसाद मिश्र,उमा प्रसाद पाठक, मुकुंत कुमार,प्रमोद पाल,प्रमोद यादव,शुभम शुक्ला,शिवपाल सिंह,अंजनी कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओ ने मारी बाजी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप प्रयागराज द्वारा दिए गए निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में पोस्टर, रंगोली,निबंध एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर पश्चिमी परिक्षेत्र के विद्यालयों में अलहमरा गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की नोडल प्रभारी सुश्री उषा कुशवाहा के निर्देशन में ये प्रतियोगिताएं संपन्न हुई, जिसमे रंगोली प्रतियोगिता में अलहमरा इंटर कॉलेज चकिया प्रयागराजने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागी छात्राओं में लहमरा गर्ल्स इंटर कॉलेज चकिया से माशरा रऊफ, सिदरा शमशाद, अनुषा रफीक, चांदनी परवीन,जरा फातिमा और मुस्कान श्रीवास्तव मुख्य रूप से शामिल हुई। शिक्षिकाओं में श्वेता रावत और प्रीति के दिशा निर्देशन में छात्राओं ने प्रतिभा किया ।

फॉगिंग न होने से मच्छरों की भरमार

लेड़ियारी(प्रयागराज)। इन दिनों मौसम के बदलाव से लोगों को सर्दी-जुकाम - बुखार से काफी पीड़ित है । ऐसे मे मच्छरजनित के बढ़ती संख्या ने स्थिति की और भी खराब कर दिया है । लोगों को रातों की नींद भी मच्छरों ने दूभर कर दिया है । यही कारण है कि क्षेत्र मे संक्रामक बीमारी फैल रही है । लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों व ग्राम प्रधान ध्यान इस ओर नही दे रहे है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व मे मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए दवा का छिड़काव और फॉगिंग की जाती थी । लेकिन तीन दशक से फॉगिंग और दवा का छिड़काव बंद कर दिया गया । इससे मच्छर संक्रामक बीमारी, मलेरिया, टाईफाइट , उल्टी, दस्त और आदि तरह - तरह की बिमारी फैल रहा है ।अस्पतालों मे ऐसे मरीज की संख्या बढ़ गई है । जिससे इस लापर क्षेत्र की जनता नीम हकीम के सहारे इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ।बताया जाता है कि शासन द्वारा प्रति माह आशाओं के खाते मे दस हजार रुपये दवा का छिड़काव के लिए उपलब्ध कराया जाता है । लेकिन इस पैसे का कोई अता-पता न होने से बंदर वांट हो जाता है । ग्राम कैथवल प्रधान गीता देवी , बहरैचा शंकर दयाल तिवारी , रवि सिंह लेड़ियारी, धोबहट रामबली बिन्द ने बताया कि हमारे गांव मे कोई धन नहीं आया है । जिससे दवा का छिड़काव नही कराया जा सका ।हमारे गांव में कोई सफाई कर्मी न होने से चारों ओर गंदगी का अब्बास लगा हुआ है ।शासन द्वारा निर्गत धन आशा स्यमं निकालती है । ग्राम प्रधानों का कहना है कि इस पैसे से मेरा कोई सरोकार नही है । इस संबंध मे कोरांव बीडीओ को प्रार्थनापत्र दिये जाने के बावजूद आज तक कोई सफाई कर्मी नही भेजा गया। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी अधिकांश गांव मे नदारद है । जिससे बने नालियां साफ-सफाई न होने से बजबजा रही है ।

शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी किसानों को सलाह

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतु सनई/देंचा की बुवाई मध्य मई के पूर्व समाप्त करें।

गेहूँ की कटाई के बाद फसल अवशेष को कदापि न जलायें बल्कि इसे खेत में जोतकर मिलायें एवं सड़ाकर मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ायें। गेहूँ के अवशेष को सड़ाने के लिए 20 किग्रा0/हे0 नत्रजन अथवा 2.5 किग्रा0/ हे0 ट्राईकोडरमा बिरडी को मिट्टी या बालू में मिलाकर जुताई से पहले खेत में डालकर मिला दें।

पेड़ी प्रबंधन हेतु रेटून मैनेजमेंट डिवाइस द्वारा ठूठों की छटाई के बाद सिंचाई कर दें। तत्पश्चात पर्याप्त नमी की दशा में उर्वरकों का प्रयोग करें। फरवरी/मार्च माह में बोई गई कदूवर्गीय फसलों में यदि 10 हरा फुदका कीट की संख्या प्रति हिल दिखाई दे तो फल तुड़ाई उपरांत फसल पर इमिडाक्लोरोपिड 30.5 प्रतिशत एस.सी. 1.0 मिली. को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें जबकि तना व फल छेदक कीट के नियंत्रण के लिये फ्लुबेन्डीमाइड 39.35 एस.सी. की 1.0 मिली. को प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

बैंगन एवं टमाटर की फसल को तना और फलबेधक कीट से बचाव के लिये क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल कीटनाशी की 1.0 मिली. मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर 10-15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें।

मुर्गियों के आहार में विटामिन सी, सेलेनियम, एंटीआक्सीडेंट की मात्रा बढ़ा देनी चाहिये। गर्मी में अंडो को 26 डिग्री सेन्टीग्रेट के तापमान पर रखना चाहिये। अन्यथा वे खराब हो जाते है। उनका पीला भाग लाल हो जाता है एवं आकार भी घर जाता है।

फूलपुर में एक करोड़ का गांजा के साथ तीन दबोचकर भेजें गयें जेल

फूलपुर। प्रयागराज जनपद के फूलपुर पुलिस और एसटीएफ मुख्यालय की संयुक्त टीम ने एक ट्रक और उस पर लदा एक करोड़ का गांजा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसमें दो तस्कर प्रयागराज के और एक भदोही का रहने वाला है। फूलपुर और एसटीएफ मुख्यालय की संयुक्त टीम ने 25 अप्रैल को एक ट्रक को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसपर लदा 362 किलोग्राम गांजा पाया गया। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ बताई जा रही है। ट्रक पर सवार तीन तस्कर ललित सिंह और गुलाम हसन दोनों सराय इनायत थाना क्षेत्र के सराय चाचक और जैदपुर के रहने वाले हैं । वही तीसरा गांजा तस्कर जगदीश कुमार जायसवाल बैदहा, गोपीगंज, भदोही का रहने वाला है। उपरोक्त पकड़े गए तस्करों ने बताया कि वे उड़ीसा प्रांत से गाजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सप्लाई कर पैसा को आपस में बांट लेते हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास मिले मोबाइल फोन और पैसे को जप्त कर लिया है। फूलपुर एसीपी उदय प्रताप सिंह फूलपुर इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ शिव नेत्र सिंह, विनय सिंह, राम नरेश कनौजिया आदि अफसरों की गांजा तस्करों की बरामदगी और गिरफ्तारी में प्रमुख भूमिका रही है।

पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस दिखाए सख्ती-नित्यानंद उपाध्याय

विहिप के जिलाध्यक्ष ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ हो कार्यवाई

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा प्रयागराज। कोरांव थाना क्षेत्र के सिकरो गोशाला से पशु तस्करी कर ले जा रहे तस्करों की पिकअप वाहन कुछ दिन पूर्व नहर में पलट गई थी। जिसमें सात गौवंशों की मौत हो गई थी। एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने इसे गम्भीरता से लेते हुए पशु तस्करों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की थी।पुलिस की सक्रियता से इस प्रकरण का खुलासा कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।विहिप जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी पर जोर दिया है।कहा इस अमानवीय कृत्य के लिए सख्त सजा दी जानी चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद के यमुनापार जिलाध्यक्ष ईजी नित्यानंद उपाध्याय ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर पशु तस्करों पर कार्रवाई व गिरफ्तारी को लेकर मांग

की है। बता दें कि पुलिस ने मामले में दो तस्करों अखिलेश तिवारी पुत्र चंद्रमा तिवारी निवासी लखापुर थाना अलीनगर जिला चंदौली व आफाक पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी सिमरिया थाना कोरांव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। शुक्रवार को विहिप जिलाध्यक्ष ईजी नित्यानंद उपाध्याय ने सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता से मिलकर पशु तस्करी में शामिल अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चार टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। श्री उपाध्याय ने बताया कि पशु तस्करों के इस कृत्य पर उन्हें सजा दी जानी चाहिए। ऐसे क्रूर व्यक्ति पशुओं को क्रूरता पुर्वक लादकर ले जा कर घोर अपराध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विहिप के पदाधिकारी आवाज उठाकर ऐसे कृत्य पर रोक लगाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करेंगे।

भाजपा की बैठक में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन एवं बूथ सम्मेलन पर चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । मंडल बहरिया की शक्ति केंद्र संयोजक करनाईपुर में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे उपस्थित मंडल प्रभारी बृजेश त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष बसंत लाल पटेल मंडल महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव एवं सभु शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित हुए। पन्ना प्रमुख पिछड़ा वर्ग सम्मेलन एवं बूथ सम्मेलन कार्यक्रम पर चर्चा की गई और चुनावी रणनीति तय किया गया। बैठक में उपस्थित किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धरनी धर त्रिपाठी, पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भोला पटेल, विक्रम प्रजापति शक्ति केंद्र संयोजक भोला सिंह पटेल, राजेंद्र बहादुर सिंह, राधेश्याम पटेल, मूलचंद पटेल, अजय श्रीवास्तव, राहुल गौड, श्याम बहादुर पटेल कमलेश सिंह हेमंत श्रीवास्तव राकेश धुरिया राकेश पटेल विकास गुप्ता राम अभिलाष पटेल श्यामलाल मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे ।

पंचायत भवन के सभी उपकरण चोरी

प्रधान ने दर्ज कराई थाने में प्राथमिकी

मेजा प्रयागराज। विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मछुआ मुख्य मार्ग पर नवनिर्मित सरकारी पंचायत भवन में बीती रात अज्ञात चोरों ने सभी उपकरण एवं कागजात पर हाथ साफ कर दिया है।प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ करछना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।ग्राम प्रधान बनवारी लाल पटेल को घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह गांव के लोगों से मिली है। बताया गया कि पँचायत भवन का ताला टूटा हुआ है।मौके पर पहुंचे प्रधान के साथ गांव की भीड़ जमा हो गयी। पँचायत भवन केअंदर कुछ सामान विखरे पड़े थे और कीमती सामान सब गायब थे। प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ करछना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर के मुताबिक पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर प्रिंटर, डिवाइस, इलेक्ट्रिक, बल्ब, कुर्सी, मेज,, आलमारी सभी उपकरण लगभग लाखों रुपए कीमत के बताए गए हैं।इन सामानो पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। जबकि पंचायत भवन बेंदौ मेंन रोड पर नवनिर्मित है, जहां पर आवागमन रातों दिन रहता है। इसके बावजूद चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर सभी उपकरण उठा ले गए। प्रधान बनवारी लाल पटेल ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

टापर्स बच्चों को विद्यालय समिति ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिझुरा में अनुपम पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्राओं का सम्मान किया गया तथा सभी का मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता, डायरेक्टर उषा रतन गुप्ता तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, बड़े बाबू रत्नाकर शर्मा, अनूप सर ओपी सर रहे। यूपी बोर्ड की परीक्षा में टॉपर्स छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक को भी सम्मानित किया गया। हाई स्कूल में रवि मिश्रा ने 94त्न

अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रहे तथा द्वितीय स्थान पर नंदीश मिश्रा92त्न और तीसरे स्थान पर पूजा यादव91.66त्न अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में रितु द्विवेदी 86त्न के साथ प्रथम स्थान पर रहीं द्वितीय स्थान पर प्रभा मिश्रा85.1त्न और तीसरे स्थान पर अर्पिता सिंह84.4त्न ने स्कूल का गौरव बढ़ाया। लगभग20 छात्र-छात्राओं ने 90त्न अंक प्राप्त किए।

भदोही प्रत्याशी का हुआ प्रतापपुर में कार्यालय का उद्घाटन, दिखा भाजपा और अपना दल एस का संगम

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। हंडिया तहसील के विधानसभा प्रतापपुर के ब्लॉक मुख्यालय प्रतापपुर के पास 78 भदोही लोकसभा के प्रत्याशी विधायक डाक्टर विनोद कुमार बिंद का चुनावी कार्यालय का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भाजपाइयों के अलावा अपना दल एस कार्यकर्ताओं और नेताओं का संगम दिखाई दिया।

भदोही लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर विनोद कुमार बिंद के प्रतापपुर में चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भारी संख्या में पार्टी नेता

और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सहयोगी पार्टी अपना दल एस के भी नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद दिखे। अपना दल एस प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज पटेल, गंगा पार जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल ,पार्टी के वयोवृद्ध नेता बी डी गौड़, विनोद मौर्य, राजित राम पटेल आदि भारी संख्या में एनडीए के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूरा प्रशासन ठप हो गया... सिंघवी की दलील के बाद केंद्र के कानून से जुड़ी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सुप्रीम कोर्ट तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-

न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के उस अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने केंद्र के पिछले साल 19 मई के उस अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका को पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जिसने शहर की निर्वाचित व्यवस्था से सेवाओं पर नियंत्रण छीन लिया था। इसके कारण सत्ता के दो केंद्रों के बीच एक नया विवाद शुरू हो गया था। बाद में इस मामले पर अध्यादेश को केंद्रीय कानून में बदल दिया गया।

NOTA को लेकर दायर याचिका पर ECI को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है, जिसमें ऐसे नियम बनाने के निर्देश देने की मांग की गई है कि यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को शून्य घोषित कर दिया जाएगा। ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। याचिका में यह कहते हुए नियम बनाने की भी मांग की गई है कि नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को 5 साल के लिए सभी चुनाव लड़ने से रोक दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट एमपी बार काउंसिल के अध्यक्ष की याचिका पर करेगा विचार, अवमानना कार्यवाही से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट अवमानना कार्यवाही के खिलाफ मध्य प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों की याचिका पर विचार करने को तैयार हो गया है। पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित रूप से हड़ताल का आह्वान करने के लिए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा के इस कथन का संज्ञान लिया कि बार के कई सदस्य अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं और मामले पर शीघ्र सुनवाई की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि न केवल स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमानना कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। मामले में जल्द सुनवाई होनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा, 'मैं मामले को देखूंगा।'

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में वकीलों की जारी हड़ताल पर राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और उसके निर्वाचित सदस्यों के खिलाफ अवमानना का मामला शुरू किया था। अदालत का कहना था कि राज्य बार काउंसिल ने मुद्दे को सुलझाने की बजाय हड़ताल करने का रास्ता चुना। मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष ने पिछले साल दो नवंबर के उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दायर की है।

गौरतलब है कि मार्च 2023 में अधिवक्ता अनिश्चितकालीन प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए थे। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए अधिवक्ताओं को तत्काल काम पर वापस लौटने के आदेश दिए थे। उच्च न्यायालय ने कहा था कि अधिवक्ता काम पर नहीं लौटते है तो इसे न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी। इसके खिलाफ जाकर हड़ताल बुलाने और सभी वकीलों को काम से दूर रहने के लिए कहने के लिए अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की गई थी, जिससे मध्य प्रदेश राज्य में बड़े पैमाने पर अशांति फैल गई थी।

अब वकील ने यह दी दलील

वकील समीर सोढ़ी के माध्यम से दायर तत्काल पत्र में कहा गया, 'उच्च न्यायालय ने खुद संज्ञान लिया की उसके आदेश को नहीं माना गया, जिसपर मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू हुई। हालांकि, मामले को सुलझा लिया गया था। शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद पिछले साल 29 मार्च को हड़ताल वापस ले ली गई थी।'

'मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के मामलों पर दाखिल करें रिपोर्ट', एनआईए को कलकत्ता हाईकोर्ट का निर्देश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह पूछा है कि क्या इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए।

अदालत ने इस बात का भी जिक्र किया कि मुर्शिदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में बेलदंगा और शक्तिपुर में 13 और 17 अप्रैल को झड़पों में बम और अन्य हथियारों के कथित इस्तेमाल का जिक्र किया था, जिसके कारण लोग घायल हुए थे। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवागनानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनआईए को दो जनहित याचिकाओं में झड़पों और अन्य आरोपों व बमों के कथित इस्तेमाल के बारे में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि रिपोर्ट में बताए कि झड़पों के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकियां केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाएं या नहीं। बता दें, पीठ में न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 10 मई को की जाएगी। तब तक रिपोर्ट दाखिल करनी है।

'कर्नाटक में मोदी नहीं, गारंटी की लहर', मतदान के बाद सिद्धारमैया का राज्य में 20 सीटें जीतने का दावा

बंगलूरू। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मोदी लहर को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के पक्ष में एक लहर है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राज्य में कुल 28 लोकसभा सीटों में से 20 सीटें जीतेगी। मतदान करने के बाद सिद्धारमैया ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक में कोई मोदी लहर नहीं है। यहां केवल गारंटी की लहर है। कांग्रेस लगभग 20 सीटें जीतने वाली है, क्योंकि हमारी सरकार की योजनाएं बिना किसी मध्यस्थ के जनता तक पहुंची है। हर महीने लोगों के बैंक खातों में पैसा पहुंचा है।' बता दें कि शुक्रवार को कर्नाटक के 14 सीटों पर मतदान हुआ।

सिद्धारमैया ने भरोसा जताया कि जनता का आशीर्वाद कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी। पहले चरण के 14 सीटों में कांग्रेस को कितनी सीटों में जीत मिलेगी, इस सवाल पर उन्होंने कहा, ₹फिलहाल, स्पष्ट रूप से इसे नहीं बताया जा सकता है। यह एक सीक्रेट बैलट है, लेकिन हम यहां ज्यादातर सीटें जीतेंगे।' सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने कहा, 'हम मैसूर और चामराजनगर की सीटों पर जीत हासिल करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, यहां सिद्धारमैया की कुर्सी दांव पर है, क्योंकि मैसूर और चामराजनगर में जीत जरूरी है।' सिद्धारमैया ने बताया कि उन्होंने पिछले दो दिनों में गुलबर्गा और बीदर में मल्लिकार्जुन खरगे के साथ चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा, ₹हम दोनों क्षेत्रों में जीत हासिल करेंगे।'

पीएम मोदी पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर निशाना साधते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वह (पीएम मोदी) हताश हो चुके हैं। सीएम ने कहा, 'उन्होंने जो भाषण दिया, वह किसी भी पीएम का भाषण नहीं था। वह गैर-संविधानिक है। मुझे ऐसा लगता है कि वह हताश हो चुके हैं।

ईवीएम और वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक- अर्जुन मेघवाल

नई दिल्ली, (हि.स.)। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी को लेकर दिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताया है।शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए मेघवाल ने कहा कि जब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की पार्टियां चुनाव जीतती हैं तो ईवीएम अच्छी हो जाती है। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जनता अपना आशीर्वाद देती है तो ईवीएम पर निराधार आरोप लगने लगते हैं। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को देश की संस्थाओं पर विश्वास नहीं है।उन्होंने कहा कि हम संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उसके सम्मान में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' कार्यक्रम पूरे देश में मना रहे हैं। जो सरकार संविधान को पूजती है, उसके बारे में कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेता जनता को भ्रमित करने में लगे हुए हैं। जिस प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री रहते हुए हाथी पर रखकर संविधान की शोभायात्रा निकाली, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बाबा साहेब के सम्मान में संविधान दिवस मनाना शुरू किया, उसके बारे में ये कांग्रेसी भ्रम फैलाते रहे हैं कि वे संविधान समाप्त कर देंगे।अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में डूबी कांग्रेस बाबा साहेब और संविधान का अपमान करके धर्म के आधार पर, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन करके मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है।

सीआरपीएफ के डीआईजी पर यौन उत्पीड़न के आरोप, सरकार ने शुरू की बर्खास्तगी की कार्रवाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ के डीआईजी रैंक के एक अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी पर सीआरपीएफ की कई महिला कर्मियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जांच में सही पाए गए आरोप

गृह मंत्रालय ने आरोपी अधिकारी को नोटिस जारी 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। जवाब मिलने के बाद गृह मंत्रालय बर्खास्तगी का आदेश जारी कर देगा। जिन अधिकारी के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई चल रही है, वो सीआरपीएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल खजान सिंह हैं। फिलहाल वह मुंबई में तैनात हैं। सीआरपीएफ की आंतरिक कमेटी ने खजान सिंह के खिलाफ जांच की थी और जांच में अधिकारी के खिलाफ लगे आरोप सही पाए गए।

कमेटी ने जांच रिपोर्ट सीआरपीएफ मुख्यालय भेजी, जहां से इसे यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन भेज दिया गया है। अब यूपीएससी की सिफारिश पर गृह मंत्रालय कार्रवाई कर रहा है।

अधिकारी ने आरोपों से किया इनकार

आरोपी अधिकारी के खिलाफ दो मामले हैं, जिनमें से एक मामले में गृह मंत्रालय ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। वहीं दूसरे मामले की जांच अभी भी चल रही है। खजान सिंह सीआरपीएफ में मुख्य खेल अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं। खजान सिंह साल 1986 में सियोल में हुए एशियन गेम्स में 200 मीटर तैराकी इवेंट के सिल्वर मेडल विजेता रहे हैं। साल 1951 के बाद भारत का तैराकी में यह पहला पदक था। खजान सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है और दावा किया कि उनकी छवि को खराब करने के लिए ये आरोप लगाए गए हैं। सीआरपीएफ में अभी 3.25 लाख कर्मी हैं। सीआरपीएफ में साल 1986 में पहली बार महिलाओं को युद्धक भूमिकाओं में शामिल किया गया था। इसमें महिला सैनिकों की छह बटालियन हैं, जिनमें करीब 8 हजार महिलाएं कार्यरत हैं।

दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले को लेकर कई इलाकों में सीबीआई की छापेमारी, हथियार बरामद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में आज छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामत किया। सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था। शुक्रवार को टीम ने अभियान चलाकर विदेशी पिस्तौल समेत कई हथियार बरामत किया। कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसा संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

अजित पवार को राहत, निर्वाचन अधिकारी का दावा– 'फंड फॉर वोट' बयान देकर नहीं किया कोई उल्लंघन

मुंबई। लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग ही माहौल बना हुआ है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं चुनाव आयोग भी सख्त रुख अपनाए हुए है। इस बीच बारामती लोकसभा सीट पर राजनीतिक हलचल जारी है। यहां के निर्वाचन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि शुरुआती जाचं में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा फंड से वोट मांगने पर की गई टिप्पणी के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं है।

शरदचंद्र पवार के नेतृत्व वाली एनसीपीएसपी ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव आयोग में आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। दरअसल, बारामती निर्वाचन क्षेत्र के इंदापुर में एक चुनावी रैली में अजित पवार ने हाल ही में कहा था, 'जहां तक फंड का सवाल है, हम आपको जितना

चाहें उतना देने में सहयोग करेंगे। लेकिन इसके लिए ईवीएम का बटन बड़ी संख्या में दबाना होगा। अगर ईवीएम का बटन अधिक से अधिक दबाया जाएगा तो मुझे भी धन आवंटित करना अच्छा लगेगा, नहीं तो मुझे खुद को रोकना होगा।'

पवार के पास राज्य का वित्त विभाग है। उनके इस बयान की विपक्ष ने आलोचना की थी। शरद वाली एनसीपीएसपी ने चुनाव आयोग में शिकायत देकर अजित पवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

अधिकारी ने बताई सच्चाई

बारामती की निर्वाचन अधिकारी कविता द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की और अजित पवार से जवाब मांगा। इस मामले में अब उन्होंने मुख्य चुनाव अधिकारी को एक रिपोर्ट सौंपी। इसमें अधिकारी ने बताया है कि उन्होंने अजित पवार के भाषण का वीडियो देखा है और आदर्श आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'वीडियो में किसी एक उम्मीदवार के लिए वोट नहीं मांगे गए हैं। उन्हें यह कहते हुए सुना जाता है कि 'हमारी' मशीन के बटन दबाएं ताकि वह धन आवंटित कर सकें। यहां मशीन शब्द सार्वभौमिक है और वह किसी विशेष उम्मीदवार या अपने उम्मीदवार या पार्टी के बारे में बात नहीं कर रहे हैं।'

पुणे के जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि बारामती के निर्वाचन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस मामले में आदर्श आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दो दिन पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई थी।

भाभी-ननद आमने-सामने

महाराष्ट्र की बारामती सीट पर रिश्ते में ननद भौजाई का राजनीतिक मुकाबला दिलचस्प हो चुका है। यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार खेमा) ने सुनेत्रा पवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवार बनाया है।

चिंताजनक : बच्चों को मानसिक रूप से कमजोर बना रहा बढ़ता स्क्रीन टाइम, व्यक्तित्व विकास पर असर

नई दिल्ली। बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों के दिमाग के काम करने की क्षमता को कम कर रहा है और इससे उनकी याददाश्त कमजोर हो रही है। 12 साल से कम उम्र के बच्चों पर इसका काफी गलत असर पड़ रहा है। सिनसिनाटी यूनिवर्सिटी अमेरिका के शोधकर्ताओं का कहना है कि बच्चा अगर ज्यादा से ज्यादा समय वर्चुअल वॉर्ड यानी स्क्रीन के सामने बिताता है तो वह खेलकूद, व्यायाम, लोगों से मिलने, बातचीत करने जैसे बहुत से कौशल सीखने के लिए अपना समय कम करता जाता है। इसका सीधा असर उसके समग्र व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है।

मार्च में अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून भी

पारित किया है। ब्रिटेन की सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल फोन की बिक्री पर ही प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है।

दुनियाभर के अभिभावक चिंतित

अध्यनकर्ताओं के अनुसार, इस समय दुनियाभर के अभिभावकों का सबसे अधिक ध्यान इस बात पर लगा रहता है कि वे अपने बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से दूर कैसे रखें। ब्रिटेन में डेजी ग्रीनवेल और क्लेयर फर्नीहॉफ ने अपने बच्चों को स्मार्टफोन से कैसे दूर रखा जाए, इसकी चर्चा के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी योजनाओं के बारे में पोस्ट किया तो देखते ही देखते बड़ी संख्या में माता-पिता इसमें शामिल होने लगे। अब उनके समूह स्मार्टफोन-फ्री चाइल्डहुड में 60 हजार से अधिक सदस्य हैं। ब्रिटेन में ऐसे कई समूह हैं, जो बच्चों के स्क्रीन टाइम को लेकर चिंतित हैं।

ये परेशानियां आती हैं सामने

ब्रिटेन में हुए शोध के अनुसार, 12 साल की उम्र तक के लगभग हर बच्चे के पास फोन होता है। वे ज्यादातर समय सोशल मीडिया पर ही बिताते हैं। उनके काम में अगर व्यवधान डाला जाए तो उनके व्यवहार में भी परिवर्तन आने लगता है। कुछ बच्चे गुमसुम और कुछ आक्रामक हो जाते हैं। उनमें संवेदनशील विचार कम होने लगते हैं। साथ ही मोटापा, नींद संबंधी विकार, अवसाद और चिंता सहित मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों की संभावना बढ़ जाती है।

दो से 12 साल के बच्चों के लिए एक घंटे से ज्यादा समय नुकसानदेह...

विशेषज्ञों के अनुसार, दो से 12 साल के बच्चों को 24 घंटे में एक घंटे ही मोबाइल देखने दिया जाए और 12 साल से अधिक बच्चों को दो घंटे ही दिया जाए। इससे ज्यादा मोबाइल इस्तेमाल करने पर बहुत सारे दुष्परिणाम हो सकते हैं।

फेसबुक से दूर लोग अधिक खुश

वयस्कों के लिए भी कम स्क्रीन टाइम फायदेमंद है। 2017 में यूनिवर्सिडैड डी लास विवि के शोधकर्ताओं ने फेसबुक उपयोगकर्ताओं के एक समूह को एक सप्ताह के लिए मंच से दूर रहने के लिए कहा। जिन्होंने ऐसा किया उनमें कम उदासी देखी गई।

हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, सियाचिन के पास पीओके में कर रहा सड़क निर्माण, सैटेलाइट तस्वीरों में खुलासा

नई दिल्ली। चीन ने सियाचिन के नजदीक अवैध रूप से अधिग्रहित कश्मीर में सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। सैटेलाइट तस्वीरों से इसका खुलासा हुआ है। पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से अधिग्रहित कश्मीर का एक हिस्सा साल 1963 में चीन को सौंप दिया गया था। उसी इलाके में अब चीन द्वारा सड़क का निर्माण किया जा रहा है। चीन के शिनजियांग प्रांत से निकलने वाला हाइवे जी219 सियाचिन के नजदीक से होकर गुजर रहा है, जो कि भारत की उत्तरी सीमा के इंदिरा कोल इलाके से करीब 50 किलोमीटर दूर है।

गौरतलब है कि इंदिरा कोल इलाके का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीते मार्च से दो बार दौरा कर चुके हैं। यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसी की सैटेलाइट ने इन तस्वीरों को लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल जून और अगस्त में इस हाइवे का निर्माण शुरू हुआ था। कारगिल,

सियाचिन और पूर्वी लद्दाख में सुरक्षा का जिम्मा भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स संभालती है। इस कॉर्प्स के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राकेश शर्मा का कहना है कि चीन द्वारा बनाई जा रही ये सड़क पूरी तरह से अवैध है और भारत को कूटनीतिक तरीके से चीन के सामने इसका विरोध करना चाहिए।

भारत की सुरक्षा पर हो सकता है असर

चीन द्वारा सियाचिन के नजदीक बनाई जा रही सड़क का भारत की सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका है। दरअसल यह सड़क ट्रांस कराकोरम ट्रैक्ट इलाके में पड़ती है और यह इलाका ऐतिहासिक रूप से कश्मीर का हिस्सा है और इस पर भारत अपना दावा जताता है। भारत के नक्शे में भी इस क्षेत्र को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। ट्रांस-कराकोरम ट्रैक्ट करीब 5300 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला है। भारत के सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस हिस्से में यथास्थिति में बदलाव भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। आशंका है कि चीन अगर इस क्षेत्र में और निर्माण करता है तो इससे पहाड़ी इलाके में भारत की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान प्रांत में साल 2021 में पाकिस्तानी सरकार ने नए हाइवे के निर्माण का एलान किया था, जो कि मुजफ्फराबाद को मस्ताघ पास से जोड़ेगा। मस्ताघ पास शक्सगाम घाटी से जुड़ता है। ऐसे में आशंका है कि चीन और पाकिस्तान का इस इलाके से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ाव हो सकता है।

बसपा के नए खिलाड़ी लोकसभा चुनाव में बीजेपी पर पड़ेंगे भारी?

धौरहरा 29 में दिलचस्प हुआ लोकसभा चुनाव, रेखा वर्मा VS श्याम किशोर अवस्थी की जंग में किसका पलड़ा भारी?

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। भाजपा ने रेखा वर्मा को धौरहरा 29 से तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है हालांकि चुनाव मैदान में उतरने के बाद एक बार फिर ये सवाल खड़ा हो गया कि क्या भाजपा इस सीट को तीसरी बार जीतेगी या फिर बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी हाथी को जिताकर बसपा सुप्रीमो मायावती को मजबूत करेंगे हालांकि लोगों का अनुमान है कि धौरहरा क्षेत्र मे बसपा VS भाजपा का रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

मैदान में सभी दावेदारों के नामांकन के बाद लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज गई है यूपी की धौरहरा 29 लोकसभा सीट वैसे तो हर बार चुनाव में हॉट सीट रहती है क्योंकि इस सीट से केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का पुराना नाता है

हालांकि इस सीट पर निगाहें लगी रहती है यह बात अलग है कि पिछले 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंधी में उत्तर प्रदेश में 80 सीटों पर बीजेपी के समीकरण के आगे विपक्षी दलों के सारे दांव पेंच फेल हो गए थे भाजपा ने 78 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें से 62 सीटों पर कमल खिलाने में कामयाब हो गई वहीं बीजेपी की सहयोगी अपना दल को दो सीटों पर जीत हासिल हुई।

वहीं इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी रणनीति में परिवर्तन करते हुए बीजेपी प्रत्याशी रेखा वर्मा के सामने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए सांसद के करीबी श्याम किशोर अवस्थी को मैदान में उतार कर नेताजी के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

धौरहरा में विकास का मुद्दा उठा रही बसपा

वहीं सांसद के बेहद करीबी रहे बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी ने अपने चुनावी आगाज के साथ ही लोगों से कहा हम बदलाव लाएंगे.... नया धौरहरा बनाएंगे... माननीय धरातल से गायब है, और प्रचार में अव्वल है ऐसे नेताओं को हाथी वाले खाने पर अपना अमूल्य वोट देकर इस बार सबक सिखाना है....हालांकि जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा 10 साल आपने भाजपा प्रत्याशी को मौका दिया, एक बार आप बसपा प्रत्याशी को मौका देकर देखें 05 साल में आपके बीच में आपका सेवक बनकर कार्य करूंगा उन्होंने भाजपा सांसद रेखा वर्मा पर 10 साल में कोई विकास न करवाने व क्षेत्र में गायब रहने के भी आरोप लगाए हैं।

हालांकि भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा अपनी चुनावी मीटिंग में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा करवाए गए कार्यों का गुणगान करते नजर आ रही है।

जनता की नाराजगी से बसपा प्रत्याशी को मिलेगा फायदा

धौरहरा 29 लोकसभा सीट पर बीजेपी ने तीसरी बार रेखा वर्मा पर भरोसा जताया है लेकिन बसपा ने भी ब्राह्मण कार्ड खेल कर इस लोकसभा चुनाव को टक्कर देने के लिए सांसद के करीबी श्याम किशोर अवस्थी को मैदान में उतारा है।

हालांकि धौरहरा लोकसभा सीट ब्राह्मण बाहुल्य है ऐसे में बसपा को यह लगता है कि इसका फायदा श्याम किशोर अवस्थी को और उनकी पार्टी को मिलेगा। सूत्रों की मानें तो माननीय को लेकर काफी नाराजगी है।

बीजेपी प्रत्याशी का विरोध सिर्फ इसी बात का है कि वह अपने कुछ खास लोगों का ही ध्यान रखा।

प्रत्याशियों के अपने-अपने दावे

उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे है जहां भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा को पीएम मोदी पर भरोसा है और उन्हें यकीन है कि राम मंदिर बनाने के साथ-साथ विकसित भारत के लिए लोग प्रधानमंत्री व योगी आदित्यनाथ को देखकर ही मतदान करेंगे। वहीं बसपा प्रत्याशी के श्याम किशोर अवस्थी इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 10 साल के धौरहरा सांसद के कामों को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं यहां तक कि उन्होंने राम मंदिर के मुद्दे को लेकर यह भी कह दिया कि राम किसी एक के नहीं सभी के है हालांकि इस बात मे संशय नहीं कि बसपा के राम और बीजेपी के राम अलग-अलग है जबकि वह तो खुद ब्राह्मण है और बिना अपने ईष्ट का नाम लिए कभी घर से बाहर नही निकलते।

धौरहरा 29 संसदीय सीट पर अनुमानित जातीय आंकड़ों की तस्वीर पर गौर करें तो

ब्राह्मण मतदाता- 3,25,000
मुस्लिम मतदाता- 2,50,000
कुर्मी मतदाता- 1,60,000
पासी,जाटव, आदि एससी- 3,10,000
यादव, कुशवाहा, मौर्य आदि- 2,75,000
क्षत्रिय मतदाता- 1,30,000
वैश्य मतदाता - 9,5000
अन्य- 1,68,900
कुल मतदाता- 17,13,900 हैं।

हालांकि प्रत्याशियों के भविष्य का निर्धारण इस बात पर भी निर्भर है कि कितने प्रतिशत पोल होगा और पोलिंग में किस पार्टी के वोटरों की कितनी सहभगिता रहेगी।

चूणाकरण संस्कार में राष्ट्रहित में वोट करने की अपील

मिष्ठान के डिब्बों पर छपवाया स्लोगन, जनपद खीरी के मतदाता आईकॉन ने की सराहना

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के रहने वाले एक युवक ने अपने पुत्र के चूड़ाकरण संस्कार के मिष्ठान के डिब्बो में लोगों से 2024 लोकसभा चुनाव में राष्ट्र हित मे मतदान करने की अपील की है।

लोकसभा चुनाव 2024 निरन्तर जारी हैं। जिसको लेकर चुनाव का रंग भी सम्पूर्ण देश मे देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक बच्चे के चूड़ाकरण संस्कार समारोह में लोगो को मुह मीठा कराने के लिए छपवाए गए डिब्बों के स्टिकर में मेहमानों से लोकसभा चुनाव 2024 में राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की गई है।

यह चूड़ाकरण संस्कार के लड्डू के डिब्बे लखीमपुर खीरी के श्री हरि चरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनीष मिश्र के इकलौते पुत्र अच्युतम के चूड़ाकरण संस्कार के है। यह लड्डू के डिब्बे छपवाए गए है जो रिश्तेदारों और नजदीकियों के बीच बांटे गए हैं। अच्युतम के चूड़ाकरण संस्कार के लड्डू के डिब्बा लोगों के घर पहुंचते ही चर्चा का विषय बन गये । क्योंकि डिब्बे पर लोकसभा के चुनाव में राष्ट्र हित की बात कहते हुए मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया है। लोग बड़े चाव से इस डिब्बे में लिखी बातों को पढ़ रहे हैं। ओर श्री हरि चरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनीष मिश्र की भूरि भूरि प्रसंसा कर रहे है।

जनपद खीरी के मतदाता आईकॉन ने की सराहना. मतदाता आइकॉन एसपी सिंह ने कहा अच्छी पहल

वायरल हो रहे इस लड्डू के डिब्बे को लेकर जनपद लखीमपुर खीरी के मतदाता आइकॉन एसपी सिंह ने कहा-'मिस्ठान का डिब्बा सामने आया है जिसमें लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की गई है। यह एक अच्छी पहल है। वह इसकी प्रशंसा करते हैं। ओर जो इसबार का पूरे जनपद में 90% प्रतिशत का लक्ष्य है। उसे पाने में ऐसे संदेशो से लाभ मिलता रहेगा।

विद्यालय के शिक्षकों के अथक मेहनत का दिखा परिणाम

मिल्कीपुर -अयोध्या। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अमानीगंज ब्लाक क्षेत्र स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा से 7 बच्चों चयन का एन एम एम एस में चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में इकट्ठे 7 छात्र-छात्राओं का का चयन होने पर विद्यालय के शिक्षकों में भी खुशी का माहौल छा गया है। शिक्षकों ने कक्षा 8 उत्तीर्ण कर चुके इन छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया। जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले सभी सातों छात्र-छात्राओं को मलयार्पण कर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। परीक्षा में छात्रा आस्था ने 134 अंक प्राप्त कर चौथी रैंक प्राप्त की है। जबकि छात्रा शाहीन ने 125 अंक प्राप्त कर 11वीं रैंक हासिल की है।

प्रेक्षकों ने डीएम संग स्ट्रांग रूम का लिया जायजा, दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 28_खीरी संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29_धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने संयुक्त रूप से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग और इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कृषि उत्पादन मण्डी समिति राजापुर का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। खीरी जिले की आठ विधानसभाओं के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्षों का भ्रमण के दौरान प्रेक्षकगण ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार फुल प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।

प्रेक्षक गण ने स्ट्रॉग रूम व मतगणना के लिए चिह्नित स्थानों के बारे में ली जानकारी

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी राजापुर परिसर में बनाए गए स्ट्रॉग रूम व मतगणना के लिए चिह्नित स्थानों के बारे में प्रेक्षक को जानकारी देते हुए अधिकारियों से मतदान व मतगणना से संबंधित सभी कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम, अवर अभियंता (विनियमित क्षेत्र) प्रदीप त्रिवेदी, मंडी सचिव सुधांशु शेखर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर अयोजित किया गया कार्यक्रम

लोकमित्र संवाददाता

सिंगाही-खीरी। ग्राम पंचायत सिंगाहा में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर हनुमान जी की पूजा व भोग लगाया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

सिंगाहा गांव में हर वर्ष की तरह इस साल भी बड़े ही धूम धाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में फरुखाबाद से कलाकारों की तरफ से विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पंडाल में भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। समिति अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि गांव में यह आयोजन पन्द्रह साल से किया जा रहा है। लगातार पन्द्रह सालों से समिति जन्मोत्सव मना रही है। इस दौरान 101 किलो का प्रसाद सरंक्षक राहूल गुप्ता की तरफ से दिया गया। राहूल गुप्ता ने कहा कि ऐसा धार्मिक आयोजन हर सनातनी की जिम्मेदारी है। हमारा धर्म हमारे देवी देवताओं की आराधना करने की सीख देता है। इससे जहां समाज में अनुशासनिक परंपरा विकसित होती है तो वहीं लोगों में श्रद्धभाव बढ़ता है। इस मौके आयोजक दीपक गुप्ता, गौरव अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, रामसहाय, गोपाल श्रीवास्तव के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ भव्य उद्घाटन

अयोध्याधाम। रायबरेली रोड उसरू पर निकट पेट्रोल पंप रॉयल पाल्म इन साहू पैलेस के सामने सेवर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी का एक भव्य उद्घाटन किया गया इस उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएंन अकादमी के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने फीता काटकर इस डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया उद्घाटन की शुरुआत मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके सेवर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया बी एंन अकादमी के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिस तरह से किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क और बिजली की आवश्यकता होती है ठीक उसी तरह व्यक्ति में व्यक्तित्व का विकास लाने के लिए अच्छी सोच एवं शिक्षा की आवश्यकता होती है इस परिपेक्ष में सेवर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी के डायरेक्टर राहुल श्रीवास्तव ने एक अच्छी पहल की है इस मौके पर सेवर सक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी की प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

धड़ल्ले से जारी है कलमी व देशी आम के पेड़ों का कटान

लोकमित्र ब्यूरो

गोलागोकर्णनाथ-खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी के क्षेत्र में विभिन्न वीटों में निकासी व बगैर परमिट रमन्ना के आम गूलर जैसे वृक्षों का कटान बराबर चल रहा है जिससे जहां वन कानूनों का उल्लंघन होता है वहीं पर्यावरण का प्रदूषण फैल रहा है और हरियाली का सफाया होने से प्राकृतिक सौंदर्य व छाया का अभाव पैदा होने लगा है।

जानकारी के अनुसार दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी की वीट बेलहरी में दिनांक 26-4-2024 को ग्राम/पुलिस चौकी ढकवा जोकि थाना हैदराबाद के अंतर्गत है इस पुलिस चौकी के ठीक पीछे खड़ी आम की बाग कटान चल रहा है इस बाग कटान कराने वाले ठेकेदार का कहना है कि मुझे वनरेंज मोहम्मदी के माध्यम से डीएफओ दक्षिण खीरी ने छूट प्रजाति के कलमी आम की बाघ का कटान की अनुमति निकासी दी है।

गौरतलब है कि आजकल आम का मौसम है और इस समय आम के वृक्षों का कटान होना नहीं चाहिए पर जंगल विभाग का जंगल कानून का राज है जिसका परिणाम हैकि वनरेंज मोहम्मदी के क्षेत्र में बराबर हरियाली का सफाया कराया जा रहा है चाहें वह ग्राम झारा हो या किरता पुर चाहें वह मूड़ा हो चाहें वह बढैया खेरा हो चाहें वह सुहेला आदि तमाम ग्रामों में कटान बीते एक माह में हो चुका है वन विभाग को पर्यावरण प्रदूषण से कोई मतलब नहीं था और न ही आम के वृक्षों में आम के समय लदे बौर व फलो से कोई लेना-देना है।

नगर के वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने जब जब अवैध कटान व जंगल कटान का मामला उठाया तब वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि उनपर फर्जी

> आजकल कलमी व देशी वृक्षों में फल का समय है पर दक्षिण खीरी में निकासी व बगैर परमिट रमन्ना के कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है 26अप्रैल 2024 को सुबह से आम की बाग का कटान जारी है।

तरीके से मुकदमा लादकर खुशियो का इजहार किया है ऐसा नही है कि इसकी जानकारी वन विभाग के उच्च अधिकारियों को नहीं है पर वह अवैध रूप से कटान कराने वाले वनरेंज अधिकारी मोहम्मदी को संरक्षण देने का कार्य किया है।

वन प्रेमी व वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आनलाइन व रजि०डाक से शिकायत भेजकर जांच किसी दूसरे विभाग से कराकर दोषियों को दंडित करने की एक बार फिर से मांग की है।

निजी बस से छिटककर गिरे अधेड़ की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। निजी बस में सफर कर रहे व अपनी ससुराल निघासन शादी समारोह में शामिल होने जा रहे छिटककर गिरे अधेड़ की सर में गंभीर चोट लगने से घायल हो गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार शिवप्रकाश 40 पुत्र ओमप्रकाश पाण्डेय निवासी ग्राम गूढ थाना मोतीपुर बहराइच अपनी ससुराल थाना क्षेत्र निघासन मे शादी समारोह में शामिल होने के लिए सिसैया चौराहे से निजी बस में सवार हुआ था बताया जाता है कि मृतक शिवप्रसाद खिडकी के पास खडा होने से छिटककर गिरे गया जिससे सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक के चार बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पहले दिन भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह ने किया नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। लोकसभा चुनाव 2024 के पंचम चरण के लिए 20 मई को मतदान होना है। जनपद में 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 54-फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम नितीश कुमार ने बताया कि नाम निर्देशन के प्रथम दिन 21 व्यक्तियों द्वारा 29 सेट नामांकन फार्म प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये। उन्होंने बताया कि 54-लोकसभा फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन सम्बंधी कार्यवाही की गयी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनरूद प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारीगण मौजूद रहे।उपनिदेशक सूचना डा मुरलीधर सिंह ने बताया कि नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के बारे में एवं उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारी निर्वाचन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध है। जहां से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अन्य चुनाव सम्बंधी जानकारी के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह (9454416101) से सम्पर्क किया जा सकता है।

कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुआ नामांकन

संसदीय क्षेत्र फैजावाद के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद शुक्रवार को सांसद लल्लू सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर कलेक्टर स्थित नामांकन कक्ष व परिसर मे सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त रही। नामांकन स्थल का एसएसपी राज करण नैय्यर ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। जोन व सेक्टर बनाकर पुलिस बल को तैनात किया गया है। कलेक्ट्रेट के दक्षिणी गेट से नामांकन के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट मे बैरिकेडिंग की गई है।एसएसपी राज करण नैयर ने कहा फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। गुरुवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई । नामांकन प्रक्रिया से जुड़े नियमों को बताया गया। 100 मीटर के दायरे में बैरीकेडिंग की गई है।

सम्पूर्ण जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के दृष्टिगत अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत सम्पूर्ण जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले चुनाव के सापेक्ष मतदान प्रतिशत में और सुधार लाये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं से घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है और उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता से लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु लोकतंत्र के प्रति अपने सर्वोपरि कर्तव्य अर्थात अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु जागरूक किया जा रहा है और अपील की जा रही है कि मतदाता स्वयं वोट दें और अपने परिवार, सगे सम्बंधियों, मित्रों एवं पड़ोसियों आदि को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अभियान के तहत ऐसे क्षेत्र जहां पर विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है वहां पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के क्रम में विधानसभा 276 गोसाईगंज में बूथ लेवल आफिसर तथा सुपरवाइजर द्वारा मतदाता जागरूकता रजिस्टर को भरने के लिए घर-घर सर्वे किया जा रहा है तथा मतदान के दिन दिनांक 25 मई 2024 को मतदान हेतु शपथ दिलायी गयी। विधानसभा 271 रूदौली क्षेत्र में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत डोर जव डोर मतदाताओं को जागरूक करते हुए खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी , सहायक विकास अधिकारी , ग्राम सचिव, बीएलओ तथा समूह की दीदियों ने डोर टू डोर जाकर अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

विश्व कीर्तिमान में मोहम्मदी के गोविन्द हुये शामिल

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। अपनी सृजनात्मक रचनाओं से विश्व में लोकप्रिय मोहम्मदी लखीमपुर खीरी के कवि गोविन्द गुप्ता ने एक और विश्व कीर्तिमान में हिस्सा लेकर जनपद को गौरवान्वित किया है। हमारा तिरंगा चाँद पर पहुँचा,चंद्रयान-* की सफलता को समर्पित यह विश्व कीर्तिमान उन सभी देशभक्त वैज्ञानिकों को समर्पित है जिन्होंने अपने अनवरत प्रयास से हर भारतवासी का सपना साकार किया। इस पुस्तक में गोविन्द गुप्ता की रचनाओं को स्थान दिया गया और औऱ उप सम्पादक का दायित्व भी निभाया है। इस पुस्तक की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेंट स्वरूप दी जाएगी एवं इसरो के सभी वैज्ञानिकों तक भी यह पुस्तक पहुँचेगी। इंडोनेशिया में रह रही भारतीय मूल की निवासी इंदु नांदल के संयोजन में यह रिकार्ड दर्ज किया गया। विश्व के विभिन्न देशों के रचनाकार इसमे शामिल हुये। मोहम्मदी कस्वे के लिये गौरव है कि मोहम्मदी की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व मे बज रहा है।यह करिश्मा गोविन्द गुप्ता अठारहवीं बार कर चुके है उन्हें बधाई देने बालों में उनके मित्र, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि है।

एनडीए वाले लोग पीडीए परिवार से घबरा गए, जानबूझकर कराते हैं पेपर लीक: अखिलेश

लोकमित्र ब्यूरो

कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज में शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों की एक तिहाई जिंदगी बर्बाद कर दी। दिल्ली की भाजपा की 10 वर्ष की सरकार और यूपी की पांच वर्ष की सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं दे सकी। नौजवान बेहद परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि यूपी सरकार द्वारा जो भी भर्ती परीक्षाएं कराई गईं, उनके पेपर लीक हुए। ये पेपर लीक जानबूझ कर सरकार के द्वारा कराए गए। क्योंकि, भाजपा सरकार नौकरी नहीं देना चाहती। कहा कि 60 लाख नौजवान नौकरी के लिए परेशान हैं। यदि एक नौजवान के परिवार में तीन सदस्य मानें जाएं तो यह संख्या 1 करोड़ 80 लाख तक पहुंचती है।

कहा कि जब इन परिवारों के वोट भाजपा को नहीं जाएंगे तो हर लोकसभा क्षेत्र में 2.25 लाख वोट भाजपा के कम हो जाएंगे तो भाजपा को क्या मिलेगा। उन्होंने किसानों और व्यापारियों के मुद्दे भी उठाए। उन्होंने भाजपा के द्वारा पिछले समय में निकाली गई, विकसित यात्रा का हवाला देते हुए कहा कि इस विकसित यात्राओं के लिए प्रधानों से पैसा वसूल किया गया।

कहा कि उद्योगपति भाजपा के मित्र हैं। किसानों की उपज की एमएसपी भी नहीं देना चाहते। सरकारी खरीद भी नहीं करना चाहते, क्योंकि उनकी मंशा उद्योगपति गोदामों में मुनाफा वसूली के लिए खरीदना है। उन्होंने इलेक्टोरल बांड पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा ने चंदा नहीं लिया, बल्कि वसूली की है। कहा कि एनडीए वाले लोग पीडीए परिवार से घबरा गए हैं। उन्होंने सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य के लिए वोट मांगे।

सीवर में गिरने से 8 साल के मासूम की मौत पर हुई सख्त कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के जानकीपुरम क्षेत्र में बीते मंगलवार को सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत मामले में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए जाँच के उपरांत दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कार्यदायी संस्थान एस. के. इंटरप्राइजेज के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है।

लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार (23 अप्रैल 2024) को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा सीतापुर के अकबरपुर का रहने वाले आठ साल के शाहरुख खान की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गयी थी। बच्चा अपने परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर सात में रहता था। घटना की जानकारी होते ही नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके उपरांत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायरफाइटर की संयुक्त कार्यवाही से बच्चे को 18 फिट गहरे मेनहोल से रेस्क्यू करके बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मंत्रीने मामले की विभागीय जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात नियमित क्षेत्र का निरिक्षण न करने व अपने-अपने दायित्वों मां निर्वहन न करने पर अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह और सुपरवाइसर अच्छे लाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही गयी है। साथ ही कार्यदायी संस्था के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा है।

लम्बन अवधि में अधिशासी अभियंता (जल) मनोज कुमार शुक्ला को निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया तथा निलम्बन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ से दिया जायेगा। वहीं निलम्बन अवधि में श्री अच्छे लाल, फिटर जोन 6 कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे तथा इनके जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान जोन-6, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने दाखिल किया नामांकन पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रस्तावक त्रिलोक अधिकारी, महानगर महामंत्री,अरुण कुमार तिवारी पार्षद राजीव गांधी द्वितीय वार्ड साथ में उपस्थित रहे।

बता दें कि इससे पहले भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा का झंडा लिए लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी आज सुबह अपने घर से हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे जहां दर्शन-पूजन करने के बाद वो कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। बीजेपी प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, बीजेपी युवा नेता नीरज सिंह, एमएलसी, लखनऊ के चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुधीर हलवासिया सहित भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति हेतु फीस लॉक करने का एक और अवसर, छूटे हुए छात्रों को मिलेगा लाभ

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग ने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संस्थानों को फीस डाटा लॉक करवाने का अवसर दिया है। इस क्रम में छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल खोला जा रहा है। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार से अनुमति प्राप्त कर ली गई है। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी जिनके द्वारा मास्टर डेटा लॉक नहीं किया गया है, उन्हें 30 अप्रैल से 3 मई 2024 तक फीस लॉक करने का मौका दिया गया है। वहीं इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा 4 मई से 7 मई 2024 तक उक्त फीस को लॉक करने की कार्यवाही की जाएगी। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार स्तर से सीधे आधार सीडेड बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा।

पुलिस की वर्दी, कंधे पर थ्री स्टार और लाल बत्ती वाली कार, पोलिंग बूथ पर चेकिंग करने पहुंचा नकली सीबीआई इंस्पेक्टर फिर...

लोकमित्र ब्यूरो

हापुड़। देश में इस समय लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग चल रही है। आज दूसरे चरण का मतदान है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में मतदान केंद्र के बाहर से एक फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार हुआ है। ऑल्टो कार से पहुंचा वर्दीधारी फर्जी इंस्पेक्टर खुद को इलेक्शन ड्यूटी में तैनात बता रहा था। लेकिन उसकी चोरी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी। शक हुआ तो ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने उससे पूछताछ की। तब नकली इंस्पेक्टर की सारी पोल खुल गई।

जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए शख्स का नाम अंकित है। उसे मतदान केंद्र से चंद कदमों की दूरी पर दबोचा गया है। वह सफेद ऑल्टो कार से आया था। कार में आगे उत्तर प्रदेश सरकार लिखा था, साथ ही लाल बत्ती भी लगी थी। उसके पास से फर्जी आईकार्ड बरामद हुआ है, जिसे

दिखाकर वह मतदान केंद्र की जांच करने जा रहा था। एसपी ने इस पूरे मामले पर बताया कि गिरफ्तार हुआ शख्स मानसिक रूप से बीमार लग रहा है।

फिलहाल, उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई जा रही है। उसकी कार से तमाम फर्जी आईकार्ड मिले हैं। शख्स का मेडिकल भी करवाया जाएगा। ताकि पता चल सके कि वो सच में मानसिक रूप से बीमार है या मामला कुछ और ही है।

ऐसे पकड़ा गया फर्जी पुलिसवाला

जानकारी के मुताबिक, यह मामला हापुड़ कोतवाली देहात के एलएन पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र के पास का है। फिलहाल, पुलिस ने फर्जी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता कि कैसे अंकित ने ढीली-ढाली वर्दी पहन रखी है। वर्दी पर तीन स्टार भी हैं। लेकिन हाव-भाव से वह कहीं से भी ऑफिसर नहीं लग रहा है। उसकी हरकतों पर शक होने पर ही पुलिस ने उसे रोका था। जिस पर उसने अपना फर्जी आईकार्ड दिखाया और पकड़ा गया।

कहां-कहां हो रही आज वोटिंग?

गौरतलब है कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण के तहत यूपी के हापुड़ जिले में मतदान हो रहा है। इसके अलावा गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, अमरोहा और अलीगढ़ में भी वोटिंग हो रही है। इसको लेकर सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद है।

29 तक के लिए कानपुर में 8वीं बार टला सपा विधायक पर कोर्ट का फैसला

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां आगजनी मामले में आरोपी समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी पर होने वाला फैसला आठवीं बार टल गया है। यहां का एमपी एमएलए कोर्ट अब उनके मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को करेगा।

अवगत कराते चलें कि यहां की नजीर फातिमा ने वीते साल 8 नवंबर को जाजमऊ थाने में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई जज्बा सोलंकी समय कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था । घटना के मामले में वादिनी का आरोप था कि कानपुर सीसामऊ के विधायक हाजी इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने अपने गुंडों के साथ प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से 7 नवंबर को उनका अस्थाई घर फूंक दिया था। इसी मामले में दर्ज मुकदमे की एमपी/एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। बस अब फैसला आना है।सपा विधायक इरफान सोलंकी के इस मामले में पहले भी कोर्ट ने फैसला सुनाने को लेकर 14 मार्च फिर 19, 22, 28 मार्च और फिर 4 और फिर 20 अप्रैल को फैसला सुनाने को लेकर तारीख दी थी, अब 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले में यहां की कमिश्नर पुलिस तगड़ी तैयारी के साथ पहले से ही सक्रिय थी।

उम्र 70 के पार, जज्बा बरकरार...16 बार हारे, हरदोई में 17वीं बार फिर चुनाव लड़ेंगे शिवकुमार

लोकमित्र ब्यूरो

हरदोई । उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में 16 बार चुनाव लड़कर हारने का रिकॉर्ड बना चुके शिवकुमार अब 73 वर्ष की उम्र में 17वीं बार लोकसभा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। आज उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने हरदोई सदर सीट से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। उनका कहना है कि जनता उनको हर बार बढ़-चढ़कर मत देती है। उनका सम्मान रखती है। अगर मौका दिया तो जनता के लिए बहुत कुछ करेंगे। वह आज भी जीतने की ही बात करते हैं, जिंदगी के अंतिम पड़ाव में चुनाव लड़ने की ललक शिवकुमार में अब भी बरकरार है।

लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हरदोई सदर से नामांकन कर रहे शिवकुमार शहर कोतवाली क्षेत्र के मन्नापुरवा के रहने वाले हैं।

इनका कहना है कि वह हारने के बाद भी वह चुनाव लड़ते रहेंगे। क्योंकि जनता उनका सम्मान बरकरार रखती है। इस बार अगर वह जीतते हैं तो लोकसभा क्षेत्र के लोगों की हर समस्या के समय उनके साथ खड़े रहेंगे और उनका सहयोग करेंगे।

हर बार निर्दलीय चुनाव लड़ा

शिवकुमार ने हर बार निर्दलीय चुनाव लड़ा है। शिवकुमार ने 3 प्रधानी के चुनाव, 3 जिला पंचायत के साथ 7 विधानसभा चुनाव और अब तक 3 लोकसभा चुनावों में अपनी किस्मत आजमाई है। लेकिन हर बार शिवकुमार को हार ही मिली है।वह चौथी बार 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि उनके मुद्दे क्या हैं, अगर वह बता देंगे तो लोग नकल कर लेंगे।

कहते हैं कि अगर जीवन में कोई भी चीज अगर जुनून बन जाए तो उसे छोड़ना मुश्किल होता है। हरदोई के शिवकुमार की भी कुछ ऐसी ही कहानी है, जो चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा छोड़ नहीं पा रहे हैं। ज्यादा कुछ पूछने पर नाराज होते हुए कहते हैं कि अगर हम सब कुछ बता देंगे तो कल से नामांकन करने पहुंचने वाले नेता उनकी नकल कर लेंगे। इसलिए वह कुछ बताना नहीं चाहते हैं। अगर जनता उन्हें जीतती है तो वह जनता के लिए बहुत कुछ करने वाले हैं कुल मिलाकर अलग अंदाज में नामांकन करके वह कई बार हरदोई कलेक्ट्रेट से वापस जा चुके हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग का अजीब आदेश, दो दिन के लिए स्कूलों का समय बदला, उसमें भी एक दिन की छुट्टी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का अजीब आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को तो रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों की टाइमिंग पहले जारी किए गए आदेश के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक रहेगी।

बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था।

बच्चा बेच दो, हॉस्पिटल का बिल माफ होगा और ढाई लाख मिलेंगे... डॉक्टर ने किया नवजात का सौदा

लोकमित्र ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक हॉस्पिटल में नवजात बच्चे को बेचने का मामला सामने आया है। जब यह वारदात सामने आई तो पुलिस तुरंत ही हरकत में आई और एक बच्चा बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है वहीं नवजात बच्चे को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक बच्चा बेचने के इस पूरे मामले में एक डॉक्टर और उसके दो स्टाफ मेंबर्स शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला फिरोजाबाद के रामगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू लाइफ हॉस्पिटल का है। यहां एक नवजात बच्चे को गंभीर हालत में भर्ती किया गया था। बच्चे की मां दामिनी और पिता धर्मेंद्र बहुत ही गरीब परिवार से हैं। हॉस्पिटल में

3 दिन तक इलाज चलने के बाद बच्चे का बिल 18 हजार रुपये हो गया। इस बीच हॉस्पिटल संचालक के एक दलाल ने धर्मेंद्र और दामिनी से कॉन्टैक्ट किया।

बच्चे के बदले ढाई लाख

दलाल ने बच्चे के बदले धर्मेंद्र और दामिनी को बच्चे को बेच देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर वह बच्चे को बेचने को तैयार हो जाते हैं तो उन्हें इसके बदले में हॉस्पिटल का बिल तो माफ होगा ही साथ ही उन्हे ढाई लाख रुपये और मिलेंगे। हॉस्पिटल के डॉक्टर और दो स्टाफ मेंबर्स ने उन्हें यह डील दी थी। उन्होंने इस दौरान ग्वालियर में मौजूद एक निसंतान दंपति की बात भी कही थी जिसे वह बच्चा बेचने जा रहे हैं।

डॉक्टर और स्टाफ मेंबर अरेस्ट

बच्चे की मां दामिनी को डील बर्दाश्त नहीं हुई, वह मजबूरी में हॉस्पिटल से चली आई लेकिन वापस आने के बाद उसने पुलिस में इस पूरे मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामले की संगीनता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की और आरोपी डॉक्टर समेत उसके दो स्टाफ मेंबर को भी हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि नवजात को ग्वालियर भेजा गया है जिसके बाद उन्होंने नवजात को भी बरामद किया है। पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं इसमें और किसी बड़े गिरोह का हाथ तो नहीं है?

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में चलाया गया स्वच्छता अभियान

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 26 अप्रैल को योग विभाग, बीबीएयू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके आस- पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति आचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ० पवन कुमार चौरसिया, योग विभाग के डॉ० दीपेश्वर सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। डॉ० नरेंद्र सिंह द्वारा सभी को ‘स्वच्छता ही सेवा’ की शपथ भी दिलाई गई। डॉ० पवन कुमार चौरसिया ने चर्चा के दौरान कहा कि हमे स्वयं अपने आस पास के क्षेत्र को ग्रीन व क्लीन बनाकर रखना चाइए तभी हमारा ग्रीन भारत - क्लीन भारत का मिशन पूरा होगा। डॉ० दीपेश्वर सिंह जी ने कर्म योग को परिभाषित करते हुए बताया, कि योग में स्वच्छ स्थान का अतिमहत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि स्वच्छ स्थान पर ही श्रेष्ठ विचारो का सृजन होता है।

फोन पर बॉयफ्रेंड से करती थी बात, घरवालों ने डांटा तो फंदे से झूल गई युवती

लोकमित्र ब्यूरो

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक युवती फोन पर एक युवक से बात कर रही थी, तभी इसकी जानकारी घरवालों को हो गई। उन्होंने इस बात को लेकर युवती को डांट दिया। इस बात से दुखी होकर युवती घर के एक कमरे में चली गई। जब युवती कमरे से काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो घर वालों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई।

कुछ देर बार युवती के घरवालों ने युवती के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो उनके होश उड़ गए। कमरे में बंद उनकी बेटी फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। घर वालों की बात से परेशान होकर युवती ने खुद की जान ले ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

बारहवीं की छात्रा थी युवती

मृतक युवती हाथरस की रहने वाली थी। उसकी उम्र 19 साल थी। युवती ने इस साल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। घर वालों के मुताबिक युवती किसी युवक से लंबे समय से बात करती थी। उससे रोज फोन पर बात करती थी। युवती के घरवालों ने उसे कई बार युवक से बात करने से मना किया था, लेकिन इसके बाद भी युवती नहीं मानी और लगातार युवक से फोन पर बात करती रही।

रात को भी युवती फोन पर युवक से बात कर रही थी। तभी इसकी जानकारी परिजनों को हो गई। उन्होंने इस बात को लेकर युवती को डांट दिया। इस बात से क्षुब्ध होकर युवती घर के एक कमरे में चली गई और फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उनके होश फाख्ता हो गए। कोतवाली हाथरस गेट पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

गौ रक्षण संवर्धन के लिए समाज को भी आगे आना होगा - विहिप

एटा। विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि देशी गोवंश रक्षण संवर्द्धन का कार्य विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग का है। जिसकी भगवान श्री कृष्ण जी ने भी सेवा की थी। लेकिन कलयुग में अपने स्वार्थ के लिए देशी गायो की नस्ल ही बदल दी तथा जर्सी गायों की संख्या बढ गई। अरविंद चौहान ने कहाँ कि गौ रक्षण संवर्धन के लिए समाज को भी आगे आना होगा क्योंकि हिन्दू समाज में गौ को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए इसकी रक्षा की जिम्मेदारी संपूर्ण हिन्दू समाज की है। सडकों पर घूम रहे गोवंशो में ज्यादातर जर्सी नस्ल के गोवंश घूम रहे हैं जो की दूध पीने के बाद छोड़ दिए गये है। जिसके कारण पूरे ब्रज प्रान्त में गोवंश सडकों पर ही दिखाई दे रहे है। अरविंद चौहान ने कहाँ कि विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के ब्रज प्रान्त के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग का मूल कार्य है देशी गायो का रक्षण संवर्धन का कार्य जिसको सभी लोग करे ताकि गौ माता की रक्षा हो सके।

दो शातिर साइबर अपराधी चढ़े एटा पुलिस के हत्थे

एटा । शुक्रवार को दो शातिर साइबर अपराधी चढ़े एटा पुलिस के हत्थे, भोले भाले लोगों के बैंक खाता खुलवा कर खातों की सप्लाई अन्य राज्यों में करते थे, 02 मोबाइल बरामद। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर अमित राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा 25 अप्रैल को मुअस-53/2024 धारा-420 भादवि व 66 आईटी एक्ट थाना मारहरा में वांछित चल रहे 02 अभियुक्ततों को समय करीब 18 .20 बजे कांसगज रोड जी0टी0 रोड बाईपास के फ्लाई ओवर के नीचे से अन्तर्गत चौकी लिप्टन थाना कोतवाली देहात एटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्राधिकारी अमित राय ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तगणों द्वारा भोले-भाले लोगों को प्रलोभन देकर बैकों में खाता खुलवाते हैं। भोले भाले लोगों से बैंक खातों की किट प्राप्त कर उपरोक्त बैंक खाता किटों को अन्तर्राज्यीय साइबर अपराधियों को खाता सप्लाई करते अभियुक्तगण अपने मंहगे शौक करने के शौकीन हैं तथा साइबर ठगी के लिए खाता सप्लाई करने के वाद अपने मंहगे शौक पूरे करते हैं।

अज्ञात कारणों से लगी आग, लगभग पांच बीघा जली गेहूं की फसल व भूसा

बाराबंकी। जनपद के सुबेहा थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर के किसान हरिहर शुक्ला, विनोद शुक्ला, राम सनेही व गुरुदीन आदि की लगभग पांच बीघा गेंहू की फसल व भूसा जल गया। सूचना पर पहुंचे, पुलिस कर्मी, दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने आग बुझाई।

नगर पंचायत सुबेहा मे दर्ज बंजर की जमीन से काटे गये प्रतिबंधित 6 पेड

बाराबंकी। जनपद केनगर पंचायत सुबेहा के अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने पुलिस का तहरीर देकर बताया कि गाटा संख्या 2393 सरकारी अभिलेखों मे बंजर के नाम दर्ज है जिस पर कल्याण मंडप का निर्माण होना प्रस्तावित है ।50 साल से अधिक 6 पुराने पेडो को अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर लकडी भी गायब कर दी गई है,पेडों की फोटो व वीडियो शासन को भी भेजी जा चुकी है ।लाखों रुपए की सरकारी/ सार्वजनिक सम्पत्ति का नुकसान हुआ है ।एस एच ओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज जांच की जा रही है।

राजकीय चिकित्सालय में डिजिटल एक्स रे की सुविधा जल्द ही: सीएमएस

अयोध्याधाम। राजकीय श्री राम चिकित्सालय में वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में अब शीघ्र ही डिजिटल एक्स-रे की सुविधा लोगों को मिलने लगेगी
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव का कहना है* कि अब तक डिजिटल एक्स-रे कराने लोगों को मजबूरन लंबी दूरी तय कर मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर जाना पड़ता था या फिर प्राइवेट की तरफ रुख करते थे लोग मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार वर्मा सीएमएस का कहना है कि एक्स-रे मशीन को राजकीय श्री राम चिकित्सालय में आए तकरीबन दो सप्ताह हो चुके हैं कुछ तकनीकी परेशानियों के कारण अभी तक डिजिटल एक्सरे मशीन को शुरू नहीं कराया जा सका था परंतु राजकीय चिकित्सालय परिसर में बने एक कक्ष में मशीन लगाने की पहल शुरू कर दी गई है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी एक सप्ताह में मशीन शुरू हो जाएगी। जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं वह तेजी से की जा रही हैं।

चंद्र ट्रेडर्स प्रतिष्ठान का शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

अयोध्याधाम । सुचित्तागंज बाजार कोला मोड़ पर स्थित चंद्रा ट्रेडर्स प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर बाबू गया प्रसाद सिंह व शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने फीता काटकर किया। उपरोक्त प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर व्यवसायी के के सिंह एवं संयोजक शिक्षामित्र संघ के मंडलीय उपाध्यक्ष राम तीरथ बानौधिया थे ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबू गया प्रसाद सिंह, के के सिंह , सहाबे आलम(माकू) , फरीद अहमद , पंकज पांडेय , विकास सिंह , शिक्षा मित्र संगठन पदाधिकारी आशुतोष प्रताप सिंह , रामकरन भारती , विनय चौहान , सहित बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुखों की हुई बैठक

अयोध्या। सेक्टर सुनबा में बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक संपन्न कराया। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तेज तिवारी ने कहा मतदाताओं को समूहों में अपने घरों से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया जा सके ताकि भाजपा के पक्ष में मतदान बढ़ाया जा सके ।मतदान के दिन पार्टी कार्यकर्ता बूथ पर नियमित अंतराल पर जांच भी करेंगे कि कितने मतदाता वोट डालने के लिए बचे हैं उसी आधार पर उनसे वोट देने का आग्रह किया जाएगा। पन्ना प्रमुख की यह जिम्मेदारी है कि वह संबंधित पन्ने के मतदाताओं से नियमित रूप से संपर्क एवं संवाद करें और उन्हें मतदान के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित करें ।बैठक में भाजपा नेता वेद प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह, पवन सिंह , राकेश तिवारी, राजेंद्र सिंह, दया शंकर चौरसिया, राजेश श्रीवास्तव, माता बदल पांडेय, अमर बहादुर सिंह, तुंग बहादुर सिंह, रमेश साहू एवं सभी पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों के ऊपर झूलती मौत, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

कई बार संबंधित अधिकारियों को कराया गया अवगत लेकिन नहीं हुआ निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। नौनिहालों की जिंदगी इतनी सस्ती हो सकती है इसका अंदाजा भी नही लगाया जा सकता है। तभी तो बिजली विभाग परिषदीय स्कूलों के परिसर से ऐसी खतरनाक जर्जर तारों को दौड़ाए हुए है जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। अब विभागीय उदासीनता कहें या कुछ और लेकिन एक बात तो साफ है कि कर्मचारी हो या अधिकारी कार्य के प्रति कितनी संजीदगी दिखाते है ये किसी से छुपा नही है। बार -बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने विद्यालय के ऊपर से जा रही तार को नही हटाया गया। अलीगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गढ़िया जगन्नाथ में पढ़ने वाले बच्चों की जिंदगी से कैसे खिलवाड़ किया जा रहा है ये तो विद्यालय परिसर से गुजरी हाईटेंशन लाइन बताने के लिये काफी है।परिसर में हिचकोले ले झूलती तार पता नही कब अनहोनी कर बैठे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। विद्यालय के शिक्षक ने इसकी जानकारी मौखिक व लिखित कई बार संबंधित विभाग को दी है। इसके बावजूद भी आज तक तार नही हटाया जा सका। वही आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई भी समस्या का हल नहीं निकला। वहीं आठ माह पहले अधीक्षण अभियंता मंडल अलीगढ़ ने शिकायत का निस्तारण किया जिसमें एस्टीमेट बनाकर अतिशीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजते समय दिल पर पत्थर रख लेते हैं। ग्राम गढ़िया जगन्नाथ के विपिन राठौर का कहना है कि विद्यालय में बच्चों को भेजने से डर लगता है कहीं झूलते तार में हमारा बच्चा हादसे का शिकार ना हो जाए। जबकि कई बार शिकायत की जा चुकी है कि इस समस्या का समाधान किया जाए लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन मिला है समस्या का समाधान नहीं किया गया है। प्रधान ग्राम पंचायत गढ़िया जगन्नाथ अखिलेश सिंह राठौड़ का कहना है कि बच्चों की जिंदगी इतनी सस्ती है कि शिक्षा ग्रहण करने जा रहे बच्चों के ऊपर मौत झूलती रहती है। विद्युत विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए वरना किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।प्राथमिक विद्यालय गढ़िया जगन्नाथ के प्रधानाचार्य राजीव रतन शाक्य ने बताया कि कई बार इस स्थिति से संबंधित अधिकारियों को लिखित व मौखिक के माध्यम से अवगत कराया गया है वही आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी अधिकारियों के संज्ञान में डाला गया लेकिन इस प्रकरण में अभी तक किसी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एसडीओ सोनू निगम का कहना है कि मेरे संज्ञान में अब आया है इससे पूर्व कोई भी मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्राथमिक शिक्षक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन

लोकमित्र ब्यूरो

हैदरगढ़ बाराबंकी। प्राथमिक शिक्षक संघ के नवागत ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में हैदरगढ़ की ब्लॉक ईकाई का गठन एवं सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान समारोह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या पूनम कनौजिया, वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष डा० देवेंद्र कुमार द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेदीगंज शिव सागर सिंह, ज़िला संगठन मंत्री राज कुमार यादव का पुष्पगुच्छ भेंटकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पूनम कनौजिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया, वरिष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष डा. देवेंद्रकुमार द्विवेदी, त्रिवेदीगंज ब्लॉक अध्यक्ष शिव सागर सिंह द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चौबीसी भारत लाल विश्वकर्मा एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज जारमऊ रजनी अग्रवाल व विगत वर्षों में सेवानिवृत हुए शिक्षक सिद्धनाथ त्रिपाठी, सुकई प्रसाद, सूर्यपाल, राम नेवाज पांडे का माल्यार्पण कर एवं प्रभु श्री राम का चित्र भेंट करके उनके दीर्घायु की कामना की गयी।

उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान करके एक टीम भावना के साथ शिक्षक हित में काम करने की बात कही। श्रवण कुमार शुक्ला को संगठन का संरक्षक मनोनीत करके कुलदीप मिश्रा को महामंत्री, अभिषेक श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, प्रेमचन्द्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवी शंकर पाण्डे को उपाध्यक्ष, सीतेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, अखिल बाजपेयी को संगठन मंत्री, सुजीत शर्मा को संगठन मंत्री, उदित गुप्ता को संगठन मंत्री, ओम प्रकाश को संगठन मंत्री, शाहरुख़ अली को प्रचारमंत्री, अमरेन्द्र शर्मा को उपाध्यक्ष, सुदेश मोहन श्याम को संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। इस मौक़े पर दीपक मिश्र, श्रद्धामणि, रजनीश शुक्ला, अभय सिंह, मोहित सिंह, ब्रजेन्द्र मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, आशा देवी, गुलसन ज़फ़र, राकेश सिंह, श्री कृष्ण मिश्र, बेनी प्रसाद, रुद्रकांत बाजपेयी, योगेन्द्र मिश्रा, हरीश चन्द्र, प्रतीक्षा गुप्ता, कविता साहू, प्रतीक्षा वर्मा, रूबी वर्मा , शीलम शर्मा, नीता जैन, यति मिश्रा, अनीता गुप्ता, एकता साहू, सत्या सिंह, प्रियंका यादव, दिव्या रावत, सीमा डाँग, विनीता विश्वकर्मा, राजेश कुमार, हरिश्चंद्र, हरदयाल आदि अन्य शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अनुचर से उपस्थित रहे।

एक दर्जन के करीब स्कूली बच्चों को लेकर जा रही मैजिक पलटी, फटा टायर

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। जहां एक तरफ शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद यातायात जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जाता है कि यातायात नियमों का पालन करें लेकिन ठीक इसके विपरीत यातायात नियमों का पालन करने की वजह चालक गाड़ियों को हवाई जहाज बना देते हैं जिस कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं ऐसा ही एक मामला थाना अलीगंज क्षेत्र में देखने को मिला जहां स्कूली बच्चों को लेकर जा रही मैजिक तेज रफ्तार के कारण टायर फटने से पलट गई जिससे स्कूली तीन बच्चे घायल हो गए जिसमें एक की हालत को नाजुक देखते हुए रेफर किया गया। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के तथागत जूनियर मॉडल स्कूल के 12-13 बच्चों को लेकर मैजिक वीरपुर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार होने के कारण टायर फटने से राई रोड स्थित रामसरन डिग्री कॉलेज के पास मैजिक पलट गई और मैजिक में सवार स्कूली बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इस घटना को देख तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को स्थानीय लोगों की मदद से प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने उपचार हेतु नजदीकी क्लिनिक लेकर आए। जिसमें 7 वर्षीय छात्र निशांत पुत्र पवन निवासी वीरपुर के हाथ में फैक्चर तथा सिर में चोटे आई है जिसको ईलाज के लिए फर्रुखाबाद रेफर किया गया है। अन्य बच्चों को मामूली चोटे आई जिनको स्कूल प्रशासन द्वारा फर्स्ट ट्रीट के बाद अवकाश दे दिया गया। वही एबीएसए जैथरा नेत्रपाल सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया और बच्चों के हाल-चाल को जाना गया।

पूर्व मंत्री ने किया साकेतनगर वार्ड व महात्मा गांधी वार्ड में जनसंपर्क

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्याधाम। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में महानगर कमेटी अयोध्या ने साकेतनगर वार्ड और महात्मा गांधी वार्ड में में जनसंपर्क कर गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए जनता से वोट की अपील की, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि एक तरफ वो लोग हैं जो देश में नफरत पैदा करना चाहते हैं एक तरफ इण्डिया गठबंधन है जो देश में प्यार मोहब्बत और भाईचारा रखना चाहता है, आज संविधान को खत्म करने की एक बड़ी साजिश भाजपा कर रही है जिसको जनता समझ चुकी है, इस लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जनता जिताकर सांसद बनाने का काम करेगी।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट के अनुसार इस मौके पर अमित प्रसाद,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, मंसूर प्रधान, आकीब खान,महानगर सचिव वीरेंद्र गौतम,सूर्यभान यादव,पार्षद रामभुवन यादव, जगत नारायण यादव, अर्जुन यादव सोमू, राम अजोर यादव, अम्बेडकर वाहिनी महानगर अध्यक्ष शिव शंकर शिवा, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, जे पी यादव, संजीत सिंह, अमन सागर, बृजलाल पासी, इश्तियाक खान , सुरेन्द्र यादव, इत्यादि लोग मौजूद थे।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

साहिबाबाद। कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मतदान करने वाले मतदाता को निशुल्क अफोर्ड प्लान हेल्थ कार्ड देगा। अस्पताल के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने बताया कि शहर में 26 अप्रैल को लोकसभा सीट पर मतदान है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जनता अपने-अपने तरीके से प्रयास कर रही है। यह चुनाव हमारे देश की दशा और दिशा बदलने वाला है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता वोट डालने के बाद नीली स्याही दिखाएगा उसे निशुल्क अफोर्डप्लान हेल्थ कार्ड दिया जाएगा। इस हेल्थ कार्ड पर लोगों को ईलाज में 10 से 30 फीसदी तक की छूट दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।टीएचए में पहली बार मतदान फीसदी बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से सोसायटी में मतदान बूथ बनाया गया है। आरडब्ल्यूए की ओर से मतदान फीसदी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बूथ को पुरस्कृत किया जाएगा।

लोकतंत्र के महापर्व में गाजियाबाद के मतदाताओं में दिखा अपार उत्साह, बूथों पर लंबी कतार

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो गया। उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर वोटिंग हो रही है। जिसमें गाजियाबाद सीट भी शामिल हैं। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा से अतुल गर्ग मैदान में हैं। वहीं, कांग्रेस ने डॉली शर्मा और बीएसपी ने नंदकिशोर पुंडीर को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों तथा निर्दलीय उम्मीदवार को मिलाकर कुल 14 उम्मीदवार इस बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

गाजियाबाद में वोटिंग के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। बूथों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। लोग सुबह सात बजे से ही लोग वोटिंग के लिए अपने घरों से निकले। गाजियाबाद के लोनी के प्राथमिक विद्यालय मेन बाजार में वोट डालने के लिए मतदाताओं की कतार लगी रही । वोट डालने के लिए लोग लाइन में खड़े रहे।

इंदिरापुरम स्थित ऑरेंज काउंटी सोसाइटी में मतदान करने के लिए मतदाता लाइन में लगे हैं। इंदिरापुरम स्थित ऑरेंज काउंटी सोसाइटी में मतदाताओं ने मतदान के बाद सेल्फी भी ली। अर्थला की संजय कॉलोनी में रहने वाले मतदाताओं ने कैलाशवती स्कूल में मतदान किया। लोनी के मतदान केंद्र पर बुजुर्ग मतदाता नजरा (100) वोट डालने के लिए पहुंची। वहीं, गाजियाबाद के अर्थला के कैलाशवती स्कूल में मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। अर्थला में रहने वाले 103 साल के बदन सिंह मलिक ने कैलाशवती स्कूल पर मतदान किया। गाजियाबाद के लोनी के बलराम नगर कॉलोनी में रहने वाली गुरुदेवी 85 ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल स्थित बूथ पर मतदान किया। वहीं, डासना, मोदीनगर मुरादनगर तथा लोनी में भी मतदाताओं में लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए खासा उत्साह देखने को मिला।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया मताधिकार का प्रयोग , कहा यूपी में 80 में 80 सीट पर खिलेगा कमल

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दूसरे चरण के मतदान में गाजियाबाद सीट पर वोट डाला। वह मुरादनगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भागीरथ पब्लिक स्कूल के पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए पहुंचे थे। उनका परिवार भी इस दौरान वोट देने के उनकी पत्नी देवेंदरी कश्यप पुत्र सागर कश्यप और सिद्धार्थ कश्यप ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दूसरे चरण में जिस प्रकार से जनता का रुझान आ रहा है उससे साफ नजर आ रहा है कि उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीट पर भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी और कमल खिलेगा।

लोकतंत्र हो रहा है मजबूत : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। जिस तरीके से भीषण गर्मी के बावजूद भी लोग घरों से निकाल के मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं यह हमारे लोकतंत्र और संविधान के प्रति आस्था को दर्शाता है इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद के लोगों से अपील की है कि वह घरों से निकलकर मताधिकार का प्रयोग करें।

ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है पलिया लोहानी की लाइब्रेरी

मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी में स्थापित पुस्तकालय में अध्ययन कर छात्र राजकुमार पाल और शिवकुमार मौर्य का अग्निवीर की परीक्षा में चयन हुआ है। अग्निवीर परीक्षा में चयनित होने पर ग्राम प्रधान की अगुवाई में ग्रामीणों और पुस्तकालय के अन्य छात्रों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह द्वारा चयनित युवकों का लड्डू खिलाकर व राम पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने बतायाकि ग्राम पंचायत पलिया लोहानी में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पुस्तकालय की स्थापना की गई थी। जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्ययनरत आधा दर्जन छात्रों ने सफलता अर्जित की है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के नौजवानों के लिए पुस्तकालय उपयोगी साबित हुआ है।

गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश मूर्ति यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

बीकापुर- अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र बैती कला गांव में चार दिवसीय श्री मां काली जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को धार्मिक माहौल में गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश मूर्ति यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक गानों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। काली माता की जयकारों से क्षेत्र गूजता रहा। अयोध्या और क्षेत्र से आए पुरोहितों द्वारा वैदिक कर्मकांड और मंत्र उच्चारण के साथ काली जी के मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व काली जी के मंदिर से शुरू हुई कलश मूर्ति यात्रा कई घंटे तक क्षेत्र में स्थापित सभी मंदिरों से होकर गुजरी। प्राण प्रतिष्ठा होने वाली काली जी की मूर्ति का पूरे ग्राम पंचायत और सभी मंदिरों में भ्रमण मूर्ति यात्रा कराई गई। इस मौके पर मूर्ति कलश यात्रा में जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह, राम आधार सिंह, आनंद सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, अजय सिंह, विनय, शिवम, सत्यम, आदित्य, दुर्गेश एवं राजवीर सिंह, कथा व्यास पंडित कुलदीप शास्त्री अयोध्या धाम, पंडित अभिषेक तिवारी, पंडित कुलदीप पांडे, पंडित पवन तिवारी, सहित तमाम महिला पुरुष ग्रामीण श्रद्धालु उमस और गर्मी के बावजूद भी कलश यात्रा में मौजूद रहे। आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा होने के पूर्व पहले दिन शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई और मूर्ति भ्रमण कराया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी मंदिरों में कलश यात्रा के साथ मूर्ति यात्रा का कार्यक्रम किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरे दिन शनिवार को देव पूजन, रविवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होगा। आखिरी दिन सोमवार को भव्य देवी जागरण पूर्णआहुति एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा शाम को कथा व्यास द्वारा देवी भागवत की कथा भी सुनाई जाएगी।

अस्पताल से दवा करा कर घर लौट रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। पति के साथ दवा करा कर घर लौट रही महिला को नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल महिला को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज भिजवाया। जहां पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 अकमा निवासिनी एकता पाण्डेय (54) पत्नी राम केवल पाण्डेय अपने पति के साथ इलाज कराने सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज गई हुई थी। वह दावा करने के बाद घर वापस लौट रही थी।

भाजपा का घोषणा पत्र किसी जुमले से कम नहीं है-आनंद भदौरिया

लोकमित्र ब्यूरो

हरगांव (सीतापुर)। धौरहरा संसदीय सीट पर इस बार विजय पाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के प्रत्याशी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता लगातार जन संपर्क कर लोगों को सपा की नीतियों और भावी योजनाओं से अवगत करा रहे हैं। सपा प्रत्याशी भी लगातार नुक्कड़ नाटक एवं जन संपर्क कर पार्टी की रीति और नीति से लोगों को अवगत कराते हुए अपनी बात कह रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के रीछिन, भदेंवा, मल्लापुर, जोशीटोला, मुद्रासन, कोरैया, अटरा, सुल्तानपुर, बिलरिया, बिजैसेपुर आदि गांवों में सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र को जुमला पत्र बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में दो करोड़ नौकरियां लोगों को नौकरी देने का वादा किया था। इसके साथ ही भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने, विदेशों से काला धन लाकर जनता के खातों में 15-15 लाख डालने और महंगाई को खत्म करने की घोषणाएं की थी जिसमें से एक भी वादा भाजपा ने पूरा नहीं किया। जिससे लोगों को बड़ा निराश किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों के खातों में लाखों रुपये डालने का दावा किया उसकी मोदी सरकार ने नोटबंदी के नाम पर महिलाओं के पास जमा बचत की धनराशि भी हड़प ली। मोदी की गारंटी केवल दबाव की राजनीति से भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल करने तक सीमित है।

विधायक अनिल वर्मा ने भी केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा, भाजपा के शासनकाल में बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हजारों-करोड़ों रुपये के कर्ज माफ हो रहे, जबकि किसानों के 10 हजार रुपये तक के भी कर्ज माफ नहीं किए जा रहे हैं। इससे किसान आत्महत्या कर रहा है। भाजपा जनता को केवल बहकाने का काम कर रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जीएसटी से व्यापारी परेशान है। सरकार जीएसटी के नाम पर छोटे व्यापारियों को लूट रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में देश का युवा बेरोजगार है। यही नहीं प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की थी। इससे फायदा केवल भाजपा को हुआ।

जन सभाओं में विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खां, विजय वर्मा, नफीस खां, कपिल मिश्रा, नजीर अहमद, राजवीर सिंह, संजीव गुप्ता, सौरभ सिंह, वारिस मंसूरी, दानिश नकवी, लतीफ कुरैशी, अंकुर जोशी, निरंकार जोशी, अमृत यादव, केके जोशी, रिजवान खान, सुरेश यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

फाइल फोटो

मछरेहटा,सीतापुर। नैमिष से खैराबाद मार्ग पर चुरई पुत्र। 65 निवासी ग्राम कटरा सड़क के किनारे अपनी बकरियों चल रहा था अचानक मछरेहटा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने चुरई को टक्कर मार दी जिन्हें ग्रामीणों की मदद से तत्काल सीएससी मछरेहटा में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने हालात को नाजुक देखते हुए तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल सीतापुर के लिए रेफर कर दिया जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी बुजुर्ग की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जहां रास्ते में ले जाते समय बुजुर्ग की मौत हो गई

मोदी देश की महिलाओं को और एक बहुसंख्यक समुदाय को गुमराह कर रहे हैं- रेशमा खान

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला सभा की प्रदेश सचिव रेशमा खान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उसे बयान पर कड़ी निंद्रा जताया अभी एक जनसभा के दौरान नरेंद्र मोदी ने एक बयान दिया था कांग्रेस के लोगों की अगर सरकार बनी तो वह आपके घरों को और आपके जेवरों को एक खास समुदाय को दे देंगे यह बयान देश की एकता धर्मनिरपेक्षता को बांटने वाला है ऐसे बयान जब कोई प्रधानमंत्री देता है तो देश की एकता अखंडता को खतरा पैदा हो जाता है उन्होंने चुनाव आयोग से त्वरित संज्ञान लेकर इस तरह की स्पीच को दोबारा कोई नेता ना दे पाए इसके लिए एक कड़ा प्रावधान बनाकर कार्रवाई करनी चाहिए

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग इस बार अभी से बौखला गए उनकी हताशा और निराशा उनके इस तरह के बयानों से साफ नजर आ रही है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहीं-कहीं अपनी मीटिंगों में धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भाषण दिया करते हैं हम चुनाव आयोग से धार्मिक और भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हैंउन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन का बोलबाला है कांग्रेस

नेता पी सी सी सदस्य ने भी उत्तर प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री की भाषा भी एक कमज़ोर अल्पसंख्यक समाज को दबाने वाली है, वो चुनाव मे अल्पसंख्यक समाज को डरा धमका कर चुनाव जितना चाहते है

हालांकि गठबंधन का चुनाव मज़बूत चुनाव है बहुत शांति के साथ लोकसभा सीतापुर, मिश्रिख, धौरहरा, बाराबंकी की सीट बड़े अंतर से जीत रही है महिला सभा की नेता रेहाना खातून, कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी उषा वर्मा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सम्मान पूर्वक जानकारी लेना चाहती हूं की सबसे पहले मोदी की गारंटी को समझाते हुए उन्होंने जो मंगलसूत्र अपने धर्मपत्नी यशोदा बहन को पहनाया था क्या वह मंगलसूत्र बिक गया या अभी उनके गले में पड़ा है क्योंकि 2014 में जब वह प्रधानमंत्री बने उसे 30 साल पहले उनकी शादी हो गई थी और प्रधानमंत्री का 30 साल कांग्रेस शासनकाल में संपन्न हुआ जिसमें क्या गहने बिक गए या रह गए आगे कहा अगर अल्पसंख्यक समुदाय से उन्हें खतरा है तो वह यह बताने का कष्ट करें कि उन्हें के मंत्री दानिश आजाद बुक्कल नवाब मोहसिन राजा आरिफ मोहम्मद खान शहजाद पुणे वाला ने कितने नुकसान पहुंचा जो कि इस समुदाय से हैं जिससे उनको नुकसान लगता है चुनाव आयोग से निष्पक्ष मतदान कराने और प्रधानमंत्री के भाषण की कडी निंदा कर चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को कहा है

ग्राम पंचायत बिनौरा में जमकर किया गया घोटाला जांच में हुई पुष्टि

मिश्रिख,सीतापुर। विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बनौरा में बीते वर्षों में निवर्तमान महिला प्रधान द्वारा किए गए शौंचालय आवास व आवास घोटाले को लेकर गांव के ही निवासी जाबिर अली पुत्र शमशेर अली ने उच्च न्यायालय में उनके विरुद्ध एक याचिका याचिका दायर की थी । मांमले की जांच कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को नामित किया गया था । परंतु वह बीते एक वर्ष से जांच को टाल रहे थे । लेकिन काफी समय से जांच रिपोर्ट न पहुंचने पर उच्च न्यायालय ने उन्हें फिर से एक सप्ताह में मांमले की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया था । उसी के क्रम में आज जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी अमित साहू के साथ अपनी टीम को लेकर ग्राम पंतायत बिनौरा पहुंच कर शौंचालय घोटाले की जांच की । जिसमें 11 शौंचालय लाभार्थी

कई वर्ष पहले मृतक हो चुके है । उनके नाम पर शौचालय की धनराशि आहरित करने की पुष्टि मौके पर हुई है । और मौके पर किसी भी ब्यक्ति का शौंचालय निर्मित नही पाया गया है । वहीं गांव के तीन जीवित लोगों के शौंचालयों की धनराशि आहरित की गई है । परन्तु मौके पर कोई शौंचालय निर्मित नही पाया गया है । इन तीनों लाभार्थियों ने उच्च न्यायालय में हलफनामा देकर जांच कराने की मांग की थी । आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा टीम के साथ गांव में पहुंचकर सभी बिंदुओं की जांच की गई । जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं की बात सत्य पाई गई । जिस पर पूर्व प्रधान पति ने कहा कि इनको शौंचालय की आवश्यकता नहीं थी ।इस लिए इनका पैसा वापस कर दिया गया है । परन्तु जांच अधिकारी ने मौके पर बैंक का एस्टीमेट मांगा वह नहीं दे सके । इस लिए जांच अधिकारी ने उन्हें एक सप्ताह में वापस की गई धनराशि का बैंक एस्टीमेट उपलब्ध कराने की बात कही हैं ।

मनोहारी फैंसी ड्रेस,भावनृत्य व ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। मां संकटा देवी मंदिर के सांस्कृतिक मंच पर हजारों दर्शकों की मौजूदगी में अत्यन्त मनोहारी फैंसी ड्रेस, भावनृत्य व ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं के साथ सैकडों से ऊपर बाल कलाकारों, दुकानदारों, मेले की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग करने वालों को मंदिर समिति की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मां संकटा देवी मंदिर के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्ज्वलन, मां संकटा के चित्र पर माल्यार्पण और अतिथियों के स्वागत सम्मान के साथ शुरू हुए पुरस्कार वितरण में भावनृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में स्थान पाने वाली सिद्धि गुप्ता, नविका मिश्रा, इशिका वर्मा, अधिरा चित्रांश, अभिनव अवस्थी, रोली गुप्ता व अतिशयनी बंशवार को सीनियर वर्ग में काव्या

पोरवाल, शगुन रावत, तृषा पटेल, अर्पित वर्मा व लवी सिंह को, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली महिमा बाल्मीकी, महक बाल्मीकी, रविशेखर, अभिनव वर्मा, मौलिक दीक्षित, मान्या पाडेंय, आराध्या सिंह, रित्विक नाग, अभय वर्मा, अंशिका वर्मा, अनन्या वर्मा, कंचन कश्यप, ग्रुप डांस में आराध्या गुप्ता, सृष्टि वर्मा, आन्या अवस्थी, आरुषि यादव, पीहू, अविनाश, काव्या, आनंद, शांभवी, तेजस, शिवन्या पांडेय, सुब्रमण्यम, आकृति वर्मा, देवांश दीक्षित, नैहति चित्रांश, अनुरागिनी, जान्हवी, आकृति, काव्या निगम, परिधि गुप्ता, शगुन बैसवार, आराध्या गुप्ता, आस्था वर्मा, दृष्टि वर्मा, अक्षिता, परी, महिमा, दिव्या, अनुकृति बंशवार, वर्तिका गुप्ता, यशी सोनी सहित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले 150 बच्चों व निर्णायक मंडल की जया जैन, चांदनी गुप्ता व अर्पित शुक्ल, नीलकंठ रामलीला अभिनय समिति भिटौरा के संचालक रमेश विश्वकर्मा, मेले में सजी दुकानों के प्रथम, द्वितीय विजेता दुकानदारों, धाम की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग देने वालों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मंदिर समिति की संरक्षक डॉ. एमणि मिश्रा, अध्यक्ष आरके वाजपेयी, त्रिलोकीनाथ मौर्य, शिवदास पुरवार, राजेन्द्र वर्मा 'मुंशी', ज्ञानेश मिश्र, बच्चा सिंह, उमेश वर्मा ने सभी को पुरस्कार वितरित किये।

मस्तान शाह बाबा का सालाना उर्स आज

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। हजरत मस्तान शाह बाबा का सालाना उर्स शनिवार को पूर्व की भांति पूरी अकीदत से मनाया जाएगा। फूलपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर मैलहन रोड पर कुतुबपुर जलालुद्दीनपुर ग्राम सभा में लबे रोड अर्सा पैंतीस वर्षों से मनाया जाता है। जिसमें मस्तान शाह बाबा की मजार पर सुबह से ही अकीदत मन्द सिन्नी व चादर पोशी करते हैं।

रात में मेला व मैदान में जवाबी कौवाली का शानदार मुकाबला राशिद फैजाबादी तथा कौवाल नगमा वारसी बनारस के मध्य होगा। उक्त सूचना संयोजक उर्स राजू दरगाही ने दी।

गांव का युवक सोलह वर्षीय बालिका को लेकर फरार

मिश्रिख,सीतापुर। कोतवाली मिश्रिख के ग्राम सहंसापुर निवासी ठाकुर प्रसाद पुत्र भोलानाथ ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है । कि दिनांक 18 अप्रैल को उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपनी 8 वर्षीय बहन को साथ में लेकर गांव की दुकान पर चावल बेंचने गई थी । वह चावल बेंचकर अपने घर आ रही थी । तभी रास्ते में गांव के ही निवासी संदीप मौर्य अपने सहयोगी रंजीत शर्मा व दीपक मौर्य के साथ उसको रोक लिया । और बहला फुसला कर कहीं भाग ले गए है । पीड़ित ने मांमले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है । प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र श्रीवास्तव से दो बार फोन करके बात करने का प्रयास किया गया ।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोली में अभिनंदन समारोह संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

महोली,सीतापुर। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोली में बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमाकांत शुक्ल व कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्रीश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलन कर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए बच्चों से कहा कि यह समय उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अच्छे लोगों का साथ करें।अराजक तत्वों से दूर रहे।अपने माता पिता और गुरुजनों का हमेशा आदर करें।कानून के पालन का स्वभाव बनाएँ।अच्छी शिक्षा प्राप्त करके

श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश तथा समाज की सेवा करें।कार्यक्रमाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।परिश्रम से असम्भव को भी सम्भव किया जा सकता है।जिन छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आज पुरस्कार अर्जित किए हैं मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देते हुए सभी छात्रों से कहना चाहूँगा कि वे इनसे प्रेरणा लेकर आगामी परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करें।हाईस्कूल के टापर आस्था वर्मा-561अंक, आयुष कुमार-549, सूर्यांश मिश्र-548, अभय दीक्षित-541, करन पटेल-541, आयुष वर्मा-535 इसी प्रकार इण्टर के यश दीक्षित 462, दिपाली कश्यप 460, प्रिया त्रिपाठी 452, अंकुश अवस्थी-451, रितिका अवस्थी-443 अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने तिलक वन्दन माल्यार्पण कर व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी ने अतिथि परिचय व कार्यक्रम की भूमिका रखते बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाफल बहुत ही उत्कृष्ट रहा।हाईस्कूल व इण्टर में सभी परीक्षार्थी श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे।शत प्रतिशत परीक्षाफल विद्यालय की परम्परा भी रही है।इसके लिए छात्रों की मेहनत, आचार्यों का सही मार्गदर्शन व अभिभावकों का अपेक्षित सहयोग मिला।सभी को बधाई है।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डा. चन्द्र शेखर गुप्ता, प्रबन्धक डा.रूप चन्द्र वर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष बसन्त लाल त्रिवेदी तथा अभिभावक, अध्यापक, छात्र-छात्राएँ व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

जनता ने भरी हुंकार अबकी बार चार सौ पार

सिधौली,सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी से सांसद प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर का दौरा बड़े ही तेजी से की जा रहा है।विधानसभा सिधौली के बांसखेड़ा के छोटी पुरवा एवम् नारायणपुर के उमरा में क्षेत्रीय लोगों ने सांसद कौशल किशोर का भरपूर समर्थन किया । केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर क्षेत्र के कई शुभ कार्यक्रमों में पहुंचे थे जहां पर क्षेत्र के कई अंबेडकर वादियों ने सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर का भरपूर समर्थन देते हुए कहा है कि हम सभी अंबेडकरवादी आपके साथ हैं कौशल किशोर ने विपक्ष पर सीधा निशाना साधते हुए कहां है कि विपक्ष के लोगों के पास कोई भी मुद्दा नहीं बचा है केंद्र में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी के सरकार से विपक्ष वरगला चुका है इसलिए वह बार-बार

देश के प्रधानमंत्री मोदी हटाओ का नारा लगा रहे हैं कौशल किशोर ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दिए गए विभिन्न लाभकारी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी है वहीं क्षेत्र की जनता ने भी अपना भरपूर समर्थन दिखाया है इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर विधानसभा संयोजक ललित मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रामनिवास विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अटरिया कौशलेश भारती मंडल महामंत्री चंद्र प्रकाश सिंह सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन , अतुल तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, आलोक त्रिपाठी जितेंद्र शुक्ला नवनीत पांडे जयपाल शर्मा रमेश गौतम बुद्ध गौतम अशोक गौतम दिलीप रावत भनते राम के साथ क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

रहिमाबाद के ग्राम प्रधान हर्षित कुमार ने ग्रामीणो को गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

मिश्रिख,सीतापुर। विकासखंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत रहिमाबाद के ग्राम प्रधान हर्षित कुमार के नेतृत्व में आज रंजीत रावत , आकाश सावंत , विमलेश गौतम , प्रेम कुमार आदि ने दर्जनों गांवो का भ्रमण कर भारतीय जनता पार्टी व्दारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी । इस मौके पर उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के बहुत कुछ कार्य किया है । अभी बहुत कुछ करना शेष रह गया है । भाजपा ने गरीबों को निः शुल्क राशन , निः शुल्क उज्वला गैस सिलेन्डर , किसानों को किसान सम्मान निधि सहित देश के लोगों को बहुत सी आवस्यक्ताऐ पूरी की है । उत्तर प्रदेश में जहां महिला घर से बाहर जाने से डरती थी । आज

उन महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस यमराज बन कर खड़ी है । अगर किसी महिला को गुंडे ने इस चौराहे पर छेड़ दिया तो अगले चौराहे पर वह यमराज के पास सीधे पहुंच जाता है । उन्होने सभी महिला , पुरुष मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अबकी बार भाजपा सरकार चार सौ पार होनी चाहिए । प्रत्येक ब्यक्ति का वोट भाजपा के नाम होना चाहिए । आपके वोट से ही नए भारत का निर्माण हो सकता है । आने वाली दिनांक 13 मई को आप लोग पहले मतदान करें । फिर जलपान करें ।

बिना परमिशन खुलेआम किया जा रहा खनन माफिया के हौसले बुलंद

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद-सीतापुर। तहसील महमूदाबाद की ग्राम पंचायत रुदाइन में बिना परमिशन तालाब से मिट्टी खोदकर टंकी के निर्माण कार्य मे लगाई जा रही है। तालाब की मिट्टी को जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली की मदद से खुदवाया जा रहा है। इस संबंध में जब असिस्टेंट इंजीनियर नागेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मिट्टी का परमिशन है, और तालाब से मिट्टी खोद सकते हैं, लेखपाल द्वारा माप भी की गई है। लेखपाल का नाम आने पर जब क्षेत्रीय लेखपाल शिवकुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे पास इसकी कोई परमिशन नहीं है, वह मिट्टी जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पानी की

टंकी में डालने के लिए खुदवाई जा रही है, पुनः असिस्टेंट इंजीनियर से बात की गई तो उन्होंने बताया मैं परमिशन भेजता हूं लेकिन दूसरे दिन तक वे परमिशन भेज नही पाए है, इससे साफ साफ स्पष्ट होता है कि मिट्टी की खुदाई में कहीं न कहीं अवैध कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में जब रामपुर मथुरा एडीओ पंचायत से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में उनको कोई जानकारी ही नहीं है, उन्होंने बताया कि अगर ग्राम सभा से सम्बंधित कोई काम होता है तो मुझे जानकारी होती है, लेकिन पानी की टंकी का काम है तो इसमें मुझे कोई जानकारी नहीं है।तालाब से बिना परमिशन मिट्टी की जेसीबी से खुदाई करना नियम विरुद्ध तो है ही, साथ ही साथ खुलेआम किये जा रहे खनन से यह भी प्रतीत होता है कि खनन करवाने वाले के योगी सरकार में भी हौसले बुलंद है।

दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

बिसवा,सीतापुर। बिसवां कोतवाली इलाके के ग्राम सरैया माफी के पास स्थित कबाड़ मंडी में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग में लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया। देखते देखते

ही आग ने भयानक रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए सीतापुर महमूदाबाद और बिसवां की दमकल टीम और स्थानीय लोगो ने मिलकर आग पर काबू पाया।बिसवां कोतवाली अंतर्गत ग्राम सरैया स्थिति कबाड़ मंडी में करीब 40 से 50 दुकानें है जिनमे एक दुकान लहरपुर के मोहल्ला बहलोल पुर निवासी तारिक पुत्र तौकीर खान के दुकान और गोदाम मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी धीरे धीरे आग ने विकराल रूप लेकर धू धू कर जलने लगी। जिसमे लगभग करीब 50 चौपहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गए। लाखों रुपये के माल के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर दमकल की टीम पहुंची । स्थानीय दुकानदारों ग्रामीणों और दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू । घटना की जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुच गए थे।

लोक निर्माण मंत्री को भेजा गया शिकायत पत्र

खैराबाद,सीतापुर। जहां एक ओर भाजपा सरकार सबका साथ और सबका विकास एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन का झंडा बुलंद कर रही है वहीं दूसरी ओर सरकारी अधिकारी और ठेकेदार शासन की नीतियों पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। ताजा मामला नगर पालिका खैराबाद अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती में लोक निर्माण विभाग से बन रही बड़े मखदूम साहब की मजार से लेकर राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या चौबीस को जोड़ने वाली सड़क से संबंधित है। अभी उगली पर ही गिनने भर के दिन बीते है और यह सड़क उधड़ने लगी है ।सड़क निर्माण के समय ही निर्माण में हो रही घोर अनियमितता को देखकर पनवाडिया वार्ड के सभासद उमेश जायसवाल सहित आधा दर्जन लोगों के द्वारा अवर अभियंता से शिकायत



भी की गई जिस पर उन्होंने तत्समय यह कहकर कोई सुधार न करने को कहा था कि इस सरकार में कोई डाल में नमक नहीं खाता बल्कि हम लोगो को मोटी रकम देनी पड़ती है। महत्वपूर्ण तो यह है कि इस बात को भी मीडिया के माध्यम से उठाने के बावजूद भी संबंधित पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मोहल्ले के लोगो ने जैसा सोचा था वैसा ही निकला । जब चंद दिन में सड़क का यह हाल है तो माह व वर्ष बीतने पर क्या होगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन ठेकेदार व अवर अभियंता के हाथ बहुत लंबे है ,यह हर कोई समझ रहा है।इस सम्बंध में मोहल्ले के सभासद उमेश जायसवाल,राजेंद्र सिंह,रघुनंदन,संजय ,विशाल अमित,राम पाल शाक्य ,बनवारी,महेश आदि लोगो ने पुनः लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद से शिकायत कर अविलंब मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

पंचायतीराज सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत पेंशन लाभार्थियों का सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

पहला,सीतापुर। विकास खण्ड पहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठठेरिया में सोशल ऑडिट कार्यशाला का पेस संस्था एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसमें पेंशन योजना के लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें ग्राम प्रधान शोभा देवी उपस्थित रही प्रधान ने सभी का स्वागत परिचय करके कार्यशाला का प्रारंभ किया। उसके बाद परियोजना कार्यकर्ता राजाराम ने सभी को संस्था व परियोजना के बारे में जानकारी और सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया।एवं विधवा,

वृद्धा व दिव्यांग पेंशन लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई जिसमें उपस्थित सदस्यों ने मृतक लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी।आज की कार्यशाला में नौ पात्र लोगो को पेंशन योजना से जोड़ने हेतु दस्तावेज़ तैयार करने व आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत की पेंशन सूची पढ़कर उसका ऑडिट किया गया जिसमे गांव के लोगो को पेंशन पा रहे लाभार्थियों के बारे में बताया गया। जिन्हे पेंशन का लाभ मिल रहा है। आज की कार्यशाला प्रधान जवाहर लाल, प्रति निधि नरपतसिंह नागरिक नेता रजनीश कुमार, रोहिणी, सुनीता रामसागर ,पंचायत सहायक नीलम जी व अन्य लोग उपस्थित रहे। शैलजाकांत , अकांक्षा का विशेष योगदान रहा।

होनहारो ने मारी बाज़ी किया जनपद का नाम रौशन

महमूदाबाद,सीतापुर। जेईई मेंस की परीक्षा में भी महमूदाबाद के होनहारों ने बाजी मारी है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के नौ विद्यार्थियों ने परीक्षा पास कर जिले में नाम रोशन किया है।सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने बताया कि कॉलेज की अंशिका गुप्ता, राज वर्मा,

अभय प्रताप, अविनाश वर्मा, सौरभ वर्मा, आर्यन वर्मा, अभय वर्मा, आयुष वर्मा, आस्था रावत ने जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, आरजे वर्मा, प्रतिभा सिंह, राकेश शुक्ल, ओपी विश्वकर्मा, एसआर वर्मा ने बधाई दी है।